■ वर्ष-22 ■ अंक-234
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ गुरुवार ■ 27 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत्-2081

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक
# समय जगत



भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र

ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in


# आगामी 4 वर्ष में नए मुकाम पर पहुंचेगा सहकारिता आंदोलन



## मुख्यमंत्री ने कहा- दूध पर बोनस देने के साथ ही अन्य क्षेत्रों की सहकारी संस्थाओं के सदस्यों को करेंगे लाभान्वित

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार सर्वजनकल्याण के संकल्पों के साथ कार्य कर रही है। वर्तमान में पंचायत से लेकर मंत्रालय तक पारदर्शितापूर्ण कार्य शैली के कारण अन्य क्षेत्रों के साथ सहकारी क्षेत्र में समृद्ध हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने सहकारिता का लाभ पहुंचाने के लिये बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय के भाव के अनुसार कार्य करने के लिए मार्गदर्शन दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता के क्षेत्र में निश्चित ही नए दौर की नई कहानी लिखेगा। गुजरात में दूध पर बोनस की जिस तरह व्यवस्था है, मध्यप्रदेश भी इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश में मत्स्य पालन के लिए काफी बड़ा क्षेत्र है और हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भी उद्योग क्षेत्र के साथ सहकारिता ने कार्य करने की पहल की है। मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन को गति दी जा रही है। अब सहकारिता क्षेत्र में व्यवस्थाएं काफी पारदर्शी हैं और मध्यप्रदेश में सहकारिता के विभिन्न आयामों पर कार्य किया जाएगा। आने वाले चार वर्ष में सहकारिता आंदोलन को नए मुकाम पर पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को समन्वय भवन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में पधारे प्रदेश भर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने सहकारिता विभाग में नवनियुक्त सहकारी निरीक्षकों के नियुक्ति पत्र भी सौंपे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता विभाग के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में सहकारिता का इतिहास पुराना है। भारत में वर्षों पूर्व अश्वमेघ यज्ञ की परंपरा रही थी। लेकिन भारत ने किसी राष्ट्र पर कब्जा नहीं किया। छोटे-छोटे राज्यों की स्वायत्तता को खत्म नहीं होने दिया बल्कि उन्हें साथ लेकर कार्य किया और उनके स्वावलंबन को भी जीवंत रखा। सच्चे अर्थों में संयुक्त राष्ट्र संघ की भावना का पालन करने वाला कोई राष्ट्र है तो वह भारत है। जब यह कहा जाता है सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः तो इसका अर्थ है सभी को परस्पर जोड़ना और अपने लाभ में उन्हें सहभागी बनाना। यह वसुधैव कुटुम्बकम जैसे वेद वाक्य का लघु रूप है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सहकारिता के मूल भाव के अनुरूप बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की कल्पना की। इसे साकार करने के लिए सहकारिता का दायित्व केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह को दिया गया। केंद्र सरकार ने सहकारिता में सभी के कल्याण का ध्यान रखा है। मध्यप्रदेश में भी इसी तर्ज पर कार्य हो रहा है।

### रजिस्ट्रेशन का कार्य 30 दिन में होगा संभव

सहकारिता अधिनियम में परिवर्तन के फलस्वरूप सोसायटी के रजिस्ट्रेशन का कार्य 30 दिन में संभव होगा। पूर्व में यह अवधि 90 दिवस थी। पूर्व की व्यवस्था में अनेक कठिनाईयों को सामना करना होता था। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र में प्रक्रियाओं को सरल बनाने की पहल हुई। सहकारिता को उन्होंने बहुउद्देश्यीय और बहुआयामी बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा औद्योगीकरण में सिर्फ व्यक्ति ही नहीं, सहकारिता की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। मध्यप्रदेश किसानों, गौ पालकों और मत्स्य पालकों को सहकारी क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ दिलवाकर इस क्षेत्र में शिखर पर पहुंचेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुरूआत में सहकारी ध्वजारोहण कर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर, पैक्स कार्य मैन्युअल और सहकारिता में सहकार, पैक्स पुनर्गठन और व्यवसाय संवर्धन के महत्वपूर्ण परिपत्रों की पुस्तिका का विमोचन किया।


### माइक्रो एटीएम पखवाड़े का भी किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माइक्रो एटीएम पखवाड़े का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पैक्स, दुग्ध सहकारी संस्थाओं और मत्स्य पालक सहकारी संस्थाओं को पुरस्कार प्रदान किए। इन संस्थाओं में विदिशा, इंदौर और खरगोन की संस्थाएं शामिल हैं। कार्यक्रम को सहकारिता और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता से समृद्धि का मंत्र दिया है। मध्यप्रदेश सहकारिता क्षेत्र में अग्रणी हो रहा है। हाल ही में जीआईएस-भोपाल में नया अध्याय जोड़ा गया जब सीपीपीपी अर्थात को-ऑपरेटिव पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप का विषय सामने आया।

### ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अनुरूप किया जा रहा कार्य

सहकारिता विभाग में कई नवाचार भी किए जा रहे हैं। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव सहकारिता श्री अशोक बर्णवाल ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी श्री उमाकांत उमराव, प्रमुख सचिव मत्स्य पालन श्री डी.पी. आहूजा, राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक श्री आलोक कुमार सिंह, आयुक्त सहकारिता श्री मनोज पुष्प, नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय की मुख्य महा प्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती एवं बड़ी संख्या में प्रदेश की सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि, जिला सहकारी बैंक, अपेक्स बैंक, पैक्स, दुग्ध एवं मत्स्य समितियों के साथ ही सहकारिता विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज कुमार गुप्ता ने आभार माना।

# चारधाम यात्रा में डस्टबिन और गारबेज बैग होगा अनिवार्य



## धामी सरकार सभी राज्यों को यातायात से जुड़ी एडवाइजरी करेगी जारी

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार चारधाम यात्रा के दौरान यातायात नियमों पर सख्ती बरतने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार सभी राज्यों को चारधाम यात्रा के दौरान यातायात से जुड़ी एडवाइजरी जारी करने वाली है। यात्रियों को ट्रक-ट्रैक्टर में भरकर लाने पर रोक लगेगी। दुपहिया वाहनों के जरिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेलमेट, रफ्तार व सुरक्षा के सभी मानक सख्ती से लागू होने वाले है। इसके साथ पर्वतीय रूट पर यात्रियों को लेकर आने वाले कामर्शियल वाहनों के ड्राइवर को पर्वतीय रूट पर वाहन चलाने का अनुभव होना अनिवार्य होगा। यात्रा काल के दौरान ही मानसून सीजन भी शुरू होता है। इसके बाद सड़क हादसों के साथ प्राकृतिक आपदाओं के लिहाज से कुछ क्षेत्र अति संवेदनील हो जाते हैं।

राज्य में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा के लिए धामी सरकार विशेष एहतियात बरत रही है। सचिव-परिवहन बृजेश कुमार संत ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु आएंगे। उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए हर सेक्टर में कम हो रहे हैं। परिवहन विभाग यातायात के लिहाज से कई कदम उठा रहा है। चारधाम रूट पर सभी परिवहन अधिकारियों को जिम्मेदारियां तय कर दी गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा उपाय करने और यातायात नियमों का शतप्रतिशत पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही देश के अन्य राज्यों को भी एडवाइजरी भेजी जाएगी। इसके अलावा यात्रा के दौरान स्वच्छता के लिए वाहनों में डस्टबिन और गारबेज बैग को भी अनिवार्य किया गया। इससे यात्री सड़कों पर कचरा फेंकने के बजाय अपने डस्टबिन में डाले। फिर इस कचरे को सरकार द्वारा बनाए गए डस्टबिन में ही डालना होगा।

# पाकिस्तान के आर्मी चीफ पर अमेरिका लगा सकता है प्रतिबंध

## संसद में पेश हुआ बिल

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को लेकर ट्रंप सरकार सख्त है और बहुत जल्द अमेरिका प्रतिबंध लगा सकता है। इसके लिए अमेरिकी कांग्रेस में एक बिल पेश किया गया है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान में राजनीतिक विरोधियों के दमन, विशेष रूप से दुनिया में मशहूर क्रिकेटर और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी को लेकर सैन्य नेतृत्व की जवाबदेही तय करना है। जानकारी अनुसार पाकिस्तानी आर्मी चीफ से संबंधित बिल रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन और डेमोक्रेटिक सांसद जिमी पनेटा द्वारा संसद में पेश किया गया है। यह प्रस्ताव ग्लोबल मैग्निट्सकी ह्यूमन राइट्स अकाउंटेबिलिटी एक्ट के तहत पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश करता है। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो जनरल मुनीर समेत अन्य सैन्य अधिकारियों पर प्रतिबंध लग सकता है और उनकी विदेशों में स्थित संपत्तियां जब्त की जा सकती हैं। इस बिल को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना, इल्हान उमर और रिपब्लिकन सांसद जैक बर्गमैन सहित कुल 10 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। बिल के पारित होने पर अमेरिका 180 दिनों के भीतर पाकिस्तान की सैन्य लीडरशिप पर प्रतिबंध लागू करेगा। इसमें उन अधिकारियों की पहचान की जाएगी, जिन्होंने राजनीतिक दमन में भूमिका निभाई है। ऐसे अधिकारियों को अमेरिकी वीजा नहीं मिलेगा और उनके अमेरिका में प्रवेश पर पाबंदी लगाई जाएगी। बिल में यह भी शर्त रखी गई है कि यदि पाकिस्तान में सैन्य सत्ता का दखल कम होता है, तो उस पर पहले से लगे कुछ प्रतिबंध हटाए जा सकते हैं। इससे पाकिस्तान को आर्थिक और कूटनीतिक राहत मिल सकती है। यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जबकि पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है और सैन्य हस्तक्षेप पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं।




जो विल्सन और जिमी पनेटा द्वारा संसद में किया गया पेश

## जंगल में लगी आग से हुई बड़ी सांस्कृतिक क्षति

**उइसेओंग।** दक्षिण कोरिया के उइसेओंग जिले में गाउंसा मंदिर, जो करीब 1000 साल पुराना बौद्ध मंदिर है, मंगलवार को जंगल की भीषण आग की चपेट में आ गया। यह मंदिर सिल्ला वंश के दौरान बनाया गया था और इसे ऐतिहासिक धरोहर के रूप में संरक्षित किया गया था। जानकारी अनुसार जंगल में लगी आग केवल गाउंसा मंदिर तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि इससे जोसेन वंश (1392-1910) की एक महत्वपूर्ण बौद्ध वास्तुकला संरचना भी नष्ट हो गई। अधिकारियों के अनुसार, यह संरचना भी राष्ट्रीय धरोहर के रूप में नामित थी। इस आग से राष्ट्रीय धरोहर को खासा नुक्सान हुआ है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि मंदिर में मौजूद सभी भिक्षु और अन्य लोग आग के क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही सुरक्षित स्थान पर चले गए थे। हालांकि, इस प्राचीन स्थल को हुए नुकसान की भरपाई करना मुश्किल होगा। जंगल की आग के बढ़ते खतरे को देखते हुए कोरिया हेरिटेज सर्विस ने राष्ट्रीय धरोहर स्थलों को आग से बचाने के लिए आपदा चेतावनी स्तर को 'गंभीर' तक बढ़ा दिया है। यह पहली बार है जब इस चेतावनी स्तर को उच्चतम स्तर तक बढ़ाया गया है।



## चीन में आया तेज भूकंप, बीजिंग में भी झटके महसूस

**बीजिंग।** चीन के उत्तरी हेबेई प्रांत के लैंगफैंग में योंगकिंग काउंटी में बुधवार को सुबह 1:21 बजे (बीजिंग समय) भूकंप के झटके महसूस हुए। धरती हिलते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और काफी डर गए। भूकंप की 4.2 तीव्रता थी। चीन में भूकंप की निगरानी करने वाले चाइना अर्थक्वेक नेटवर्क्स सेंटर ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक यह भूकंप सतह से 20 किमी की गहराई में आया था। भूकंप का केंद्र चीन की राजधानी से 55 किमी दूर है, जिस कारण बीजिंग में भी झटके महसूस किए गए। राजधानी के कई लोगों को अपने मोबाइल पर इसका अलर्ट मिला। भूकंप के बाद भी बिजली आपूर्ति और परिवहन सामान्य बने हुए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की रिपोर्ट नहीं मिली है। लैंगफैंग शहर के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने स्थिति का जायजा लेने के लिए भूकंप के केंद्र पर कर्मियों को भेजा है। भूकंप के केंद्र से 5 किमी के इलाके में कई गांव और कस्बे मौजूद हैं। पिछले पांच साल में भूकंप के केंद्र से 200 किलोमीटर के दायरे में 3.0 या उससे अधिक तीव्रता वाले कुल आठ भूकंप आए। बुधवार को आया भूकंप इनमें सबसे शक्तिशाली रहा है।



# भरथना प्लाजा देश का सबसे कमाऊ, टॉप 10 में आया नाम

## पिछले पांच सालों में 2 हजार करोड़ से ज्यादा का टैक्स वसूला





**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 20 मार्च को लोकसभा में दी जानकारी के मुताबिक गुजरात के एनएच-48 के वडोदरा-भरूच हिस्से पर लगा भरथना प्लाजा देश का सबसे कमाऊ प्लाजा है। इसने पिछले पांच सालों में 2 हजार करोड़ से ज्यादा का टैक्स वसूला है। इसमें सबसे ज्यादा टोल कलेक्शन वित्तीय वर्ष 23-24 में हुआ, जब प्लाजा ने 472.65 करोड़ रुपए वसूले। दूसरे नंबर पर राजस्थान में शाहजहांपुर टोल प्लाजा है, जो दिल्ली को मुंबई से जोड़ने वाले एनएच-48 के गुड़गांव कोटपुतली-जयपुर खंड पर स्थित है। जारी किए गए डाटा के अनुसार पिछले पांच सालों में इस टोल प्लाजा पर 1884.46 करोड़ रुपए का टैक्स एकत्र किया गया है। इसके अलावा देश के सबसे कमाऊ टोल प्लाजा की लिस्ट में पश्चिम बंगाल के एनएच 16 के धनकुनी खड़गपुर खंड पर स्थित जलाधुलागोरी प्लाजा तीसरे नंबर पर आता है। इस प्लाजा ने इन पांच सालों में 1500 करोड़ से ज्यादा का टोल एकत्र किया है। यह राजमार्ग भारत के पूर्वी तट के साथ चलता है और स्वर्णिम चतर्भुज योजना का हिस्सा है।देश के चौथे सबसे कमाऊ टोल प्लाजा के रूप में श्रीनगर को कन्याकुमारी से जोड़ने वाले एनएच44 के पानीपत-जालंधर खंड पर स्थित घरौंदा टोल प्लाजा का नाम आता है। पिछले पांच सालों में इसका कुल राजस्व 1300 करोड़ रुपए से ज्यादा का है।इसके अलावा सरकार की तरफ से गुजरात में एनएच-48 के भरूच-सूरत खंड पर चोर्यासी, राजस्थान एनएच-48 के जयपुर-किशनगढ़ खंड पर ठिकारिय प्लाया, तमिलनाडु में एनएच-44 के कृष्णागिरी थुंबीपदी खंड पर एलएंडटी कृष्णगिरी थोपुर, उत्तर प्रदेश में एनएच-25 के कानपुर-अयोध्या खंड में नवाबगंज और बिहार में एनएच-2 के वाराणसी-औरंगाबाद खंड पर सासाराम हैं।

सिनेमा सफर | एक्टर अनंत जोशी निभाएंगे लीड रोल

# योगी आदित्यनाथ पर बनेगी फिल्म






**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिंदगी कितनी इंस्पायरिंग है, ये अगर आप नहीं जानते तो जल्द ही जानने को तैयार हो जाइये. क्योंकि उनकी जिंदगी को दिखाती एक फिल्म बनने वाली है. सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले बन रही अजेयः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी का पहला लुक जारी किया गया. फिल्म में सीएम के बचपन से लेकर नेतृत्व करने तक के सफर को दर्शाया जाएगा. इस बायोपिक में योगी आदित्यनाथ का किरदार अनंत जोशी निभाने वाले हैं. वहीं परेश रावल, दिनेश लाल यादव यानी निरहुआ भी फिल्म में अहम किरदार निभाते दिखेंगे। फिल्म उनके जीवन के सभी पहलुओं को समेटे हुए है. जिसमें उनके शुरुआती दौर, नाथपंथी योगी के रूप में संन्यास लेने का उनका निर्णय और उत्तर प्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक आयाम को नया रूप देने वाले नेता के तौर में उनका विकास शामिल है. सम्राट सिनेमैटिक्स के बैनर तले ऋतु मेंगी के प्रोडक्शन में बनी और महारानी 2 फेम रवींद्र गौतम के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म शांतनु गुप्ता की बेस्टसेलिंग किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से प्रेरित है. इसमें ड्रामा, इमोशन, एक्शन और बलिदान का एक रोमांचक संगम देखने को मिलेगा। इस बायोपिक में अनंत जोशी ने योगी आदित्यनाथ की भूमिका निभाई है, जबकि फिल्म में परेश रावल, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, पवन मल्होत्रा, राजेश खट्टर, गरिमा सिंह ने भी दमदार अभिनय किया है. 2025 में दुनिया भर में ग्रैंड रिलीज के लिए तैयार फिल्म को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी रिलीज किया जाएगा. फिल्म का म्यूजिक मीट ब्रदर्स ने दिया है, साथ ही राइटिंग की कमान दिलीप बच्चन झा और प्रियांक दुबे ने संभाली है. सम्राट सिनेमैटिक्स की प्रोड्यूसर रितु मेंगी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का जीवन चुनौतियों और परिवर्तन से भरा है.

### प्रेरणादायी कहानी...

हमारी फिल्म उनके सफर को आकर्षक और नाटकीय तरीके से पेश करती है, और उन घटनाओं को जीवंत करती है जिन्हें उन्होंने आकार दिया. कलाकारों की शानदार टोली और एक मनोरंजक कहानी के साथ, हम इस प्रेरणादायक कहानी को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए उत्साहित हैं। डायरेक्टर रवींद्र गौतम ने फिल्म के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी फिल्म हमारे देश के युवाओं के लिए अविश्वसनीय रूप से प्रेरणादायक है, जो उत्तराखंड के एक सुंदर गांव के एक साधारण मध्यमवर्गीय लड़के की कहानी को चित्रित करती है, जो भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य का मुख्यमंत्री बन जाता है. उनकी यात्रा दृढ़ संकल्प, निस्वार्थता, विश्वास और नेतृत्व की है, और हमने इसे एक बेहतरीन अनुभव बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जो उनके जीवन के साथ न्याय करता है।

# गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर राज्यपाल मंगूभाई के नाम दिया ज्ञापन




**समय जगत, मण्डला।** विगत दिवस गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर आदिवासी न्याय आंदोलन करते हुए राज्यपाल के नाम मंडला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। इस दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संभाग व जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजी कमलेश तेकाम ने बताया कि विगत दिनों जिले के कान्हा क्षेत्र में हुई दुखद पुलिसिया घटनाक्रम में निर्दोष हीरन सिंह परते जाति बैगा की मौत से न सिर्फ स्थानीय बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के आदिवासी समाज में सरकार और पुलिस और सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। घटना के बाद से पूरे प्रदेश के बनाचल में रहने वाले आदिवासी जाति और जनजाति के लोगों में दहशत व्याप्त है। आदिवासियों को सरकार की साजिश का अनुमान हो रहा है कि सरकार जंगलों के आसपास रहने वाले आदिवासियों को नक्सली बताकर मुठभेड़ में मारकर समाज को हराना चाहती है जिससे लोग इन क्षेत्रों से पलायन कर जाये और फिर सरकार बनों के निजीकरण पर जो विचार कर रही है उसे साकार करते हुए इन वनों को पूंजीपतियों को आसानी से सौंप सकें। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रदेश के आदिवासी समाज के लिए संघर्ष करने वाली पार्टी है। पार्टी ने उक्त घटना पर पहले भी जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर घटना की जांच मांग की थी किंतु प्रशासन द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप निम्न बिदुओं पर विचार करते हुए मामले में निष्पक्ष कार्यवाही की मांग है कान्हा नेशनल पार्क जिला मण्डला में 9 मार्च 2025 को फर्जी नक्सली एनकाउंटर में हीरनसिंह परते बैगा निवासी ससरे टोला, बटिया को पुलिस ने मार गिराने का दावा किया था। किंतु उसकी नक्सली गतिविधियों, संगठन, शामिल होने का समय अन्य घटनाओं में शामिल होने का ब्यौरा आदि का कोई विवरण पुलिस ने नहीं बताया है। जिससे स्पष्ट है कि उक्त बैगा आदिवासी नक्सली नहीं था इसकी किसी भी गतिविधि का पुलिस को पता नहीं था। घटना के बाद प्रशासन ने मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा राशि देकर यह बात स्पष्ट कर दी है कि मृत व्यक्ति नक्सली नहीं था। किंतु फिर भी सरकार फर्जी मुठभेड़ को स्वीकार नहीं कर रही है न ही दोषी अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गई है। मृतक व्यक्ति बैगा जनजाति का जिन्हें सरकार ने राष्ट्रीय मानव घोषित किया है। निर्दोष राष्ट्रीय मानव की पुलिसिया कार्यवाही में हत्यास एक घटना है अतः गोंड अ पार्टी सीबीआई जा र्क, मांग करती है। पुलिस ने फर्जी एकाउंटर कान्हा नेशनल पार्क के पास किया है जो कि विश्वविख्यात स्थान है और यहां देश के अलावा विदेशी पर्यटक भी आते है। यदि माओवादियों के इस क्षेत्र में होने की बात की पुलिस अपने बचाव में प्रस्तुत करती है। तो यहां भय के कारण पर्यटकों के आने में कमी आएगी। जिससे पूरे जिले में रोजगार के अवसरों और कारोबार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

# जनसुनवाई में 62 आवेदनों पर निराकरण के दिये गये निर्देश

**रतलाम।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डा. शालिनी श्रीवास्तव ने 62 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को निराकरण के निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में ग्राम आक्याकला निवासी शंकरलाल चौहान ने बताया कि प्रार्थी की ग्राम आक्याकला में भूमि स्थित है जिस पर कब्जा दिलाए जाने के आदेश श्रीमान न्यायालय तहसीलदार ताल द्वारा तीन बार किए जा चुके हैं बावजूद इसके गिरदावर, पटवारी तथा चौकीदार की मिलीभगत से प्रार्थी को भूमि का कब्जा नहीं दिया जा रहा है। प्रार्थी को भूमि का कब्जा दिलवाने में मदद की जाए। आवेदन निराकरण के लिए तहसीलदार ताल को तत्काल आदेश पालन की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। सैलाना तहसील के ग्राम सुनारी के ग्रामवासियों ने संयुक्त रुप से दिए गए आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत डुंगरापुंजा में नवीन जल संरचना (मैराज डेम) बनाए जाने हेतु शासन की सर्वे टीम को सर्वे के दौरान ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया था कि जल संरचना (मैराज डेम) का निर्माण करने से ग्राम सुनारी पूरी तरह से डूब क्षेत्र में चला जाएगा। साथ ही समीपस्थ के चार से पांच ग्राम प्रभावित होंगे। इस सम्बन्ध में ग्राम में ग्रामसभा का आयोजन कर एकमत से मैराज डेम नहीं बनाने का विरोध किया गया। ग्राम सुनारी में 5 वीं अनुसूची लागू कर दी गई है जो कि बिना ग्रामसभा की अनुमति लिए की गई है जो कि अनुचित है। समस्त ग्रामवासियों ने निवेदन किया है कि उक्त जल संरचना निर्माण को शीघ्र निरस्त किया जाए। आवेदन संबंधित विभाग को निराकरण के लिए भेजा गया है।

## गणगौर महोत्सव में भजनों की शानदार प्रस्तुति पर श्रोता झूम उठे, किया सम्मानित



**समय जगत, खिरकिया।** ग्राम महल कला में नवदिवसीय गणगौर महोत्सव सौनेर परिवार द्वारा बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचलों के महिला पुरुष बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है गौरनी बाई आम के नीचे पाती खेलने भी जाती है साथ ही महिलाओं ने गणगौर माता के झालरे देकर धार्मिक भजनों पर जमकर नृत्य किया इस दौरान स्थानीय मंडल के गायक रामपाल सोलंकी, रामराज देवड़ा द्वारा गणगौर माता के बेहतरीन भजनों की शानदार प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे एक से एक बढ़कर भजनों के शानदार प्रस्तुति से समा बांध दिया दर्शन भाव विहोर होकर सुमधुर भजन की गंगा में गोता लगाते रहे आयोजक सुनील सिंह सौनैर विमल सिंह सौनेर एवं समस्त सौनेर परिवार द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति पर सभी मंडलों को तथा सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

### स्वच्छ भारत मिशन में 13 करोड़ का घोटाला हुआ उजागर

# बैतूल में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने बिना काम किए फर्जी भुगतान, 12 लोगों पर एफआईआर




**समय जगत, बैतूल।** मध्यप्रदेश की मोहन सरकार भले ही जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने की बात करती है, लेकिन बैतूल में यादव की मंशा को दरकिनार करते हुए जनपद के कर्मचारी और अधिकारी खुल्लमखुल्ला करोड़ों के भ्रष्टाचार को अंजाम दे दिया. हालात, ये हैं कि जिले की भीमपुर और चिचोली जनपद में विकास कार्य सिर्फ कागजों में हो रहा है. धरातल पर विकास कार्य देखने को आपको कहीं नहीं मिलेगा. कुल मिलाकर बैतूल के जिम्मेदार अधिकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के मिशन को बदनाम करने लगे हैं. इधर जिला प्रशासन ने आरोपियों के बैंक खाते सीज कर होल्ड लगा दिया है।प्रशासनिक सूत्रो ने बताया कि इस मामले में जनपद के सीईओ की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।जांच के बाद और आरोपियों के नाम भी सामने आने की चर्चा है।सूत्रो ने बताया कि कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ बीते दिनों भीमपुर जनपद स्वच्छ भारत मिशन में बड़ी गड़बड़ी मिलने के बाद जनपद पंचायत भीमपुर में जांच के बाद 2 घंटे तक अपने वाहन में ही बैठकर सलाह मशविरा करते देखे गए । वहीं चिचोली जनपद में भी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ 18 मार्च की शाम सात बजे से रात ग्यारह बजे तक मामले के तहत पहुंचने की कवायद करते रहे। बैतूल जिले में आदिवासी बाहुल्य भीमपुर और चिचोली विकासखंड में स्वच्छ भारत मिशन के तहत बिना किसी काम के ही 13 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किए जाने का बड़ा घोटाला सामने आया है। इसमें एक ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने दिल्ली और इंदौर की कंपनियों को फर्जी डिमांड जनरेट कर करोड़ों रुपए का भुगतान कर दिया। इस मामले में कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी की जांच के बाद 10 लोगों के खिलाफ बुधवार रात धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई गई है। स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजेंद्र परिहार ने खुद को वेंडर बनाकर और अन्य वेंडरों के नाम पर फर्जी भुगतान किया। इसके लिए चिचोली और भीमपुर ब्लॉक के कंप्यूटर ऑपरेटरों का सहारा लिया गया, जो जनपद पंचायत के डिजिटल सिग्नेचर के जिम्मेदार थे। कलेक्टर ने इस गड़बड़ी की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की, जिसमें जिला कोषालय अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी और परियोजना अधिकारी शामिल थे।

# नितिन कुमार बाघमारे पीएचडी से विभूषित



**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में विगत 12 वर्षो से अध्यापन कार्य कर रहे पर्यावरणविद नितिन कुमार बाघमारे को मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा इम्पैक्ट ऑफ कैचमेंट एरिया एक्टिविटीज ऑन वाटर क्वालिटी एंड जूपलंकटं डाइवर्सिटी इन नर्मदा रिवर÷ विषय पर पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। डॉ. नितिन कुमार बाघमारे को यह उपाधि प्राणिशास्त्र विषय में विज्ञान एवं आईटी संकाय के अंतर्गत डॉ. मंगलेश कुमार जावलकर के निर्देशन में सफलतापूर्वक शोध कार्य पूर्ण करने के उपलक्ष्य में प्रदान की गई । बाघमारे अनेक वर्षो से ज्वलंत सामाजिक विषयों पर लेखन कार्य करते हुए सामाजिक समस्याओं और उनके समाधानों के प्रति ध्यान आकृष्ट कराते रहे हैं । उनके लेख अनेक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पत्रिकाओं एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित हुए हैं। डॉ. नितिन बाघमारे का यह शोध कार्य पर्यावरण संरक्षण के संदर्भ में विशेष उपयोगी है, उन्होंने जल प्रदूषण के कारण जलीय वनस्पतियों और जंतुओं के संरक्षण हेतु शोध अध्ययन प्रस्तुत कर जैविक संरक्षण की दिशा में सार्थक प्रयत्न किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले की भांग, भांग घोटा तथा भांग मिठाई दुकानों का निष्पादन 27 मार्च को

**रतलाम।** कलेक्टर श्री राजेश बाथम के आदेशानुसार जिले की 4 भांग दुकान, 5 भांग घोटा दुकान एवं 1 भांग मिठाई दुकान इस प्रकार कुल 10 दुकानों के लायसेंसों का 5 समूहों में 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि अर्थात वर्ष 2025–26 के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर 27 मार्च को दोपहर 3.30 बजे से टेण्डर के माध्यम से निष्पादन किया जाएगा।टेण्डर प्रपत्र क्रय करने की तिथि 25 मार्च प्रातः 10.00 बजे से 27 मार्च दोपहर 2.00 बजे तक।टेण्डर प्रपत्र जमा करने की तिथि 27 मार्च दोपहर 3.00 बजे तक तथा टेण्डर प्रपत्र खोलने की तिथि 27 मार्च को दोपहर 3.30 बजे से कार्यवाही पूर्ण होने तक रहेगी।निविदादाता उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार टेण्डर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।अधिक जानकारी सहायक आयुक्त जिला रतलाम के कार्यालय से किसी भी दिन (अवकाश दिनों सहित) कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

### ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न



**नर्मदापुरम।** कमिश्नर कार्यालय नर्मदापुरम में मंगलवार को नर्मदापुरम संभाग आयुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में ग्रीष्मकालीन मूंग सिंचाई हेतु संभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी आशीष खरे, हरदा कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरूकरन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना, संयुक्त संचालक कृषि बी.एल बिलैया सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ऑनलाईन उपस्थित रहे।बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि हरदा जिले हेतु बायीं तट मुख्य नहर से 27 मार्च 2025 की शाम 05ः00 बजे तवा नहर में पानी प्रवाहित किया जाएगा।सिवनी मालवा की रायगढ, मकढई एवं भिलाडियां नहरों के लिए 1 अप्रैल 2025 की शाम 05ः00 बजे से, मिसरोद उपसंभाग डोलरिया के लिए 3 अप्रैल 2025 की शाम 05ः00 बजे से, तवा परियोजना संभाग इटारसी के लिए 5 अप्रैल 2025 की शाम 05ः00 बजे से तथा पीबीसी संभाग सोहागपुर हेतु दायीं तट मुख्य नहर से किसानों की मांग के अनुसार 05 अप्रैल से 8 अप्रैल 2025 के मध्य जल प्रवाह शुरू कर दिया जाएगा।इस दौरान मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग राजाराम मीना ने बताया कि तवा बांध में 1004 एमसीएम पानी है जिसमें से 838 एमसीएम पानी सिंचाई के लिए उपलब्ध रहेगा।कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने नहरों की सुरक्षा के लिए पुलिस, जल संसाधन विभाग के अमले, राजस्व विभाग के अमले एवं एमपीबी के अमले को संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

### चमेली की बाड़ी में पाती खेलकर गाए माता के झालरिए गीत

**समय जगत, बिस्टान।** माता की बाड़ियों में जवारे बोने के साथ ही गणगौर के गीत चारों ओर सुनाई देने लगे हैं ।खरगोन की चमेली की बाड़ी कॉलोनी में श्रीमती अनीता रामकृष्ण महाजन के यहां महिलाओं ने पाती खेलकर माता के गीत गाए एवं माता की आराधना की।श्रीमती अनीता महाजन ने सभी महिलाओं को उपहार भी इस अवसर पर दिए गए।इस अवसर पर अनीता महाजन, रूपाली महाजन, अलका महाजन, मानसी महाजन,हर्षिता महाजन, सुनीता महाजन, शुभम महाजन, रानी महाजन, कृष्णा पारीख,प्रीति खट्टी,नीलम श्रॉफ, ज्योति शर्मा, बरखा सोनी बबीता महाजन अंकित महाजन, शारदा महाजन, साधना टेलर प्रमुख रूप से उपस्थित थी।

# नगर परिषद ने लाभ का बजट किया पारित




**समय जगत, ओबेदुल्लागंज।** नगर परिषद के पदाधिकारी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे की अध्यक्षता में परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती नमिता बागेश अग्रवाल पार्षद वार्ड क्रमांक 1 श्री मती समीक्षा विक्रम यादव वार्ड क्रमांक 2 श्रीमती भारती नरेश सेठी वार्ड क्रमांक 3 श्रीमती प्रीति अनूप चौधरी वार्ड क्रमांक 4 श्री प्रमोद सेन वार्ड क्रमांक 5 श्री राजेश खटीक वार्ड क्रमांक 6 श्री सुजीत यादव वार्ड क्रमांक 7 श्री शंकर लाल इरपाचे वार्ड क्रमांक 8 श्रीमती सरोज रामेश्वर नागर वार्ड क्रमांक 9 श्रीमती राधा राजेंद्र साहू वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती सन्ना आमीर ममनून वार्ड क्रमांक 12 श्री सुनील सेरिया वार्ड क्रमांक 13 श्रीमती हेमलता मनोज चौरसिया वार्ड क्रमांक 14 श्री दीपेश परमार नगर परिषद औबेदुल्लागंज सीएमओ श्री राजकुमार शर्मा उपयंत्री श्री मुकेश जैन रहे। नगर परिषद औबेदुल्लागंज की परिषद की बैठक में कई प्रस्ताव सर सम्मति से पारित हुए इसमें वर्ष 2025 26 का अनुमानित 69 करोड़ का बजट मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं लेखपाल कनिज खान द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे परिषद ने ध्वनि मत से पारित किया गया इसके अतिरिक्त नगर विकास संबंधित कई प्रस्ताव पारित किए गए औबेदुल्लागंज नगर में सीताराम चौराहे से लेकर शमशान घाट पुलिया तथा गोह रगंज रोड बिजली घर की पुलिया तक उत्कृष्ट सड़क निर्माण कार्य प्रस्ताव स्वीकृत किया गया । शासकीय अस्पताल के गेट से संतोषी माता मंदिर तक 10 दुकान निर्माण कार्य प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। नगर सुंदर बनाने के लिए आकर्षक अस्थाई दुकान निर्माण कार्य की निविदा दर स्वीकृत की गई प्रथम चरण में 12 दुकान बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। अर्जुन नगर महात्मा गांधी उद्यान का विकास तथा सौंदर्य करण कार्य कराया जाना स्वीकृत किया गया। नगर में बड़े नाले निर्माण का कार्य कराया जाना स्वीकृत किया गया। नगर परिषद की आय बढ़ाने के लिए सामुदायिक भवनों को ठेके पर दिए जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

### आज होगा उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का सामूहिक आयोजन

# व्यास नारायण मंदिर से प्रारंभ होगी परिक्रमा



**मंडला।** पतित पावनी माँ नर्मदा जिस स्थान पर उत्तर दिशा में प्रवाहित होती है, उस क्षेत्र को उत्तरवाहिनी क्षेत्र कहते हैं। स्कंध पुराण, मतस्य पुराण, वायु पुराण, पद्मपुराण और भृगु संहिता में वर्णित रेवाखड के श्लोक में वर्णन आता है कि मार्कण्डेय मुनि जी ने युधिष्ठिर सहित पाण्डवों और कुछ देवताओं को उत्तर दिशा की ओर प्रवाहित हुई नर्मदा जी के स्थानों का महत्व कहा है। चैत्र मास में, उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा परिक्रमा करने से सम्पूर्ण परिक्रमा का फल प्राप्त होता है। पुराणों में वर्णित है जहाँ नर्मदा उत्तरवाहिनी, गंगा पश्चिमवाहिनी और सरस्वती पूर्व वाहिनी होती है, तो वह क्षेत्र धर्मपारायण होता है। जिस स्थान पर माँ रेवा उत्तर वाहिनी प्रवाहित हुई हो और भगवान विष्णु उत्तराभिमुख हो। वहाँ स्नान करने से विष्णुलोक की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि चैत्र माह में माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा की जाती है हमारे नगर को भी माँ नर्मदा का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है कि माँ नर्मदा महाराजपुर संगम से घाघी घाट तक उत्तरवाहिनी प्रवाहित हैं। इनकी परिक्रमा करने के लिये किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर में संकल्प पूजा के बाद तट परिवर्तन कर परिक्रमावासी महाराजपुर संगम आते हैं और यहां से मंग्लेश्वर मंदिर होते हुये कारीकोन के रास्ते मानादेई, सुरंगदेवरी, सिलपुरा होते हुये घाघी घाट पहुंचते हैं जहां से तट परिवर्तन कर बबैहा और फिर ग्वारी, फूलसागर, आमाटोला, तिंदनी, कटरा होते हुये नगर में प्रवेश करते हैं और व्यास नारायण मंदिर में जल चढ़ाकर अपनी परिक्रमा पूर्ण करते हैं। इस सामूहिक नर्मदा परिक्रमा में चूंकि नर्मदा भक्तों की संख्या ज्यादा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है लिहाजा सुरक्षा की दृष्टिकोण से युवा नर्मदा भक्त व्यास नारायण मंदिर में संकल्प पूजा के बाद झूलापुल होते हुये रामबाग, सकवाह के माध्यम से पुरवा पुल से महाराजपुर संगम पहुंचेंगे जहां पर सभी परिक्रमावासियों के लिये बालभोग की व्यवस्था की गई है बालभोग के उपरांत सभी परिक्रमावासी एक साथ मंगलेश्वर मंदिर वाले मार्ग से होते हुये कारीकोन तिराहा पहुंचेंगे और फिर इसी मार्ग से मानादेई, सुरंगदेवरी होते हुये परिक्रमा सिलपुरा स्थित कोठी घाट आश्रम पहुंचेगी जहां पर दोपहर के भोजन की व्यवस्थ की गई है। भोजन के बाद यहां से परिक्रमा घाघा ग्राम तक जायेगी जहां पर कि रात्रि विश्राम होगा।

### महिला सम्मेलन के साथ धौलपुर में राजस्थान दिवस समारोह का हुआ आगाज

## कार्यक्रम में जिले की 80 छात्राओं को स्कूटी और 34 गृहणियों को कुकटॉप की मिली सौगात

**समय जगत, धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च 2025) को भव्य रूप से मनाने के लिए राज्यभर में कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की गई है। 31 मार्च तक चलने वाले इस सप्ताहव्यापी महोत्सव की शुरुआत मंगलवार को महिला सम्मेलन के साथ हुई। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। धौलपुर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन नगर परिषद के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने की। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक धीरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, भाजपा नेता शिवचरण कुशवाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलेभर से बड़ी संख्या में आई महिलाओं ने इस सम्मेलन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान महिलाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना के तहत 80 पात्र लाभार्थियों को जिला कलक्टर एवं अतिथियों ने चाबी सौंपकर स्कूटी वितरित की। इससे पूर्व 34 गृहणियों को इंडक्शन कुकटॉप का वितरण किया गया।

# नरसिंहगढ़ में भाजपा का होली मिलन समारोह संपन्न

**बोड़ा।** सोमवार को नगर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, माता सरस्वती, और भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई।

### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता

इस अवसर पर नरसिंहगढ़ के युवा कांग्रेस नेता एवं मीडिया प्रवक्ता गोलू गुप्ता (घाटीवाला) ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेताओं ने उनका फूल मालाओं एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा दादा, भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष कैलाश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरजन सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करण जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राधेश्याम राजपूत,नगर परिषद उपाध्यक्ष सतीश पाटीदार, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष द्वारका प्रसाद बंटी सोनी, अशोक गुप्ता,कैलाश गुप्ता काका, मोहन गुप्ता, गौरव जयसवाल, ओमप्रकाश राठौर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान होली के रंगों से सराबोर माहौल में भाजपा के संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में भाजपा नेताओं ने एकजुटता और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। होली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का आनंद लिया।

## बृजेश कुमार को मिली पीएचडी की उपाधि



**समय जगत, भोपाल।** संस्कृत भारती के प्रांतीय अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने अपने शोध फॉर्मेशन ऑफ़ सिस्टम्स एंड फ़िलॉसफ़ी थ्रू डायलॉग्स विद स्पेशल रेफ़रेंस टू श्रीमद्भगवद्गीता एंड अभिज्ञानशाकुंतलम् (फ्रॉम द सेलेक्ट इंग्लिश ट्रांसलेटेड टेक्स्ट्स) को सांची युनिव्हर्सिटी ऑफ बुद्धिस्ट-इंडिक स्टडीज से पूर्ण कर लिया है। डॉ. बृजेश कुमार ने इस अवसर पर अपने मार्गदर्शक, परिवार, मित्रों एवं सहयोगियों के प्रति हृदय से कृतज्ञता व्यक्त की । उन्होंने विशेष रूप से अपने शोध मार्गदर्शक प्रो. डॉ. नवीन कुमार मेहता को धन्यवाद दिया है। यह शोध न केवल अकादमिक जगत में बल्कि भारतीय दर्शन और साहित्य में रुचि रखने वाले शोधकर्ताओं के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। इस उपलब्धि पर उनके परिवार, इष्ट मित्रों व शुभचिंतकों ने शुभकामनाएँ दी । प्रांत अध्यक्ष डॉ अशोक भदौरिया निदेशक पशुपालन विभाग, प्रांत संगठन मंत्री डॉ जागेश्वर पटले, प्रांत मंत्री डॉ दिवाकर शर्मा , महर्षि अभय कात्यायन( शिक्षाविद), नीरज जी दीक्षित , डॉ विष्णुनारायण तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री, विश्वगीता प्रतिष्ठान , डॉ एस. के. तिवारी, श्रीगोविन्द पांडेय, निदेशक, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, डॉ विश्वबंधु, डॉ डमरूधर पति, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चेतन भार्गव सुनील साहू युवामेर्चा भाजपा , अग्निवेश शुक्ला मंडल अध्यक्ष भाजपा , महेन्द्र रघुवंशी विद्या भारती, अभय सोनी , तिलक दास बैरागी , रमाकान्त शुक्ला , अक्षय जैन , गुरकीरत सिंह, विनोद शर्मा, अवतार सिंह ठाकुर आदि शामिल है । उनके परिवार से दादाजी श्री श्यामलाल जी साहू, गोपीलाल जी नवलचंदजी साहू , मोहनबाबू साहू , दिनेश साहू , महेश साहू , अशोक साहू द्वारा शुभकामनाएँ प्रेषित की गई ।

# हिन्दू धर्म परिषद की लट्ठमार होली से विन्ध्य में नई परम्परा की शुरुआत : डॉ. सी.बी.शुक्ला

## लिल्ली घोड़ी, रास नृत्य के साथ रिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों एवं कवियों ने बरसाये होली के रंग

**रीवा।** संस्कृतिधानी रीवा नगर में ब्रजधाम की तर्ज पर स्थानीय सॉई बाबा मंदिर कोठी कम्पाउण्ड में हिन्दू धर्म परिषद के तत्वाधान में मनाई गई लठ्ठमार होली से विन्ध्यधरा में नई परम्परा की शुरूआत हुई है जो आने वाले समय में विराट और आकर्षक रूप में मनाने की ओर पहला कदम है यह बात बतौर मुख्य अतिथि पधारे संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ0 सी.बी.शुक्ला ने व्यक्त किये। अध्यक्षता कर रहे वर्तमान अधीक्षक डॉ0 राहुल मिश्रा ने कहा बरसाना में भी देखा और यहॉ भी, लेकिन इस आयोजन में आकर लोगो और कलाकारों का होली धमाल दिल को छूने वाला और लंबे समय तक यादों में रहने वाला है। विशिष्ट अतिथि रेडक्रास चेयरमेन डॉ0 प्रभाकर चतुर्वेदी पत्रकार मुकुन्द प्रसाद मिश्रा, सुनील अग्रवाल एड0, पूर्व प्राचार्य राजेन्द्र सिंह, परिषद संरक्षक डी.पी.सिंह परिहार, पप्पू कनौजिया ने इस अवसर पर अपनी शुभ कामनायें देते हुये सबको बधाई प्रेषित कर फूलो और गुलाल के साथ होली मिलन के साथ लठ्ठमार होली में भी सहभागिता निभाई। परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, रामसखा यादव के कुशल मार्गदर्शन में अध्यक्ष डॉ0 प्रवीरचंद दुबे ने आयोजन को भव्य रूप में साकार कर यादगर बना दिया जिसमें उनका सहयोग संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, युवा अध्यक्ष शिव कुशवाहा, महिला शाखा प्रचार सचिव डॉ0 अरूणा पाठक ने किया। परिषद के संयोजक सुमित मॉजवानी ने समूचे आयोजन में आये अतिथियों का स्वागत किया। श्री सॉई मंदिर के पुजारी मनसुखलाल, अध्यक्ष अजय धमीजा एवं अनिल त्रिपाठी ने साई भोग वितरित कराने के साथ अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। संचालक की भूमिका अवनीश शर्मा ने आकर्षक ढंग से निभा कर



आयोजन को ऊँचाई तक पहुँचाया। इस अवसर पर सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। आयोजन की शुरूआत कलम परिवार के कवियों के काव्य पाठ से हुई जिसमें श्रोताओं ने तालिया बजाकर स्वागत किया। डॉ0 रश्मी शुक्ला, रामकृष्ण द्विवेदी, अमित द्विवेदी, नागेन्द्र मिश्रा मणी, राजकुमार शर्मा राज, अनुराधा पाण्डेय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रसिद्ध नाट्य कलाकार भोला तिवारी के निर्देशन में कलाकारों को प्राचीन दुलदुल लिल्ली घोड़ी नृत्य का अनूठा प्रदर्शन कर खूब वाहवाही और पुरस्कार प्राप्त हुये। जबलपुर से पधारे करन ग्रुप के कलाकारों ने राधा कृष्ण की रासलीलाओं पर कई मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया और आयोजन को ऊँचाई प्रदान की। ज्ञानेन्द्र कुमार सोनी राजू सुनैना स्टूडियो द्वारा समूचे आयोजन की वीडियो ग्राफी करने में सहयोग किया गया। रिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने संचालक अध्यक्ष डॉ0 विनोद तिवारी के संयोजन में होली गीतो की बेहतरीन प्रस्तुतियॉ देकर लोगो को नाचने-झूमने के कई अवसर प्रदान किये। डॉ0 राहुल मिश्रा द्वारा गाये होली गीत पर तो अतिथियों ने भी लठ्ठमार होली खेली और आनंद उठाया। ग्रुप के पीयूष मिश्रा, अनिल शुक्ला, श्याम गंगवानी, अनिल शुक्ला, सतीश मिश्रा, अर्चना शुक्ला, किरण सिंह, आशीष मिश्रा, अमित द्विवेदी, रीता तिवारी, अवनीश शर्मा, प्रतिमा मिश्रा आदि ने अपने सुरीले और मस्ती भरे अंदाज में देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। परिषद के अध्यक्ष डॉ0 दुबे ने प्रदुमन सेन को उपाध्यक्ष बनाने की घोषणा के साथ अतिथियों, कलाकारों सहयोगियों एवं नगर वासियों के साथ सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## सार-समाचार

### मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रीवा।** अपने विचारों, भावनाओं और कार्यो पर नियंत्रण रखें। अपने भावों व विचारों को समझे, एवं तनाव व चिंता से अपने को दूर रखें। अपने व्यवहार को सकारात्मक तरीके से निर्देशित करें। उक्त उद्गगार राजयोगिनी ब्राम्हकुमारी डॉ रीना दीदी ने आनंद विभाग एवं ब्राम्हकुमारी संस्थान रीवा द्वारा ज़िलें में कार्यरत शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए कलेक्ट्रेट मोहन सभागार में मन प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रशासन विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने व्याख्यान कार्यक्रम में बताया कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में मध्यप्रदेश शासन के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है। जिससे प्रदेश शासकीय विभागों में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को तनाव मुक्ति व जीवन प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन समाज की रीढ़ है। अत- इसमें कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी तनावमुक्त होकर अपना कर्तव्य निर्वहन करें। जीवन में सुख शांति के लिये अध्यात्म आवश्यक है। कार्य को पूजा मानकर विजी रहते हुए इजी बने रहे। कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में ब्राम्हकुमारी संस्थान से क्षेत्रीय प्रमुख राजयोगिनी निर्मला बहन जी, श्री बीके प्रकाश, बीके राम भाई, बी के राहुल भाई, संयुक्त कलेक्टर पीके पांडेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण पाठक सम्भागीय समन्वयक जन अभियान परिषद एवम जिला नोडल अधिकारी आनंद विभाग द्वारा किया गया।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**रीवा।** विभानसभा निर्वाचन 2023 तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान में उपयोग की गई ईव्हीएम इंजीनियरिंग कालेज के समीप बनाए गए ईव्हीएम वेयर हाउस में सुरक्षित रखी गई हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ईव्हीएम वेयरहाउस का प्रत्येक त्रैमास में निरीक्षण किया जाता है। इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ईव्हीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, प्रभारी अधिकारी ईव्हीएम तथा कार्यपालन यंत्री आदित्य सिंह नोडल अधिकारी फैज मोइन सिद्दीकी उपस्थित रहे।

### लंबित राशि के भुगतान के लिए बैंक खाता संख्या देने का किया अनुरोध

**रीवा।** त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरीय निकायों के चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में वाहनों का उपयोग किया गया था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने अधिग्रहीत वाहनों के मालिकों से जिला निर्वाचन कार्यालय को तत्काल बैंक खाता संख्या उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि बैंक खाता संख्या की जानकारी आज ही उपलब्ध करा दें जिससे आवंटित राशि का भुगतान किया जा सके। बैंक खाता संख्या की जानकारी प्राप्त न होने पर आवंटित राशि को समर्पित करना होगा तथा लंबित राशि का भुगतान संभव नहीं हो सकेगा।

### वर्ष प्रतिपदा व गुड़ी पड़वा आयोजन हेतु अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** वर्ष प्रतिपदा एवं गुडी पड़वा पर्व के सफल आयोजन हेतु मऊगंज जिले में नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिये गये गये हैं। कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने बृजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एसडीएम मऊगंज को जिला नोडल अधिकारी तथा रामकुशल मिश्रा सीईओ जनपद मऊगंज को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### कलेक्टर मऊगंज ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को दिया नोटिस

**समय जगत, रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अनिल मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिले की उचित मूल्य दूकानों में खाद्यान्न न पहुंचने के कारण हितग्राहियों को राशन सामग्री नहीं मिल पा रही है। कलेक्टर ने कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है।

### मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनान्तर्गत अनुग्रह राशि का वितरण 28 मार्च को

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनान्तर्गत अनुग्रह राशि का वितरण 28 मार्च को किया जायेगा। अनुग्रह राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में भेजी जायेगी। एनआईसी में हितग्राहियों को उपस्थित कराने के निर्देश श्रम विभाग के अधिकारी को दिये गये हैं।

## सोमवारी बाजार मे लोगों को चाकू दिखाकर डराने वाला आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक- श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की सोमवारी बाजार में एक व्यक्ति हाथ मे चाकू लिये है जो चाकू दिखाकर आने जाने वालो को डरा रहा है सूचना पर प्रधान आरक्षक 873 मकरध्वज तिवारी एवं आरक्षक धर्मेंद्र पटेल को तलब कर हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान सोमवारी बाजार पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति हाथ में चाकू लेकर लहरा रहा था तथा आने जाने वालो को चाकू दिखाकर डरा रहा था जिस पर उक्त व्यक्ति को हमराही स्टाफ एवं गवाहानो की मदद से घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर उसका नाम पता पूछा जो अपना नाम मोहम्मद शहजाद मंसूरी पिता रज्जाक मंसूरी उम्र 19 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पीछे थाना अमहिया रीवा का होना बताया। उक्त कृत्य पृथम दृष्ट्या अपराध धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उपरोक्त आऱोपी को गिफ्तार किया आरोपी के विरूद्ध थाना अमहिया पर अपराध क्र0 80/25 धारा 25(बी)आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवम आरोपी को पेश न्यायालय किया गया।

**बका दिखाकर डराने वाला आरोपी बका सहित हुया गिरफ्तार :** इसी प्रकार थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की सोमवारी बाजार कचरा फैक्टरी के पास एक व्यक्ति हाथ मे बका लिये है जो बका दिखाकर आने जाने वालो को डरा रहा है सूचना पर प्रधान आरक्षक 873 मकरध्वज तिवारी एवं आरक्षक 520 विक्रम वर्मा को तलब कर हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान सोमवारी बाजार कचरा फैक्टरी पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति हाथ में बका लेकर लहरा रहा था तथा आने जाने वालो को बका दिखाकर डरा रहा था जिस पर उक्त व्यक्ति को हमराही स्टाफ एवं गवाहानो की मदद से घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर उसका नाम पता पूछा जो अपना नाम अमन अली खान पिता कौशल अली खान उम्र 22 वर्ष निवासी बड़ी दरगाह के पीछे कब्रिस्तान के पास थाना अमहिया रीवा का होना बताया। उक्त कृत्य पृथम दृष्ट्या अपराध धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से उपरोक्त आऱोपी को गिफ्तार किया आरोपी के विरूद्ध थाना अमहिया पर अपराध क्र.79/25 धारा 25(बी) आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया एवम आरोपी को पेश न्यायालय किया गया। थाना प्रभारी अमहिया शिवा अग्रवाल, आर0 203 अरुण मिश्रा, प्र0आर0 873 मकरध्वज तिवारी आर0 577 पीयूष मिश्रा, आर0 विकास तिवारी,आर0 विवेक सिंह आर0 520 विक्रम वर्मा की मुख्य भूमिका रही।

## गरिमा हुई तार-तार, बैठक में कांग्रेस-भाजपा पार्षदों में हुई मारपीट

# परिषद की बैठक या फिर सब्जी मंडी ऐसे तो हो चुका शहर का विकास





**रीवा।** नगर पालिक निगम रीवा का 14वां साधारण सम्मिलन दिनांक 24.03.2025 का सदस्यों के अनुरोध पर दिनांक 26.03.2025 को समय पूर्वान्ह 11:30 तक के लिए स्थगित किया गया था। दिनांक 26.03.2025 को सम्मिलन की कार्यवाही प्रारंभ हुई, बजट पर चर्चा के दौरान सम्मिलन में घोर अव्यवस्था उत्पन्न होने की दशा में सम्मिलन को अध्यक्ष द्वारा दिनांक 27.03.2025 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक के लिए स्थगित किया गया है। ज्ञात हो कि नगर निगम रीवा सभागार का है जहां परिषद की बैठक में भाजपा कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों के बीच पहले वहस होती है फिर बहस विवाद का रूप लेती है इससे आगे धक्का मुक्की शुरू हो जाती है और फिर पार्षद एक दूसरे के साथ हाथापाई पर उतारू हो जाते हैं हालांकि इससे पहले नगर निगम परिषद की बैठक में इस तरह से स्थितियां निर्मित होने की संभावना नजर नहीं आ रही थी लेकिन आज की बैठक में जिस तरह से हो हल्ला झूमा झटकी के बाद मारपीट हुई यह कहां जा सकता है कि आने वाले समय में स्थितियां और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है। घटना को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक नगर निगम रीवा के बजट की बैठक चल रही थी इस दौरान विपक्षियों ने सवाल उठाए विरोध किया इसके जवाब में भाजपा पार्षदों ने दी कांग्रेस पार्षदों का विरोध किया दोनों पक्ष के पार्षदों के बीच कहा सुनी मारपीट में तब्दील हो गई। मारपीट कर रहे पार्षदों के बीच नगर निगम के महापौर अजय मिश्रा बाबा और परिषद के अध्यक्ष वेंकटेश पांडे पहुंचे और दोनों पक्षों को अलग-अलग कर किसी तरह से मामला शांत कराया, इस बीच हंगामा के चलते कुछ समय के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी।

## पर्यावरण संरक्षण को भी मिले मजबूती : निगम आयुक्त

### निर्माल्य पात्रों का उपयोग करें, जल में पूजन सामग्री प्रवाहित करने से बचें : डॉ. सौरभ सोनवणे



**रीवा।** नगर निगम रीवा द्वारा स्वच्छता और धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न नदी घाटों एवं मंदिरों के पास निर्माल्य कलश पात्रों की स्थापना की गई है। इन पात्रों का उद्देश्य पूजन सामग्री, फूल, माला के जैविक कचरे को नदी में फेंकने के बजाय एक उचित स्थान पर एकत्र करना है। निर्माल्य पात्र विशेष रूप से धार्मिक कार्यो के बाद फूल-माला आदि को एकत्र करने के लिए बनाए गए हैं, ताकि लोग पूजन सामग्री को सीधे नदी में न बहाएं, जल प्रदूषण रोका जा सके और इनका शुचिता के साथ सही निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। ये पात्र शहर के प्रमुख घाटों और मंदिरों के पास लगाए गए हैं, जिससे श्रद्धालु आसानी से इनका उपयोग कर सकें। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए हमारी प्राथमिकता शहर की स्वच्छता और नदी घाटों को प्रदूषण मुक्त बनाना है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूजन सामग्री को सीधे जल में न बहाकर निर्माल्य पात्रों में डालें, जिससे पर्यावरण संरक्षण को और मजबूती प्रदान किया जा सके। साथ ही उन्होंने बताया कि इन फूल-मालाओं का उपयोग नगर निगम के स्व-सहायता समूहों के माध्यम से खाद और गुलाल बनाने के लिए भी किया जाएगा, जिससे स्वच्छता के साथ-साथ पुनर्चक्रण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### बच्चों को सुपोषित रखने के साथ शिक्षा से भी जोड़ें - श्रीमती सोलंकी

**रीवा।** संभाग के सभी जिलों में महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को परियोजना स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी में दर्ज तीन वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अनौपचारिक शिक्षा देकर स्कूल में प्रवेश के लिए तैयार करना है। संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने रीवा जिले के शहरी और ग्रामीण परियोजना तथा गंगेव परियोजना में आयोजित प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। संयुक्त संचालक ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पोषण भी पढ़ाई भी निर्धारित किया गया है। सभी कार्यकर्ता शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा सुपोषण का ध्यान रखने के साथ–साथ उन्हें अनौपचारिक शिक्षा से भी जोड़ें। आंगनवाड़ी केन्द्र में दर्ज तीन वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को छोटे–छोटे मनोरंजक खेलों के माध्यम से अनौपचारिक शिक्षा दें जिससे पाँच वर्ष की आयु पूरा करने के बाद बच्चे स्कूल में जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएं। प्रशिक्षण के संबंध में निर्देशिका में समुचित मार्गदर्शन दिया गया है। इसका भलीभांति अध्ययन करके पोषण भी और पढ़ाई भी के उद्देश्य को पूरा कराएं।

## आज विश्व रंगमंच दिवस पर भलुहा में आयोजन

**रीवा।** मण्डप सांस्कृतिक शिक्षा कला केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष की भांति गदेला महोत्सव ग्राम भलुहा में विश्व रंगमंच दिवस आयोजित हो रहा है। इसमें अंतरराष्ट्रीय दुलदुल घोड़ी लोकनृत्य के विशेषज्ञ कलाकार राजमणि तिवारी भोला भाई के नेतृत्व में, नाटक पंचलाइट की प्रस्तुति विपुल सिंह के निर्देशन में एवं अन्तिम प्रस्तुति यशो शास्त्री के लोकगीत एवं भजनो की होगी। गदेला उत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी मण्डप सांस्कृतिक शिक्षा कला केन्द्र, सचिव विनोद कुमार मिश्रा के द्वारा दी गई।

### रंगमंच में राष्ट्रीय स्तर पर मनोज कुमार मिश्रा ने स्वयं को किया स्थापित

कार्यक्रम पंचायत भवन ग्राम भलुहा, पोस्ट रामनई, तहसील रायपुर कर्चुलियान में होगा। समय शाम 6~30 बजे से।संस्था अध्यक्ष चंद्रकांता मिश्रा आप सभी सुधि दर्शकों से सादर अनुरोध किया है कि आप विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर दर्शकरूप में साक्षी बनें।अध्यक्ष ने बताया कि ग्राम भलुहा का रीवा के रंगमंच में अहम स्थान है इसी ग्राम से आगे बढ़ते हुए राष्ट्रीय स्तर पर रंगमंच में मनोज कुमार मिश्रा ने स्वयं को स्थापित किया है और अपने साथ रंगमंच कर रहे कलाकारों के आर्दश है वर्तमान में रीवा में रंगमंच को पुनः मंच प्रदान करने के लिए मनोज नियमित रूप से प्रयास करते है मनोज देश के प्रतिष्ठित भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की घातक इकाई भारतेन्दु नाट्य अकादमी में प्राध्यापक हैं।आप रंगमंच प्रेमियों से कार्यक्रम की सफलता के लिए दर्शकों, पत्रकारों, समाजसेवियों, प्रशासनिक अधिकारियों, आदि को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।










## लोक कला से गूंज उठा बघेली महोत्सव

**रीवा।** कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम रीवा में तीन पांच फिल्म्स एवं शिवाय फाउंडेशन के द्वारा बघेली महोत्सव का रंगारंग पांचवा सोपान आयोजित किया गया। जिसमे बघेली के विभिन्न विविध कार्यक्रमों का मंचन एवं प्रस्तुति हुई एवं विभिन्न विधा के व्यक्तियों को बघेली रत्न से सम्मानित किया गया। बघेली महोत्सव का आयोजन दो सत्र मे आयोजित हुआ। पहले सत्र में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। बघेली व्यंजन प्रतियोगिता मे शारदा भजन मंडली विजेता, निशा सिंह परिहार उपविजेता रही। साथ ही समूह लोक गायन मे नीलम तिवारी समूह विजेता, शारदा भजन मंडली उप विजेता व बघेली कहानी जिसमें बृजेश सिंह विजेता, सुषमा सिंह उप विजेता रही। इन सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। दूसरे सत्र रात को विंध्य के सुप्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुति हुई जिसमे ललन शुक्ला, प्राची पाण्डेय, रजनीश, ऋषभ, दीक्षा सतेंद्र के दल ने शानदार समूह लोकगीत प्रस्तुत किए। इसके बाद लगातार रोली त्रिपाठी, महिमा पाण्डेय, चित्रा त्रिपाठी ने एकल गीत से धूम मचाई। इसके अलावा राज तिवारी एवं साथियो ने लिल्ली घोड़ी, सीधी की बाल कलाकार मान्या पाण्डेय, तीन पांच की हास्य नाटिका विशाल सोंधिया का काली नृत्य रितिका द्विवेदी समूह का आधुनिक बघेली गीतों पर मंचन किया गया। बघेली महोत्सव में विशेष क्षेत्र के पांच विभूतियों का सम्मानित किया जाएगा जिसमें जगजीवन लाल तिवारी कक्का, साहित्य, नरेन्द्र बहादुर सिंह, लोक कला संरक्षण, विनोद मिश्रा संगीत शिक्षा, अभिनंदन कुंदेर सुप्रसिद्ध सुपाड़ी खिलौने डॉ गीता बनर्जी, चिकित्सा क्षेत्र मे बघेली रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की आयोजक रीति सरगम ने कहा की इस तरह के कार्यक्रम से हमें हौशला मिलता है और कला जगत मे कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है। इस कार्यक्रम के संयोजक उमेश लखन ने कहा की हमें अच्छा लगता है की अपने वरिष्ठ कलाकारों के संरक्षण मे नए कलाकारों को अवसर दे पा रहे और लोक कला बघेली मे नवाचार कर पा रहे है। इस कार्यक्रम मे अतिथि वीरेंद्र गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष विकास तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे, लोक भजन गायक राजकुमार शास्त्री, नायब तहसीलदार राजीव शुक्ला, टीआई शिवा अग्रवाल, प्राचार्य विभा श्रीवास्तव, लोक गायिका मणीमाला सिंह, डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। बघेली कहानी के जज वरिष्ठ कहानी कार विनोद भट्ट इंदिरा अग्निहोत्री, लोकगीत मे प्रमिला तिवारी डॉ राजकुमार शर्मा, व्यंजन मे केसरकली मिश्रा, अमित कुमार द्विवेदी की निर्णायक भूमिका में रही। इस कार्यक्रम के आयोजन समिति के सदस्य कामता माखन रितिका द्विवेदी, रामानुज तिवारी, अंकित मिश्रा, शुभम मिश्र, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, विनोद भट्ट, ऋषभ, दीक्षा शुक्ला, रोली, दीक्षा सौरभ द्विवेदी शुभम तिवारी सत्येंद्र त्रिपाठी रजनीश दुबे सत्यम तिवारी सहित अन्य कलाकारों ने महोत्सव मे शामिल होने की अपील की है। इस कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध कवि अमित शुक्ला ने किया। कार्यक्रम मे स्वागत एवं कार्यक्रम का उद्देश्य शिवाय फाउंडेशन की अध्यक्ष रीति सरगम पाण्डेय ने रखा वही कार्यक्रम का आभार तीन पांच के सदस्य डॉ उमेश लखन ने किया।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बढ़ रहा है प्रभाव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। आज वैश्विक स्तर पर स्पष्टतः शांति का अभाव दिखाई दे रहा है। वैश्विक स्तर पर इन विपरीत परिस्थितियों के बीच सनातनी हिंदुओं द्वारा भारत के प्रयागराज में एक महाकुम्भ का आयोजन शांतिपूर्वक एवं अति सफलता से सम्पन्न किया जाता है। इस महाकुम्भ में पूरे विश्व से सनातनी हिंदू एवं अन्य धर्मों के अनुयायी 66 करोड़ से अधिक की संख्या में पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इन 66 करोड़ धर्मावलम्बियों के बीच किसी भी प्रकार का असहयोग एवं किसी भी स्तर पर असहमति नहीं दिखाई देती है। जाति, पंथ, मत, प्रांत, भाषा आदि के नाम पर किसी भी प्रकार का विरोध दिखाई नहीं दिया, बस सभी धर्मावलंबी अपने आप को केवल और केवल सनातनी हिंदू कहते हुए दिखाई दिए हैं। ऐसा आभास हो रहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा इस संदर्भ में पिछले 100 वर्षों से किए जा रहे प्रयास अब सफल होते दिखाई दे रहे हैं। अब लगभग पूरा विश्व ही यह मानने लगा है कि वैश्विक स्तर पर लगातार पनप रही अशांति का हल केवल भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन से ही सम्भव है। इसी संदर्भ में दिनांक 21 मार्च 2025 से 23 मार्च 2025 तक बंगलूरू में सम्पन्न अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिंदू समाज का निर्माण विषय पर एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव में यह कहा गया है कि अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है। तेजस्वी मातृशक्ति सहित संतो, धर्माचार्यों तथा महापुरुषों के आशीर्वाद एवं कर्तृत्व के कारण हमारा राष्ट्र कई प्रकार के उतार चढ़ावों के उपरांत भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। अर्थात सनातन संस्कृति के संस्कारों की आज के संदर्भ में परख करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह संस्कार हिंदू देवी देवताओं द्वारा समाज के भले के लिए ही लागू किये गए हैं और हजारों वर्षों से भारतीय हिंदू समाज इनका सफलतापूर्वक अनुसरण करता आया है। समय की कसौटी पर सदैव ही यह खरे उतरे हैं। अतः आज भी सनातन हिंदू संस्कारों की प्रासंगिकता बनी हुई हैं। इन्हीं संस्कारों के चलते भारत सदैव से ही वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना को आत्मसात करता आया है। भारत के लिए तो पूरा विश्व ही अपना परिवार है, फिर क्यों एक दूसरे से झगड़ा करना। बल्कि, भारत में तो विश्व के कोने कोने से अन्य धर्मावलंबी भी आकर आसानी से रच बस गए हैं एवं सनातन संस्कृति में समा गए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सृजनात्मक गतिविधियों से इसका प्रभाव और व्यापक हो रहा है।

# संघ के कर्नाटक-मंथन में नये संकल्प-नयी दिशाएं

## नजरिया

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष प्रवेश के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर बेंगलुरु में सफलतापूर्णक एवं ऊर्जामय माहौल में संपन्न हुई, जिसमें औरंगजेब विवाद, तीन-भाषा फॉर्मूला, परिसीमन और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चर्चा ने एक अपूर्व वातावरण का निर्माण किया। जिसमें दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिन्दू समाज में राष्ट्रीयत्व भाव जागृत करने, हिन्दुओं को संगठित करने एवं हिन्दू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से हुई और इन सौ वर्षों में न केवल इन लक्ष्यों को हासिल किया गया है बल्कि अनेक रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों एवं योजनाओं के साथ अपनी एक स्वतंत्र एवं अलग छवि का निर्माण किया है।**

**ललित गर्ग**

इस वर्ष की वार्षिक बैठक न केवल विशेष बल्कि नवीन संकल्पों की वाहक बनी है, क्योंकि बैठक ने सकारात्मक क्रांतिकारी विचारों से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया गया बल्कि पडौसी बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा भी गया एवं सावधान भी किया गया है। अठहत्तर वर्ष की देहरी पर खड़े होकर राष्ट्र के अतीत को देखा-परखा जाए तो ऐसा लगता है कि अब राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह संघ जैसे शक्तिशाली संगठन का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। इन सब परिवर्तनों-परिवर्धनों एवं राष्ट्र को सशक्त करने के बावजूद संघ की सादगी का सौन्दर्य निराला है और कर्नाटक बैठक इसी सादगी के सौन्दर्य के अनूठेपन को लिये हुई थी।

दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, आरएसएस ने हिंदू समाज को अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए संगठित और सामूहिक जीवन की आवश्यकता पर बल दिया है, जो 'धर्म' पर आधारित आत्मविश्वास से भरा हो। साथ ही बैठक में पारित प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज कर, एकजुट आचरण और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाते हुए हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। यह समाज भौतिक समृद्धि के




साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी परिपूर्ण होगा, जो समाज की समस्याओं का समाधान करेगा और चुनौतियों को कम करेगा। इस वर्ष की बैठक का हर बोल अनमोल है, हर चरण एक मंजिल है, हर संकल्प नये भारत-सशक्त भारत की दिशा है और हर क्रिया एक सन्देश है। संघ का जीवन और दर्शन, विचार और सोच अन्तरमन को कुरेदने वाली ऐसी प्रेरणा है जो जागृत अवस्था में सोने वाले लोगों का झकझोर देती है।

इस बैठक की खास बात यह रही है कि इसमें संघ की तरफ से भाजपा के बारे में सीधे सवालों से दूरी बनाए रखी गयी। हालांकि, परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के राज्यों में सीटें कम नहीं होने को लेकर भाजपा को संदेश भी दे दिया। परिसीमन को लेकर संघ ने साफ कहा कि दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में अनुपात वही रहेगा। इसके साथ ही संघ ने तीन-भाषा फार्मूले पर संतुलित रुख बनाए रखा गया। ऐसे समय में जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फार्मूले को लेकर असमंजस में हैं, आरएसएस ने इस विवाद को दरकिनार करते हुए मातृभाषा, व्यक्ति के निवास स्थान की क्षेत्रीय भाषा तथा करियर की भाषा, जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है, के उपयोग की वकालत की है। संघ ने महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद को लेकर मुगल शासक की तीव्र एवं तीखी आलोचना की। खास बात यह देखने को मिली कि संघ की तरफ से औरंगजेब की आलोचना के साथ ही उसके भाई दारा शिकोह का जश्न भी मनाया, क्योंकि दारा शिकोह सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया था। औरंगजेब 'भारत के लोकाचार' के खिलाफ था और अगर वैसी ही 'आक्रमणकारी मानसिकता' अभी भी मौजूद है तो यह देश के लिए खतरा है। जो इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने की कुचेष्ठा भी है। निश्चित ही इस तरह कोई विकृत संस्करण या नैरेटिव प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसका मुकाबला किया ही जाना चाहिए।

कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। 'बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान' शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और 'अमेरिका में डीप स्टेट' के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और 'हम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते।' निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस बैठक ने हिन्दुओं को आश्वस्त किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के भविष्य में कोई मुश्किल स्थिति आती है, तो हम पीछे नहीं हट सकते। अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान करेंगे। भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन को लेकर भी संघ ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है। आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इससे पहले चर्चा चल थी कि भाजपा और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं। कर्नाटक बैठक से एक बार फिर पुरजोर तरीके से उजागर हुआ कि संघ हिन्दू सनातन संस्कृति को भारत के जन-जन के मानस में प्रवाहित करने का सफल एवं सार्थक कार्य करने को प्रतिबद्ध है। ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिये भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा समाज के बीच जाकर करने का प्रयास करता है और यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति एवं समरसतापूर्ण जीवन स्थापित करने के लिये एक जरूरी आवश्यकता है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालों को भी संघ ने समय-समय पर आड़े हाथ लिया है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। कर्नाटक बैठक हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान बनी है।

# शिक्षा और परिवार नियोजन पर बेहतर काम करने वाले राज्यों को लोकसभा में मिलें ज्यादा सीटें

**डॉ. अशोक कुमार तिवारी**



केंद्र सरकार द्वारा 2026 में परिसीमन का ऐलान किया गया है परिसीमन का आधार जनसंख्या रखा गया है इस परिसीमन से दक्षिण भारत की सीटें जहां कम होगी वही उत्तर भारत राज्यों की सीटें बढ़ेगी इससे नुकसान यह होगा कि केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना परिवार नियोजन जिसके तहत पूरे देश में जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण पाया गया जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए दक्षिण भारत के राज्यों तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश, कर्नाटक ने अच्छा काम किया और अपनी जनसंख्या को नियंत्रित कर दिया इसके अलावा इन राज्यों ने शिक्षा पर भी अच्छा काम किया यहां की शिक्षा दर उत्तर भारत के राज्यों से काफी अधिक है अब 2026 में जो परिसीमन होगा उसमें लोकसभा की सीटें बढ़ेगी क्योंकि पहले प्रति 10 लाख में एक सांसद हुआ करता था जिससे वह अच्छे से अपने क्षेत्र के लोगों की आवाज को सुन सकता था लेकिन अब जनसंख्या बढ़कर के 30 लाख हो गई दक्षिण राज्यों में एक सांसद आज भी 10 लाख की जनसंख्या में होते हैं जबकि उत्तर भारत के राज्यों में एक सांसद 30 लाख की जनसंख्या में है 1970 के दशक में केंद्र सरकार ने आबादी को नियंत्रित करने के लिए कई सारे परिवार नियोजन कार्यक्रम लॉन्च किया जिसको दक्षिण भारत के राज्यों में प्रभावी ढंग से लागू किया जिससे उनकी जनसंख्या नहीं बड़ी जबकि उत्तर भारत के राज्यों ने इसको प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया इसलिए उसे उनकी जनसंख्या काफी तेजी से बढ़ गई जनसंख्या विस्फोट से हमारे देश में गरीबी ,भुखमरी और बेरोजगारी आती है क्योंकि जितनी जनसंख्या बढ़ती जायेगी उतने लोगों के लिए आवास पीने का पानी और रोजगार भोजन आवास की व्यवस्था करना होगा इसके लिए निरंतर शहरों की जनसंख्या बढ़ती जा रही है बन घटते जा रहे हैं वन भूमियों पर कब्जा किया जा रहा है अब सवाल यह उठता है कि परिसीमन में अच्छा कार्य करने वाले राज्यों को प्रोत्साहन सीटें प्रदान करना चाहिए और यदि उनकी वर्तमान सीटें 4 बढ़ रही हैं तो उनको चार सीट प्रोत्साहन के स्वरूप में बढ़ाना चाहिए जिससे अन्य राज्य भी फैमिली प्लानिंग जैसी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करें जबकि जिन राज्यों में तेजी से जनसंख्या बड़ी है और फैमिली प्लानिंग को अच्छे से लागू नहीं किया है उन राज्यों को दंड देते हुए यदि उनकी 10 सीटें बढ़ रही है तो उनकी 2 सीट घटाकर 8 ही बढ़ना चाहिए इससे आगे आने वाले समय में सभी राज्य अच्छा करने के लिए प्रेरित होंगे।

# बेहतरी की ओर बढ़ रहे भारत-चीन संबंध

**उमेश चतुर्वेदी**

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है। अच्छे और बेहतर पड़ोसी होने के नाते चीन का इस पर खुश होना स्वाभाविक था। चीन की ओर से आई प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह कहना कि चीनी ड्रैगन और भारतीय हाथी के सामंजस्यपूर्ण नृत्य की प्रतीक्षा चीन के उत्साह का ही वर्णन करता है। अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं।

# प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षणिक संस्कृति में छिपे तनाव पहचानें

**अविजित पाठक**



हाल ही में, आईआईटी कानपुर ने 'द आर्ट ऑफ़ लिविंग फ़ाउंडेशन' के साथ मिलकर एक 'भलाई कार्यक्रम' शुरू किया है। रिपोर्ट के अनुसार, फ़ाउंडेशन ने श्वास क्रिया, ध्यान और माईडफुलनेस अर्थात 'संचेतना' (आसपास की घटनाओं के प्रति सजग रहते हुए इनमें बहने से बचना) सहित विशेषज्ञ सत्रों की एक शृंखला आयोजित करने पर सहमति जताई है। इसका उद्देश्य है युवा छात्रों की 'मानसिक सहनशक्ति एवं तनाव प्रबंधन क्षमताओं' को बेहतर बनाना। समझा जा सकता है कि आईआईटी के अधिकारी अपने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर इतने चिंतित क्यों हैं। दरअसल, हाल ही में सूचना के अधिकार से मिली एक जानकारी से पता चला है कि पिछले पांच सालों में 37 विद्यार्थियों ने खुदकशी है, जिसमें 11 छात्र आईआईटी के थे। इसलिए, कोई हैरानी नहीं कि आईआईटी गुवाहाटी ने भी 'नैदानिक अभ्यासों' की एक शृंखला चलाने की घोषणा की है। मसलन,परामर्श सत्र, संकाय सदस्यों के साथ सुबह की सैर और 'तनाव से मुक्ति' कार्यशालाएं। हालांकि,भारत में समकालीन शैक्षिक परिदृश्य के एक पर्यवेक्षक के रूप में, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि अलग-अलग परामर्श सत्र, श्वास क्रिया और संचेतना अभ्यासों का ऐसा कोई समुच्चय इन युवाओं की बढ़ती दिमागी, मानसिक चिंताओं और अस्तित्वगत पीड़ा से निपटने के लिए अपर्याप्त होगा, जो पहले ही अत्यंत-प्रतिस्पर्धात्मक और सामाजिक डार्विनवाद जनित जीवन-हंता वायरस से बनी मारक 'रण भूमि' में फंसे हुए हैं। समस्या केवल किसी के 'आहत' हुए स्वः की नहीं है,समस्या समाज की पूरी संरचना है। जिसमें संसाधनों की कमी और असमानता है या फिर किसी की योग्यता केवल प्राप्त किए गए बढ़िया नंबरों से आंकने वाली विचारधारा बनकर रह गई है। उस चूहा-दौड़ में शामिल होना,जिसे तकनीकी-पूंजीपति 'सफलता' का प्रारूप ठहराते हैं। आप अपने 'अशांत' स्वः को बाकी समाज के ताने-बाने से अलग नहीं कर सकते। तीन कारणों के बारे में सोचें कि मानसिक तनाव या अकेलापन आईआईटी के माहौल में अंतर्निहित क्यों है। वास्तव में आप महसूस करेंगे कि किसी भी आईआईटी में प्रवेश पाने की प्रक्रिया ही स्वाभाविक रूप से तनावपूर्ण है। यह किसी महान शिक्षक के साथ चलकर सीखने जैसा न होकर विज्ञान और गणित की गूढ़ता को बनावटी बौद्धिक उत्साह और जिज्ञासा के साथ तलाशने जैसा है। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटरों के अत्याचार से लेकर, कभी न खत्म होने वाले अभ्यास परीक्षा तक की इस यात्रा में कोई रचनात्मक उत्साह या खुशी नहीं है। 'भाग्यशाली' छात्र जब तक बाधाओं से पार पाते हैं । जेईई मुख्य परीक्षा से लेकर जेईई एडवांस उत्तीर्ण करने तक तब तक उनमें से कई मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक तौर से दरिद्र हो चुके होते हैं।

दूसरा, यह मानना गलत है कि जब कोई आईआईटी में भर्ती पा लेता है तो उसकी जिंदगी वास्तव में भरपूर बन जाती है, और सब कुछ गुलाबी-गुलाबी हो जाता है। अतिशयी-प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षणिक संस्कृति में छिपे तनावों का कोई अंत नहीं है। अच्छा ग्रेड पाने की लालसा, बाजार मांग के अनुरूप लगातार बदलते 'कौशल' सीखते रहने का दबाव, और अंतिम नियति को लेकर निरंतर चिंता जैसे कि, बढ़िया जगह पर नौकरी और वेतन पैकेज। ये सब एक ऐसा सामाजिक माहौल बना देते हैं, जिसमें कोई सच्चा दोस्त नहीं, कोई रचनात्मक उत्साह नहीं होता। हर कोई एक एकाकी व अहंकारी योद्धा भर है ! और तीसरा, चूंकि हमारे समाज में आईआईटी में दाखिला पाने का कुछ ज्यादा ही महिमामंडन किया जाता है, जिसकी कीमत में, हमारे अधिकांश कॉलेज और विश्वविद्यालयों का व्यवस्थित रूप से अवमूल्यन हो रहा है। इसलिए आईआईटी विद्यार्थी के लिए लोगों की नज़रों में चढ़ने से बचना बहुत मुश्किल बन जाता है। हम आईआईटी में पढ़ने वाले को एक मिथकीय उत्पाद के रूप में देखना शुरू कर देते हैं। एक अत्यंत-बुद्धिमान प्रौद्योगिकीविद्, वह जो सब कुछ हासिल कर ले, जिसकी 'सफलता' को हम मिथक बनाना पसंद करते हैं। एक आकर्षक नौकरी, किसी तकनीकी-कॉर्पोरेट उद्यम में एक उच्च पद, लगातार विदेश यात्राएं और निरंतर सामाजिक/आर्थिक गतिशीलता ! वास्तव में, हमारा समाज पागलों की तरह 'सफलता की कहानियों' से ग्रस्त है। इसकी वजह से अगर आप एक 'आईआईटी वाले' हैं, तो इस बात की संभावना बहुत कम है कि लोगबागङ्कआपके माता-पिता सहित आपको सिर्फ़ एक इंसान के रूप में देखेंगे। आपको लगातार अपने 'अलौकिक' गुणों को साबित करते रहना पड़ेगा। ऐसा लगता है मानो आपका 'आम होना' ही आपका गुनाह है ! वास्तव में, यह असंभव अपेक्षा उनमें से कईयों को अमानवीय अवगुण से भर देती है।

निःसंदेह, यदि हम इन मुद्दों पर विचार कर हल नहीं निकालते तो हम इन एकाकी व तनावग्रस्त युवा प्रतियोगियों के अंदर केवल ध्यान, श्वास क्रिया और संचेतना अभ्यास करवाकर विवेक पैदा नहीं करवा सकते। भले ही यह किसी प्रकार का अस्थायी राहत देने वाला हो । फील गुड की क्षणिक अवस्था उनके जीवन-पथ में कोई मौलिक परिवर्तन लाने की संभावना नहीं रखती। हालांकि, तात्पर्य यह नहीं है कि संचेतना अभ्यास कोई मायने नहीं रखता। निस्संदेह, अतीत की चोटों और भविष्य की चिंता से विचलित हुए बिना, वर्तमान क्षण में गहराई से और तीव्रता से जीने की क्षमता ही एक बड़ी ध्यान कला है। इसके लिए समर्पित धार्मिकता की भावना होनी चाहिए- शांति, प्रेम परिपूर्ण सहृदयता और करुणा की निरंतर खोज। हालांकि, विडंबना यह है कि तेजी से विकास करते 'आध्यात्मिक सुपरमार्केट' वाले हमारे इस समयकाल ने ध्यान व संचेतना के लाभ का भी मजाक बनाकर रख दिया है। इसे फौरी राहत प्रदान करने वाले एक उत्पाद के रूप में बेचा जा रहा है। इसके अलावा, यह 'आध्यात्मिक उद्योग' एक अन्य महत्वपूर्ण सवाल अब तक नहीं पूछ पाया ¬संचेतना हो किसके वास्ते? क्या मुझे अपने कॉर्पोरेट लालच को बढ़ाने के लिए संचेतना अभ्यास करने की आवश्यकता पड़ेगी? क्या अपने विश्वविद्यालय में 'टॉपर' बनने के लिए मेरे लिए संचेतना अभ्यास करना जरूरी है? क्या मुझे अहंकार के बोझ से मुक्ति और तनावमुक्ति हेतु संचेतना अभ्यास की आवश्यकता है? वास्तव में, 'आध्यात्मिक सुपरमार्केट' के व्यवसाय में रोजाना की तरक्की के साथ, हम अत्यधिक धनाढ्य सेलिब्रिटी बाबाओं और गुरुओं को अपने अमीर ग्राहकों को 'फौरी मोक्ष' के नाना प्रकार के पैकेज बेचते हुए देखते हैं । जैसे कि कॉर्पोरेट मालिकों से लेकर वे सभी, जो श्वास-क्रिया और संचेतना अभ्यास करने के वास्ते सात दिन का महंगे 'रिट्रीट सत्र' का खर्च उठा सकते हैं। इसलिए, कानपुर आईआईटी और आध्यात्मिक उद्योग के बीच गठबंधन को लेकर बनी अपनी असहजता व्यक्त करने में मुझे कोई हिचकिचाहट नहीं है।

# पॉक्सो एक्ट और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल

**डॉ. सुधीर कुमार**

बीते दिनों इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा सुनाया गया एक फैसला महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में एक गंभीर बहस का केंद्र बन गया है। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब देश में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है। इसके प्रति कानूनी समुदाय व नागरिक समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र ने कासगंज जिले के एक मामले में कहा कि किसी महिला के स्तनों को पकड़ना, उसके पायजामे की डोरी तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने का प्रयास करना बलात्कार या बलात्कार के प्रयास की श्रेणी में नहीं आता है। यह फैसला पॉक्सो एक्ट के तहत 11 साल की पीड़िता से जुड़े मामले में सुनाया गया था। न्यायाधीश ने बलात्कार के प्रयास के आरोप को खारिज करते हुए, इसे भारतीय दंड संहिता की धारा 354-बी के तहत वस्त्र उतारने के इरादे से हमला और पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत गंभीर यौन हमला माना। न्यायालय का मानना है कि इस मामले में किए गए कृत्य बलात्कार के प्रयास की कानूनी परिभाषा को पूरी तरह से संतुष्ट नहीं करते हैं, लेकिन गंभीर यौन हमले की श्रेणी में आते हैं। इस निर्णय के कानूनी विश्लेषण पर विचार करें तो, यह स्पष्ट होता है कि न्यायालय ने अपराध की तैयारी और वास्तविक प्रयास के बीच स्थापित कानूनी सिद्धांत का पालन करने का प्रयास किया है। भारतीय दंड संहिता के तहत, किसी भी अपराध के लिए केवल 'प्रयास' ही दंडनीय है, जबकि केवल 'तैयारी' को अपराध नहीं माना जाता है। इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 9/10 के तहत 'गंभीर यौन हमला' के अपराध को बरकरार रखा है, जो यह दर्शाता है कि न्यायालय ने कथित अपराध की गंभीरता को पूरी तरह से अनदेखा नहीं किया है। कुछ कानूनी विशेषज्ञ यह तर्क दे सकते हैं कि न्यायालय का कर्तव्य कानून को उसके अक्षरों के अनुसार लागू करना है, भले ही इसके सामाजिक परिणाम विवादास्पद क्यों न हों। उल्लेखनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने पहले के कई निर्णयों में यौन इरादे से किसी नाबालिग के अंगों को छूने को भी यौन हमला माना है। 19 नवंबर, 2021 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट के नागपुर पीठ के एक फैसले को पलटते हुए यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि किसी नाबालिग के यौन अंगों को छूना या यौन इरादे से शारीरिक संपर्क से जुड़ा कोई भी कृत्य पॉक्सो एक्ट की धारा 7 के तहत यौन हमला माना जाएगा, जिसमें इरादे को प्रमुखता दी गई थी। । इस फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने 'स्किन से स्किन' संपर्क की आवश्यकता से अधिक यौन इरादे को महत्व दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का वर्तमान निर्णय इस पूर्ववर्ती फैसले से स्पष्ट रूप से भिन्न प्रतीत होता है। मध्य प्रदेश सरकार बनाम महेंद्र उर्फ गोलू के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने बलात्कार के प्रयास के आरोपी की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए 'तैयारी' और 'प्रयास' के बीच का अंतर समझाया था, जिसमें यह माना गया था कि अभियुक्त के कृत्य 'तैयारी' से आगे बढ़कर अपराध के निकट थे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्णय इस व्याख्या से भी कुछ हद तक भिन्न प्रतीत होता है। इस अदालती निर्णय का मौजूदा कानूनों पर संभावित प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। पॉक्सो एक्ट के संदर्भ में, इस निर्णय से बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने के अधिनियम के मूल उद्देश्य पर ही सवाल उठ सकते हैं। यदि इस प्रकार के कृत्यों को बलात्कार के प्रयास के रूप में नहीं माना जाता है, तो यह कानून के प्रभावी कार्यान्वयन को कमजोर कर सकता है। इसी प्रकार, यह निर्णय आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और धारा 354 (शील भंग करने के इरादे से हमला) के बीच की रेखा को भी धुंधला कर सकता है, खासकर जब यौन उत्पीड़न की गंभीरता का आकलन किया जा रहा हो, परिणामस्वरूप पॉक्सो एक्ट के तहत यौन अपराधों की एक संकुचित व्याख्या हो सकती है, जिससे बच्चों की सुरक्षा का कानूनी ढांचा कमजोर हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सनावद नगर में नवनिर्मित फूड क्लस्टर से रोजगार और आर्थिक समृद्धि के खुलेंगे द्वार



**समय जगत, बड़वाह।** सनावद नगर में पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप नवनिर्मित फूड क्लस्टर निमाड़ क्षेत्र के युवा उद्यमियों के लिए रोजगार और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलेगा। ये बातें विधायक सचिन बिरला ने भोपाल में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री चैतन्य कश्यप से भोपाल में मुलाकात के दौरान कहीं। विधायक ने लघु उद्योग मंत्री के समक्ष नवनिर्मित फूड क्लस्टर में उद्योग स्थापित करने हेतु स्थानीय नव उद्यमियों को प्राथमिकता दिए जाने हेतु विशेष प्रावधान करने की मांग रखी। विधायक ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र में गेहूं, चना, मिर्ची, तुअर, मूंग, सोयाबीन और कपास के साथ विभिन्न प्रकार की सब्जियों का विपुल मात्रा में उत्पादन होता है। फूड क्लस्टर में निमाड़ क्षेत्र के कृषि उत्पादों पर आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास की प्रचुर संभावनाएं निहित हैं। लघु उद्योग मंत्री ने कहा कि फूड क्लस्टर में उद्योग लगाने हेतु शासन द्वारा स्थानीय युवाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। सेमीनार में युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग, मार्केटिंग, वित्त प्रबंधन, अकाउंटिंग, ट्रांसपोर्टेशन एवं निर्यात आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। निमाड़ क्षेत्र के स्थानीय युवा उद्यमी प्रशिक्षण सेमीनार में भाग लेकर फूड क्लस्टर में उद्योग स्थापित कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश की डॉ.मोहन यादव की सरकार स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के लिए संभावनाएं तलाश रही है। ऐसी स्थिति में क्षेत्र के युवा खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्योग स्थापना हेतु आगे आएं। प्रदेश सरकार नव उद्यमियों की सहायता के लिए संकल्पबद्ध है। इस दौरान पूर्व संगठन मंत्री दिनेश शर्मा एवं युवा उद्यमी भी उपस्थित थे।

### साहू समाज की आराध्य मां कर्मा देवी जन्म उत्सव पर निकली शोभा यात्रा, रथ पर सवार हुईं मां कर्मा देवी, पिंक वस्त्र में मातृ-शक्ति बड़ी संख्या में हुईं शामिल



**सिलवानी।** साहू समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती की पर साहू समाज के तत्वावधान में धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा साहू धर्म शाला से प्रारम्भ हुई जो बजरंग चौराहा से गांधी चौक पुराना बस स्टैंड से शिवाजी नगर होते हुए रायल पार्क मेरीज गार्डन पर शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में पुरुष श्वेत व मातृशक्ति पिंक परिधानों में चल रही थीं। बैंड, बाजों व झांकियों के बीच निकली शोभायात्रा का मार्ग में जगह जगह स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत, विधायक देवेंद्र पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू भाजपा नेता विभोर नायक, जगदीश साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज, हरी सेवक साहू, राजू साहू, उदय राम साहू, मोहन साहू, अजय पटेल रघुवंशी समाज जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू, शुभम साहू, प्रदीप साहू (मढीया) सानू साहू, आशीष साहू (गोल्ड लोन) अखिलेश साहू सहित बड़ी संख्या में सामंजन उपस्थित रहे।

### भाण्डेर के विभिन्न मण्डलों में हुआ जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा का स्वागत



**दतिया।** नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाहा के भांडेर विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया के नेतृत्व में विभिन्न मण्डलों में स्वागत किया गया। भांडेर विधानसभा क्षेत्र के उडीना मंडल के ग्राम भलका में मंडल अध्यक्ष हुकुम नारायण सिंह यादव के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया वहीं सालोन बी मंडल अध्यक्ष रामकिंकर सिंह गुर्जर एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह किरार ने भिटारी में स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह कुशवाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय व प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें जिससे आम नागरिक को योजना का लाभ मिल सके। इस अवसर पर पूर्व विधायक घनश्याम पिरौनिया कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को भांडेर विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने में योगदान देना होगा तभी हम आगामी समय में अपनी मंजिल पर पहुंच सकते हैं। श्री पिरौनिया ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। मुख्य मंत्री मोहन यादव समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। लाडली बहना योजना के माध्यम से हमने मातृशक्ति का सम्मान किया है।

# धन्य भाग्य सेवा का पाया अवसर उप संचालक गुलाब मर्सकोले



**शहडोल।** शहडोल में लगभग 14 वर्षों से पदस्थ उपसंचालक जनसम्पर्क श्री गुलाब सिंह मर्सकोले को आज उनके संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय सागर स्थानान्तरित होने पर संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए शहडोल संभाग में अपने 14 वर्षीय कार्यकाल की यादों को साझा करते हुए उप संचालक श्री गुलाब सिंह मर्सकोले ने कहा कि मेरे धन्य भाग्य हैं जो मैने जनजातीय बाहुल शहडोल संभाग में अपनी सेवाएं देने का अवसर पाया। उन्होनें कहा कि शहडोल संभाग के सीधे, सच्चे, शालीन और सभ्य लोग मेरी स्मृति पटल में सदैव रहेंगे। शहडोल संभाग की वादियां, यहां की खूबसूरती, शहडोल संभाग का प्राकृतिक सौन्दर्य मेरी यादों में सदैव रहेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 में मैं शहडोल संभाग में पदस्थ हुआ था, तब यहां कार्य करने की बहुत सारी चुनौतियां थी। मैने टीम वर्क के साथ कार्य किया और मेरे कार्यों को समय-समय पर प्रशंसा भी मिली। मैं शहडोल संभाग के लोगों और मीडिया कर्मियों का सदैव आभारी रहूंगा कि उन्होनें मुझे सदैव सहयोग दिया और मेरा मार्गदर्शन किया। शहडोल संभाग की पत्रकारिता सकारात्मक पत्रकारिता है। उन्होंने कहा कि शहडोल संभाग के 14 वर्षीय कार्यकाल में मैने शहडोल संभाग के जनजातीय संस्कृति को गहराई से देखा और इस संस्कृति से अभिभूत होकर मैने कर्मा, दादरिया, रीना शैला जैसे जनजातीय परपंरिक नृत्यों और लोकगीतों को सीखने का प्रयास किया। इस अवसर पर शहडोल संभाग में स्थानातंरित उप संचालक जनसम्पर्क गुलाब सिंह मर्सकोले द्वारा दी गई सेवाओं का स्मरण करते हुए सहायक जनसम्पर्क अधिकारी संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल अरूणेंद्र सिंह ने कहा कि स्थानांतरित उप संचालक जनसंपर्क ने अपने कार्यकाल के दौरान जनसंपर्क विभाग को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान जनसंपर्क विभाग को और अधिक प्रभावी और गतिशील बनाने के लिए कई नए कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि उप संचालक जनसम्पर्क श्री गुलाब सिंह मर्सकोले की एक खसियत थी कि उन्होंने टीम वर्क के साथ काम किया और कर्मचारियों को अपने कार्यकाल में कुछ न कुछ सीखने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में किये गए बड़े से बड़े आयोजनों को हम बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर पाए। उन्होंने कहा कि उप संचालक जनसम्पर्क के साथ कार्य करने के लिए ज्यादा समय तो नही मिला लेकिन जितना भी समय मिला वह सराहनीय था और मुझे बहुत कुछ सीखने को भी मिला इससे मुझे अपने सेवाकाल के दौरान कार्य करने में काफी सहयोग मिलेगा। विदाई समारोह के दौरान स्थानांतरित उप संचालक गुलाब सिंह मर्सकोले को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह को जनसम्पर्क कार्यालय के प्रेमलाल पनिका, रामपाल पनिका ओम जायसवाल, राजेश बैगा, रामावतार कोरी, पवन वर्मा, संतोष वर्मा, रामबली यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# सिरोंज चौराहे से सावरकर चौक तक डामरीकरण कार्य प्रारंभ



**गंजबासौदा।** क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव द्वारा सिरोंज चौराहे के मुस्लिम भाइयों को ईद से पूर्व ईद का तोहफा दे दिया गया। नगर पालिका परिषद के सिरोंज चौराहे से सावरकर चौक तक के डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन बुधवार के दिन क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव द्वारा किया गया। इसी के साथ ही तीन-चार दिन में यह काम पूरा हो जाएगा और आवागमन पहले की अपेक्षा और अधिक सुलभ और सुगम हो जाएगा। एक महीने पूर्व सिरोंज चौराहे पर कार्यक्रम के दौरान उक्त डामरीकरण कराए जाने की मांग नागरिकों द्वारा विधायक एवं नपा अध्यक्ष से की गई थी। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि जल्द ही लोहा मिल रोड से मां कर्मा देवी चौराहे तक भी डामरीकरण कराए जाने की स्वीकृति विधायक एवं नपा अध्यक्ष द्वारा दे दी गई है। यह काम भी प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। इसके अलावा बेहलोट रोड पुलिया पर डामरीकरण एवं वार्ड नंबर 12 में कक्का वाली गली से मिल रोड तक भी डामरीकरण कराए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, संजय भावसार, पार्षद नारायण सोनी, नीलू चौबे, जगदीश व्यास, नारायण सोनी के अलावा बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे।

### इनका कहना है

नगर विकास के लिए नपा हर समय प्रयासरत है। नागरिकों द्वारा जो जायज मांग की जाती है उसको प्राथमिकता पर रखकर पूर्ण कराई जाती है। आगे भी विकास का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

**श्रीमती शशि अनिल यादव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गंजबासौदा।**

# हमें अपने पूर्वजों को हमेशा याद करते रहना चाहिए: डॉ. नरोत्तम मिश्रा



**दतिया।** हमें जो दुनिया में लाए तथा इस काबिल बनाने में अपना पूरा जीवन खफा दिया हमें अपने पूर्वजों को हमेशा याद करते रहना चाहिए। क्रिकेट प्रतियोगिताऐं तो आयोजित होती रहती हैं पर शिवा राजा बुंदेला द्वारा अपने पूज्य पिता स्व. लड्डू राजा की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित करना सराहनीय पहल है। स्व.श्री लड्डू राजा का मुझ पर बहुत आशीर्वाद था वह मेरे बड़े भाई की तरह थे। मैं उन्हें स्मरण करते हुए शिवा की टीम को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ। उक्त विचार मंगलवार को पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बड़ोनी के हरदौल स्टेडियम ग्राउंड में स्व. लोकपाल सिंह बुंदेला (लड्डू राजा) की पुण्य स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मिश्रा का शिवा राजा बुंदेला, लोकेंद्र सिंह बुंदेला, कोमल सिंह रावत, अरविंद यादव, अरविंद रावत, गुरुदेव रावत, अशोक केवट, रवि केवट, अकेन्द्र रावत, कमलेश अहिरवार आदि ने स्वागत किया। इसके पश्चात पार्षद शिवा राजा ने मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा का शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका दतिया के पूर्व उपाध्यक्ष रेवेंद्र सिंह परमार गिन्नी राजा का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नगर परिषद बड़ोनी अध्यक्ष कमलेश अहिरवार, किशुनलाल उपाध्यक्ष, पार्षद गण सोनू इटोरिया, आनंद कौशिक, रामस्वरूप सेन, अशोक कुमार, लाल सिंह आदिवासी, अरविंद वर्मा, मुकेश, दिनेश, वनमाली, गोलू राजा, शिवा राजा, शिव शंकर ने फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रतियोगिता 7 फरवरी से प्रारंभ होकर 47 दिन चली। प्रतियोगिता में दतिया शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। फायनल मैंच उनाव और गोन्धारी के बीच खेला गया जिसमें उनाव की टीम ने गोन्धारी को हराकर 16 रन से मैच जीता।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

E-mail id-mobhopal@gmail.com

क्रमांक / 766 / खनिज / 2025 — भोपाल, दिनांक 21/03/2025

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1 – क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि प्रथम स्टोन क्रेशर पार्टनर श्री राहुल नागर पता – 39 –के, ग्राम बकानिया तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 08.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 20.04.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाने हेतु आवेदन ई – खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायगे हैं।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | शाहपुर परवलिया सडक) | 498, 499, 502 (71, 72, 88) | 4.000 हेक्ट | शासकीय | मुरूम | -- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05.30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

G-24757/24

'पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार'

सहा. खनि अधिकारी
जिला भोपाल म.प्र.

### प्रजापति समाज भांडेर ने पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया को सौंपा ज्ञापन, पूर्व विधायक पिरौनिया भागवत कथा में हुए शामिल

**दतिया।** पूर्व विधायक विधायक घनश्याम पिरोनिया को भांडेर की प्रजापति समाज ने ज्ञापन सौंपा जिसमें समाज की विभिन्न समस्याओं एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा कुंभकार, प्रजापति समाज को अनुसूचित जाति वर्ग में सम्मिलित करने की मांग से अवगत कराया। श्री पिरोनिया ने प्रजापति समाज को आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी मांगों को प्रदेश सरकार तक पहुंचाया जाएगा और मुख्यमंत्री द्वारा समाधान हेतु कार्य करने का आग्रह भी किया जाएगा। तत्पश्चात श्री पिरोनिया ग्राम उडीना में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में पहुंचे जहां भागवत कथा का पूजन कर भागवताचार्य का माल्यार्पण द्वारा सम्मान किया। इस अवसर पर श्री पिरौनिया ने ग्राम वासियों से आव्हान किया कि हम सब भागवत आचरण को जीवन में उतारे और समाज हित में काम करें। इस अवसर पर हुकुम नारायण सिंह यादव, रामशरण सिंह कौरव, अयोध्या प्रसाद धाकड़, दीपक जाट, नारायण सिंह यादव, अमन दुबे, रोहित दुबे, अरविंद वंशकार, कोमल कोरी, अशोक रजक, संजय दुबे, रामहित परिहार, चंदन कुशवाहा, हरिओम दुबे, रूपेश पंसारी, गोपाल दोहरे, आनंद रजक, अभिषेक, सूरज यादव, रामकुमार, दीनदयाल, नेहा साहू आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक/ 111 /कर्मशाला विभाग/2025 — रतलाम, दिनांक 25/03/2025

**सार्वजनिक सूचना**

**(प्रथम ई-निविदा आमंत्रण)**

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है :-

| क्र | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित मात्रा | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025 UAD 411729 | नगर पालिक निगम रतलाम के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य हेतु 3.3 Cubic Meter के 06 नग इलेक्ट्रिक वाहन क्रय किये जाने के संबंध में। कार्य की समयावधि कायदिश दिनांक से 15 दिवस की अवधि तक (संलग्न स्पेसिफिकेशन अनुसार) | 06 नग | 87,00,000/- | 87,000/- | 10,000/- | 16/04/2025 |

निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालसीन समय में अवकाश दिवस को छोडकर प्राप्त की जा सकती है या ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है :-

प्रभारी अधिकारी
कर्मशाला विभाग
नगर पालिक निगम, रतलाम

प्रारूप दस
(नियम 7 देखिये)

**न्यायालय तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन कोहेफिजा जिला भोपाल)

रा.प्र.क्रं. 02903/अ-6/2024-25

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय में समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक .............. को 03.00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**अनुसूची**

ग्राम का नाम लाऊखेडी, खसरा नंबर 180/1/6/2/1/एस, क्षेत्रफल 0.0460 हेक्टेयर, उस व्यक्ति विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता) अमन अल्वी/के.एस.अल्वी, निवासी -शहर

आज दिनांक 10/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक नजूल वृत एम.पी. नगर भोपाल**

क्रमांक/रा.नि.वृ./सीमांकन 2024-25
भोपाल दिनांक 26/03/25

सूचना पत्र

प्रति,

1. थियोफिल टिग्मा 9109899820, 2. रमेश मिश्रा 9009071601, 3. योगेन्द्र धाकड 9630965633, 4. श्रीपाल परिहार 9326939051, 5. नवनीत गजभिये 7000890384

विषय :- भूमि का सीमांकन किये जाने बाबत।

संदर्भ :- प्रकरण क्रमांक 0248/अ-12/24-25 के पालन में

विषयांकित संदर्भित के संबंध में आवेदक श्री राहुल जैन पिता स्व. सुशील कुमार जैन निवासी खजूरीकलां द्वारा ग्राम खजूरीकलां की भूमि खसरा क्रं. 482/5 रकबा 0.0930 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन किया है।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 08/04/25 का समय 11.00 बजे विषयांकित संदर्भित आदेश के पालन में किया जाना है। आपको आवेदक एवं पड़ोसी भूमि स्वामी होने के कारण सूचित किया जाता है कि नियत तिथि एवं समय पर मौके पर उपस्थित रहे।

आपकी अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

नोट :- अपरिहार्य कार्य की दशा में सीमांकन की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

दिनांक 26/03/25

राजस्व निरीक्षक नजूल वृत्त-एम.पी. नगर

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम सूचना**

**क्रमांक 6983/राजस्व/भोविप्रा/24,**
**भोपाल दिनांक 20/12/24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन-2, अंबर कॉम्प्लेक्स योजना स्थित प्रकोष्ठ क्रमांक- 2/10, डॉ. श्री ए.एन. बक्सी आ. श्री एम.एस. बक्सी के नाम पर आवंटित है। आवंटी डॉ. श्री ए.एन. बक्सी के मुख्तारआम श्री दिनेशचन्द्र कोठारी आ. श्री रविचन्द्र कोठारी द्वारा उक्त प्रकोष्ठ का विक्रय दिनांक 14/01/2004 को श्री पी.आर. फाटे आ. श्री के.के. फाटे, श्रीमती कला फाटे पत्नी श्री पी.आर. फाटे को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया है। श्री पी.आर. फाटे एवं श्रीमती कला फाटे द्वारा प्राधिकरण में उक्त प्रकोष्ठ का नामान्तंरण नहीं कराया गया है। श्री पी.आर. फाटे एवं श्रीमती कला फाटे द्वारा उक्त प्रकोष्ठ को बैंक में बंधक करके ऋण प्राप्त किया गया था। **ऋण चुकता नहीं करने के कारण न्यायालय तहसीलदार नूजूल शहर भोपाल द्वारा दिनांक 01/03/2008, श्री उपेन्द्र पाल सिंह आ. श्री महेन्द्रपाल सिंह को नीलामी द्वारा विक्रय किया गया। श्री उपेन्द्र पाल सिंह आ. श्री महेन्द्रपाल सिंह द्वारा प्रस्तुत विक्रय-प्रमाण-पत्र एवं आवेदन पत्र के आधार पर उक्त प्रकोष्ठ क्रं.-2/10, का नामान्तंरण अपने नाम पर चाहा गया है।**

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र.**

प्र.क्र.आरएस/444/0760/4375/25

**// इश्तहार //**

आवेदक जलज मित्रा आ./पत्नी स्व. श्री डी.के. मित्रा निवासी ग्राम दामखेडा द्वारा ग्राम दामखेडा स्थित खसरा नंबर पुराना खसरा नं. 7/1/1, 7/1/2, 7/2/1, 7/2/2, 8/1 नया खसरा 69, 70, 72 क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट अर्थात 139.40 का फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 28/04/25 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अति . तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला भोपाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र.**

प्र.क्र.आरएस/444/0760/2781/25

**// इश्तहार //**

आवेदक राकेश पटेल आ./पत्नी इन्द्रमणि पटेल निवासी ग्राम बनाई पोस्ट जुडमनिया हाल मु. भोपाल द्वारा ग्राम चीचली स्थित खसरा नंबर 109, 105/1, 104, 103 भूखंड खसरा क्र. 109 का अंश भाग है क्षेत्रफल 800 वर्गफिट का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 09/04/25 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अति . तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला भोपाल

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बैरागढ़ चीचली वृत्त, तहसील कोलार, जिला भोपाल म.प्र.**

प्र.क्र.आरएस/444/0760/2782/25

**// इश्तहार //**

आवेदक सुरसरि प्रसाद पटेल आ./पत्नी बृजभूषण पटेल निवासी जे.87 राजहर्ष कालोनी द्वारा ग्राम गेहूखेडा स्थित खसरा नंबर 248/2 क्षेत्रफल 8.40 वर्गमीटर का विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 09/04/25 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/03/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

अति . तहसीलदार
तहसील कोलार, जिला भोपाल

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वैध कालोनी प्रकोष्ठ, शाहपुरा**

क्रं.1172/6,/का.प्र./ 2025 — भोपाल दिनांक 13/03/2025

**।।सार्वजनिक विज्ञप्ति ।।**

**मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13 (2) के अन्तर्गत**

सर्वसाधारण जनता की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि श्री/अध्यक्ष/ मेसर्स पार्थ डेवलपर एण्ड कन्स्ट्रक्शन द्वारा ग्राम लाऊखेड़ी स्थित भूमि खसरा क्र. 215/1/1/1/1/2, 224/1/2/1, 225/226/2/2/2/1/2 कुल रकबा 0.703 हेक्टेयर (7030.00 व.मी.) पर भोपाल नगर पालिका निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी "SAMRUDDHI ORCHARD" निर्मित करने जा रहे है के द्वारा कुल बंधक किया गया भूखण्डो का क्षेत्रफल 1298.47 व.मी., नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक - BPLLP02092419587 दिनांक 25/10/2024 में दर्शित भूखण्ड क्रं. – एस – 01 क्षेत्रफल – 277.25 व.मी., भूखण्ड क्रं. – 01 क्षेत्रफल –104.79 व.मी, भूखण्ड क्रं. – 02 क्षेत्रफल – 99.10 व.मी, भूखण्ड क्रं. –03 क्षेत्रफल – 122.40 व.मी, भूखण्ड क्रं. –04 क्षेत्रफल –181.48 व.मी, भूखण्ड क्रं.– 27 क्षेत्रफल – 81.86 व.मी, भूखण्ड क्रं. –33 क्षेत्रफल – 85.89 व.मी, भूखण्ड क्रं. –34 क्षेत्रफल–89.06 व.मी, भूखण्ड क्रं. – 35 क्षेत्रफल – 91.57 व.मी, भूखण्ड क्रं. – 36 क्षेत्रफल – 93.30 व.मी, भूखण्ड क्रं.–37 क्षेत्रफल –72.07 व.मी, इस प्रकार कुल 11 भूखण्ड जिनका कुल क्षेत्रफल 1298.47 व.मी., नगर निगम, भोपाल के पक्ष में बन्धक रखे गये हैं। ये भूखण्ड इस क्षेत्र की कॉलोनी का आतंरिक विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात् नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेगे तथा इसी के पश्चात् इन भूखण्ड का विक्रय किया जा सकेगा।

अत : सर्व साधारण इन भूखण्डो के संबंध में न तो अनुबंध करें न ही किसी भी प्रकार के विक्रय, बंधक तथा अन्तरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी अत : सूचित हो ।

नगर निवेशक एवं सक्षम प्राधिकारी
नगर पालिक निगम भोपाल

# मानदेय नहीं मिलने से नाराज आउटसोर्स कर्मचारी गये अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**श्योपुर।** पिछले 11 महीनों से मानदेय नही मिलने से नाराज समस्त आउटसोर्स कर्मचारी सोमवार को विजयपुर के पोषण पुनर्वास केंद्र में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं किया गया। मानदेय नही मिलने के कारण वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। कई कर्मचारियों के घर में राशन तक के लिए पैसे नहीं हैं, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण कठिन हो गया है। उनका आरोप है कि प्रशासन लगातार आश्वासन देता रहा है, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। जिसमें बकाया 11 महीने का मानदेय तत्काल दिया जाए। भविष्य में मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को स्थायी किया जाए या उनके हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस मामले में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया है। नाराज कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कोई समाधान नहीं निकला, तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने शासन और उच्च अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे अपना आंदोलन जारी रखेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मुद्दे को कब और कैसे सुलझाता है।

### इनका कहना है

हमें करीब 11 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण हमें आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। हमने कई बार अधिकारियों को बताया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसलिए हम सभी आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर बैठे हैं।
**सुनीता पाल** आउटसोर्स कर्मचारी, विजयपुर

## आदतन अपराधी को अवैध पिस्टल के साथ किया गया गिरफ्तार



**हरिप्रसाद गोहे, आमला।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत, पुलिस अधीक्षक श्री निश्चल एन. झारिया द्वारा जारी निर्देशों के अंतर्गत थाना आमला चौकी बोडखी पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।
श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी मुलताई एस. के. सिंह के मार्गदर्शन में थाना आमला चौकी बोडखी पुलिस ने कुख्यात बदमाश करण उर्फ झांगरू पिता गणेश सोनेकर निवासी स्वीपर मोहल्ला कोठी बाजार बैतूल को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल जब्त की गई। दिनांक 25.03.2025 को थाना आमला चौकी बोडखी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पिस्टल लेकर बेचने की मंशा से रामटेक पहाडी के पास घूम रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने रामटेक पहाडी के पास पहुंचकर एक व्यक्ति नीले रंग की टी शर्ट पहने घूमते दिखा जिसे रोका तो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से घेराबंदी कर बमुश्किल पकडा जिसका नाम पता पूंछने पर अपना नाम करण उर्फ झांगरू पिता गणेश सोनेकर निवासी स्वीपर मोहल्ला कोठी बाजार बैतूल बताया जिसकी तलाशी लेने पर एक अवैध देशी पिस्टल (कीमत 10,000) बरामद हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### नवोदय चयन परीक्षा में सुभाष विद्या निकेतन सुठालिया का छात्र जिले में रहा अव्वल



**समय जगत, सुठालिया।** संपूर्ण भारत में आयोजित की जाने वाली नवोदय परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ है जिसमें सुभाष विद्या निकेतन सुठालिया के 12 बच्चे उत्तीर्ण हो कर नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने के लिए चयनित हुए हैं नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य एच एल मेहर एवं सविता लोधी ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि हमें अपने छात्रों पर गर्व है उनकी मेहनत और समर्पण ने इस उपलब्धि तक पहुंचाया है हम भविष्य में और अधिक से अधिक छात्रों को नवोदय विद्यालय भेजने में कामयाब होंगे उल्लेखनीय है कि सुभाष विद्या निकेतन सुठालिया के छात्र लगातार 5 वर्षों से जिले की लिस्ट में टॉपर बने हुए हैं इस वर्ष अनिल वर्मा के सुपुत्र भूमिक वर्मा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है नवोदय प्रवेश परीक्षा में चयनित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से अभिषेक सिंह यादव और समस्त शिक्षकों,परिजनों और मित्रों ने बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### जनसुनवाई में आये क्षेत्र के नागरिकों की विधायक ने सुनी समस्याएं,अधिकारियों को दिये निर्देश,समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने की कही बात



**आष्टा।** प्रत्येक बुधवार को आष्टा विधायक अपने कार्यालय में सुबाह 10 बजे से जनता की समस्याओं को सुनने,उनेह हल करवाने के लिये जनसुनवाई करते है। आज बुधवार को प्रात: से दोपहर तक कार्यालय में उपस्तिथ रह कर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनता की समस्याओं को सुना एवं उनकी समस्याओं को हल करने के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर जो की हर बुधवार को अपने कार्यालय में जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उपस्तिथ रहते है। आज बड़ी संख्या में क्षेत्र से नागरिक जनसुनवाई में पहुचे एवं अपनी अपनी पीड़ा से विधायक को अवगत कराया एवं आवेदन दिये। जनता से प्राप्त आवेदनों पर विधायक ने कहा आपकी समस्याओं को सुनना एवं उसे हल करना मेरा प्रथम दायित्व है। आज आये आवेदनों को तत्काल सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर ग्रामीणों की समस्याओं का समय सीमा में तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। आज जनसुनवाई में कई विभागों के जैसे आवेदन प्राप्त हुए उन्हें निराकरण हेतु भेजे गये। विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने कार्यालय आये सभी नागरिको को भरोसा दिया कि आपकी समस्याओं का जल्द निराकरण होगा। आज जनसुनवाई में 1. खेत पहुंच मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी,2.नवीन हैंडपंप हेतु,3.पुत्री के गर्म पानी के कारण जलने पर उसकी मृत्यु हो जाने के कारण आर्थिक सहायता दिलाने,4. विद्युत डेक समायोजन बाबत,5. विद्युत देयक में नाम संशोधन बावत,6. विद्युत कनेक्शन हेतु,7. मंदिर निर्माण हेतु आर्थिक सहायता,8. प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त प्रदाय बाबत,9. प्रधानमंत्री आवास कुटी में नाम जुड़वाने संबंधी,10. संबल कार्ड का लाभ प्राप्त करने संबंधित,11. सड़क निर्माण संबंधित,12. नवीन ट्रांसफार्मर स्थापित कराने,13. स्वेच्छिक स्थानांतरण कराने संबंधित,14. जन्मतिथि में सुधार बावत,15. स्वास्थ्य विभाग का मेडिकल बिल भुगतान संबंधित सहित अन्य विभागों की आई समस्याओं को लेकर मौके से ही सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को आई समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये,कुछ आवेदन निराकरण हेतु सम्बंधित विभागों को भेजे गये।

### आमला विकास समिति का पुनर्गठन : मदान अध्यक्ष और संजय साहू बने कार्यकारी अध्यक्ष

**समय जगत, आमला।** नगर में सिविल कोर्ट की स्थापना, महानदी एक्सप्रेस के लिए रेल रोको आंदोलन जैसे संघर्षों के नेतृत्वकर्ता नागरिकों के संगठन आमला विकास समिति का पुनर्गठन किया गया। समिति के संस्थापक सदस्यों द्वारा पूर्व अध्यक्ष स्व. आर. डी. राठौर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, सर्वसम्मति से अध्यक्ष – राजू मदान, कार्यकारी अध्यक्ष – संजय साहू, उपाध्यक्ष – शेख हफीज, सचिव – नीरज सोनी, कोषाध्यक्ष – फिरोज हुसैन मनोनीत किये गए। आमला विकास समिति के पदाधिकारी, जनहित और सामाजिक सरोकार से जुड़ी सृजनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहेंगे।

### अपहरण की झूठी कहानी का भँवरकुआं पुलिस ने कुछ ही घण्टों में किया पर्दाफाश

**इन्दौर।** पुलिस थाना भंवरकुआं पर सतीश गुप्ता के पिता व्दारा पुलिस को सूचना दिया की मेरे बेटे सतीश गुप्ता पिता श्रीराम गुप्ता उम्र 24 साल निवासी सीधी का वर्तमान में सर्वानंद नगर इन्दौर पर रहकर चौईथराम फुल मण्डी में दुकान पर नौकरी करता है। जिसको किसी ने बंदी बनाकर रखा है और सतीश गुप्ता को छोडने के लिये 1 लाख रुपये फिरौती मांग कर रहे है। उक्त सूचना पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एसीपी जूनी इंदौर श्री देवेंद्र सिंह धुर्वे के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी भंवरकुआं द्वारा पुलिस टीम गठित कर सूचनाकर्ता के बतायेनुसार घटना की तस्दीक करते आसपास में पूछताछ करते पुलिस को घटना पर संदेह होकर घटना संदिग्ध लगी, पुलिस टीम व्दारा तत्काल बदमाश के मोबाईल नंबर की लोकेशन लेते व घटना की सुक्ष्म जांच कर स्थिति जानते पुलिस टीम को घटना पर ओर संदेह हुआ। तुरन्त पुलिस बतायेनुसार पहुंची जहां पर सतीश गुप्ता उसके साथी दोस्त आरुष आरोरा निवासी प्रिंस नगर इन्दौर व तेजवीर सिंह सद्द निवासी मेहरबान नगर इन्दौर के साथ मिला, जिससे घटनाक्रम की सूक्ष्मता से विस्तृत पूछताछ की तो, वो घभराने लगा और बताया कि मेरे व्दारा अपने शौक पूरे करने के लिये लोगो से कर्जा लिया जिससे में चुका नही पाने के कारण बदमाश सतीश गुप्ता पिता श्रीराम गुप्ता उम्र 24 साल निवासी सीधी का वर्तमान में सर्वानंद नगर इन्दौर अपने दोस्त के साथ झुठी साजिश कर अपने परिवार से पैसे मांगने की झूठी कहानी रची थी। पुलिस द्वारा आरोपियाओं को गिरफ्तार कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री लखन पटेल



**समय जगत, बेगमगंज।** बुधवार को जलास गार्डन में कुर्मी क्षत्रिय समाज का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पशुपालन मंत्री लखन पटेल सम्मिलित हुए, उनके साथ में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह एवं सांची विधायक प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा भी शामिल हुए। मप्र शासन मंत्री लखन पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि में शासकीय सेवा से लेकर आज यहां तक पहुंचा हूं और आप सब की सहयोग की आवश्यकता है आपके, जनता के सहयोग के बिना कोई आदमी कामयाबी का सफर तय नहीं कर सकता है। आप अपने आप में विश्वास करें और सामने वाले का विश्वास करें इससे आपकी तरक्की है। वहीं अपने विभाग की योजनाओं को बताते हुए उन्होंने कहा कि गायों का पालन-पोषण करें अपने घर रखें गाय पालने 25त्न अनुदान भी मिलेगा। इस समय दमोह में 500 से अधिक कुर्मी समाज डॉक्टर हैं दमोह डॉक्टरों का गढ़ बन गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता जयदीप पटेल ने कहा कि समाज में एकता बहुत जरूरी है और जिस समाज में एकता होती है वह समाज उच्च शिखर पर होती है। वहीं पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि आपने गौ सेवा का संकल्प लिया है मंत्री लखन पटेल आज हमारे क्षेत्र में आए हैं मैं उनका स्वागत करता हूं। आज हमारा देश उच्च शिखर पर पहुंच रहा है जिसकी दिशा निर्देश करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल हैं और प्रधानमंत्री मोदी जी ने गुजरात में उनकी यात्रा से प्रतिमा लगवाई है यह ऐतिहासिक फैसला लिया है और आज पटेल समाज कुरीतियों को दूर कर रहा है। प्रभु राम चौधरी सांची विधायक अपने उद्बोधन में इसी क्षेत्र का रहने वाला हूं मेरी शिक्षा दीक्षा सब बेगमगंज से हुई है और यहां के लोगों ने मुझे जिला पंचायत में भरपूर समर्थन दिया और सहकारिता में भी यहीं से पदाधिकारी रहा हूं मुझे बेगमगंज के लोगों ने बहुत ही सहयोग किया है जिसकी वजह से मैं आज यहां तक पहुंचा। कार्यक्रम में रविन्द्र रब्बू पटेल, जीवन पटेल, सुरेश पटेल, प्रकाश पटेल, कुर्मी पटेल समाज ब्लॉक अध्यक्ष डॉ दीपक पटेल, ब्लाक महासचिव अंतेश गौर, ग्रामीण अध्यक्ष धर्मेंद्र गौर, राहुल पटेल, रोहित पटेल ,भारत पटेल करोला, योगेश कुर्मी, रूपसिंह पटेल, प्रमोद पटेल सरपंच, बबलू पटेल, अनुज गौर, सरपंच, शिवशंकर गौर, अरुण पटेल, प्रदीप गौर, अभिषेक पटेल, अभदेश पटेल, योगेंद्र पटेल, प्रकाश पटेल, मोनू पटेल, शिवराज पटेल, नीरज गौर, बलवीर गौर, मनोज पटेल, आयुष्मान पटेल, राजकुमार सरपंच, बाबूलाल जी पटेल, ऋषि गौर, संजय पटेल, जयहिंद सरपंच,कमलेश पटेल, नारायण पटेल चौका आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## चंबल नहर में गिरी ट्रैक्टर-ट्राली, चालक की मौत
### शहर के नागदा रोड सीप नदी के पास हुई घटना



**श्योपुर।** कृषि उपज मंडी से उपज बेचकर आ रहे किसान की ट्रैक्टर-ट्राली रोड खराब होने की वजह से अनियंत्रित होकर चंबल नहर में गिर गई, जिससे किसान की मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पीएम कराने के बाद स्वजन को सौंप दिया है, साथ ही मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीजी गांवड़ी निवासी कमलेश पुत्र रामकिशन मीणा जैदा मंडी से फसल बेचने के बाद खाली ट्रैक्टर-ट्राली लेकर बायपास होते हुए अपने गांव जा रहा था, तभी नगादा रोड सीप नदी के पास रोड खराब होने की वजह से ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सीधे नहर में जा गिरा। चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया जिस वजह से निकल नहीं सका। जब पुलिस और आसपास लोग नहर पर पहुंचे तो उन्होने कमलेश मीणा को बाहर निकाला और जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मृतक के ताऊ के लड़के बाबूलाल पुत्र रामकुमार मीणा की शिकायत पर मर्ग कायम कर लिया है।

### शराब तस्कर बना लाखों की संपत्ति का मालिक, आखिर कौन दे रहा संरक्षण?

**समय जगत, मनेंद्रगढ़।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, लेकिन पुलिस और आबकारी विभाग की निष्क्रियता के कारण इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। इससे संबंधित अधिकारियों पर तस्करों को संरक्षण देने के आरोप भी लग रहे हैं। शहर और ग्रामीण इलाकों में मध्य प्रदेश से लाई गई शराब खुलेआम बेची जा रही है। इसकी जानकारी पुलिस और आबकारी विभाग को भी है, लेकिन कार्रवाई न होने से अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहा है। सूत्रों के अनुसार, मध्य प्रदेश के शराब कोचिए मनेंद्रगढ़ के चनवारीडांड क्षेत्र में स्थित एक घर में शराब का स्टॉक करते हैं। इसके बाद इसे शहर के विभिन्न वार्डों, होटलों, ढाबों और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जाता है ।सूत्रों के अनुसार, कुछ साल पहले तक जिस शराब तस्कर के पास बमुश्किल दो वक्त की रोटी और आने-जाने के लिए साधन था, आज वह शराब तस्करी के जरिए लाखों की संपत्ति का मालिक बन चुका है। उसने अपने नेटवर्क को इतना मजबूत कर लिया है कि अब उसके पास कई गुर्गे काम कर रहे हैं, जो मध्य प्रदेश से शराब लाकर मनेंद्रगढ़ में सप्लाई करते हैं।
पुलिस और आबकारी विभाग पर सवाल-पुलिस और आबकारी विभाग अब तक इस तस्कर को पकड़ने में नाकाम रहे हैं, जिससे कई सवाल खड़े होते हैं। क्या इन पर किसी का दबाव है, या फिर मिलीभगत के चलते कार्रवाई नहीं की जा रही? जिस तरह से अवैध शराब का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है, इससे सरकार को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है। वहीं, तस्कर अवैध रूप से करोड़ों की कमाई कर रहे हैं ।यदि समय रहते इस शराब तस्कर पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो आने वाले समय में न केवल सरकार को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा, बल्कि अपराध और भी बढ़ सकता है। खास बात यह है कि मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली में लोकल पुलिसकर्मियों और क्राइम टीम की मौजूदगी के बावजूद अवैध शराब तस्करी पर लगाम नहीं लग पा रही। यह स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है।

## आग लगने से किसान का गेहूं,ट्रेक्टर,थ्रेसर,मकान जल कर हुआ नष्ट,पीड़ित किसान के पास पहुंचे विधायक,ली जानकारी

### अधिकारियों को आर्थिक सहायता के प्रकरण बनाने के दिये निर्देश



**आष्टा।** गत दिवस आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धूराडा में किसान कृपाल सिंह पिता रामप्रसाद के खले में रखी गेंहू की तैयार फसल,खले के पास में रखे खेती किसानी के कार्य के कृषि उपकरण,ट्रेक्टर, थ्रेसर,बना मकान,मकान में रखा सामान सब कुछ जल कर खाक हो गया था। सूचना मिलते ही आष्टा विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ग्राम धुराडा पहुचे एवं पीड़ित किसान से मिल कर मौके पर पहुचे ओर हुए नुकसान की जानकारी ली। मौके से विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने एसडीएम व अन्य प्रशासनिक अधिकारीयो को फ़ोन लगाकर पीड़ित किसान के हुए नुकसान का सर्वे कर आंकलन करने, अधिक से अधिक उचित मुआवजा दिये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
संकट एवं दुख की घड़ी में पीड़ित किसान के पास पहुचे विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने किसान कृपालसिंह से कहा की संकट की इस घड़ी में मे मेरी सरकार सब आपके साथ है। आपका भाई,आपका विधायक आपके साथ खड़ा है। जितनी भी ज्यादा से ज्यादा हो सकती है आपकी सहायता की जायेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सिसोदिया, शिव पाटीदार,कुलदीप धुराडा,महेंद्र सिंह ठाकुर सहित सभी अधिकारी कर्मी कार्यकर्ता भी उपस्तिथ थे!




### विद्युत इनिशिएटिव के अंतर्गत शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय भैरुंदा में 'सौर ऊर्जा नवाचार और गृह ऊर्जा प्रणालियों का भविष्य' पर व्याख्यान किया गया आयोजित

**समय जगत,भैरुंदा।** तकनीकी शिक्षा विभाग, भोपाल द्वारा संचालित विद्युत इनिशिएटिव के तत्वावधान में शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय भैरुंदामें एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रमोद कुमार गायकवाड और देवेन्द्र पटेल उपस्थित ने विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा के नवीनतम नवाचारों और भविष्य में घरों के लिए सौर ऊर्जा प्रणालियों के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। अपने व्याख्यान में, उन्होंने सौर ऊर्जा की कार्यप्रणाली, विभिन्न प्रकार की सौर ऊर्जा प्रणालियाँ, उनकी स्थापना और रखरखाव, साथ ही इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं को शांत करने के लिए प्रश्न पूछे। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शासकीय पोलिटेक्निक महाविद्यालय भैरुंदा के प्राचार्य मधुरेन्द्र बेनसन ने कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शुभम बैरागी और शशिकांत को इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया। प्राचार्य श्री बेनसन ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान से अवगत कराते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। इस पहल का उद्देश्य नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देना है, जिससे भविष्य में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में संभावनाओं को और अधिक सशक्त किया जा सके।

# जिला रोजगार कार्यालय में आज लगेगा रोजगार मेला

### बेरोजगार युवाओं के लिए कंपनियों में मिलेंगे रोजगार के अवसर

**समय जगत, शिवपुरी।** मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आई.टी.आई संस्थान के तत्वाधान में 27 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर शिवपुरी में एक दिवसीय रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में बेरोजगार युवक-युवतियों की भर्ती एवं अप्रेंटिसशिप के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।
आवेदक अपने साथ, रोजगार पंजीयन, समग्र आईडी, अंकसूची, आधारकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, सभी की छायाप्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो आदि लेकर मेले में उपस्थित हो। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।




**इन कंपनियों में आवेदन कर सकेंगे :** जीएसए (फाउण्डेशन) सिल्वर पम्पस एण्ड मोटर-राजकोट में मशीन ऑपरेटर, एपरेंटिसशिप के पदों पर 10वी, 12वीं आई.टी.आई, डिप्लोमा एवं 18 से 36 वर्ष उम्र के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 14 हजार से 17 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। सुजुकी मोटस प्रा.लि.-गुजरात में एपरेंटिसशिप के पदों पर 10वीं एवं आयु 18 से 21 वर्ष आयु के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 15 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। चेकमेट सर्विस प्रा.लि. गुजरात में सिक्योरिटी गार्ड, ड्राईवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर 10वी एवं आयु 20 से 40 वर्ष आयु के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 21 हजार से 23 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। एचडीबी फाइनेंशियल में सर्विस इंडसिंड बैंक शिवपुरी के पदों पर एसओ, एसएसओ, एसएम के पदों पर 12वीं ग्रेजुएशन एवं आयु 22 से 30 वर्ष आयु के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 12 हजार से 18 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इंडसिग बैंक शिवपुरी में विजनेश डवलपमेंट एक्सक्यूटिव रिलेशनशिप ऑफीसर के पदों पर ग्रेजुएशन एवं आयु 20 से 28 वर्ष आयु के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 17 हजार प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इगल सिक्योरिटी सर्विस एण्ड गुरुकृपा कंसल्टेंट शिवपुरी में सिक्यो-रिटीगार्ड,. सुपरवाइजर, क. ऑपरेर, हेल्पर, वर्कर आदि पर 8वीं पास से स्नातक एवं आयु 18 से 45 वर्ष आयु के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 7 हजार रुपए से स्टार्ट प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। आईसर एकेडमी शिवपुरी में ऑटोमोटिव टेक्निशियन. व्हीकल ड्राइवर के पदों पर 10वीं एवं आयु 18 से 26 वर्ष आयु के आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 10 हजार एवं 11 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

# शराब ठेके के विरोध में उतरे ग्रामीण, सरपंच के साथ सैकड़ों महिलाओं सहित लोगों ने सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, पन्ना।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा आबकारी नीति में बदलाव करते हुए पूरे जिले का शराब ठेका एक ही ठेकेदार को सौंपा गया है। इसके साथ ही कुछ नगरीय क्षेत्रों की शराब दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों में शिफ्ट की जा रही हैं जिसका विरोध होने लगा है। ऐसा ही मामला पन्ना जिले के बघवार कला का सामने आया है। ग्राम पंचायत बघवार कला की सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने जिला मुख्यालय पहुंच कर कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी करते हुए आबकारी अधिकारीए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंप कर शराब ठेका ग्राम पंचायत बघवार कला से दूर खोलने की मांग उठाई है।ग्रामीणों ने बताया कि रैपुरा व मोहंद्रा का शराब ठेका ग्राम बघवार कला में शिफ्ट किया जा रहा है। जहां पुलिस चौकी भी नहीं हैए पूर्व में यहां शराब की वजह से यहां



लड़ाई झगड़ा एवं अत्यधिक शराब के सेवन से एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी हैए गांव के आसपास शराब ठेका खुलने से बाहर के लोग यहां शराब का सेवन करने आएंगे जिससे अपराध बढ़ेंगे और महिलाएं बेटियां भी असुरक्षित हो जाएगीए इसलिए गांव के लोग शराब से नफरत करते हैं और अपने गांव के आसपास शराब की दुकान खोलने के विरोध में हैं। यदि गांव के आसपास शराब की दुकान खोली जाती है तो संपूर्ण ग्रामीण महिलाएं और पुरुष अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। विरोध प्रदर्शन एवं आवेदन के दौरान सरपंच सुनीता लोधीए उपसरपंच सुनीता बाईए कौशल्या बाईए राजकुमारीए जलसा बाईए लाड़ली बाईए दुखनी बाईए साबू लाल लोधीए नीरज लोधीए कैलाश सिंहए घनश्याम सिंहए आनंदी लोधी सहित लगभग सैकड़ा भर से अधिक महिलाएं और पुरुष शामिल रहे।

# 15 दिवसीय व्यावसायिक शिक्षा शिविर का हुआ आयोजन

**हटा।** नगर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में 15 दिवसीय व्यावसायिक शिक्षा शिविर का सफलतम आयोजन किया गया। इस व्यावसायिक शिक्षा शिविर का आयोजन पीएम श्री स्कूल योजना के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह के प्रशिक्षित शिक्षकों शिक्षिकाओं द्वारा किया गया यह शिवा यर 3 से 15 मार्च तक आयोजित की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पीएमसी स्कूल योजना के अंतर्गत बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा का ज्ञान देना वह अपने जीवन में इस व्यावसायिक शिक्षा का प्रयोग व इस्तेमाल करते हुए अपने जीवन को सफल बनाना। इस 15 दिवसीय व्यावसायिक शिक्षा में जो पाठ्यक्रम



शामिल किए गए उनके नाम साइबर सिक्योरिटी आई एवं गूगल वर्कस्पेस फंडामेंटल्स ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग कंप्यूटर एडेड ड्राइंग इलेक्ट्रिक वेल्डिंग इन सभी मदों में कक्षा 9वी एवं ग्यारहवीं के लगभग डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं को विभिन्न विधाओं में पारंगत किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी विद्यालय के पीके बत्रा, नीरज कुमार एवं वेदप्रकाश रहे। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार त्रिपाठी ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के जो की राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय दमोह से आए हुए थे सभी का आभार माना एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बांदरी में धूमधाम से मनी मां कर्मा देवी की जयंती




**समय जगत, बांदरी ।** बांदरी में मंगलवार को मां कर्मादेवी की जयंती मंत्री कार्यालय परिसर में धूमधाम से मनाई गई। प्रारंभ में नगर के प्रमुख मार्गों से गाजे.बाजे के साथ मां कर्माबाई की शोभायात्रा निकाली गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंत्री प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह ने कहा कि मां कर्मा देवी ने जो आदर्श संपूर्ण मानव समाज के लिए प्रस्तुत किया हैए वह अनुकरणीय है। आज आवश्यकता है कि हम मां कर्मा देवी के आदर्शों को आत्मसात कर अपने जीवन का कल्याण करें। श्री सिंह ने कहा कि मां कर्माबाई ने जो हमें भक्ति का मार्ग दिखाया हैए हम सब को उस मार्ग पर चलने की जरुरत है। मंत्री प्रतिनिधि श्री सिंह ने प्रारंभ मे मां कर्मादेवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजन की। साहू समाज के लोगों ने मंत्री प्रतिनिधि श्री सिंह समेत सभी अतिथियों की गाजे.बाजे से आगवानी कर स्वागत किया। शोभा यात्रा व समारोह के पश्चात प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया।

### खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा मध्यान्ह रसोई घर का किया गया औचक निरीक्षण

**समय जगत, दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने हटा नगर में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत तैयार भोजन आलू छोले सब्जीए पुड़ी एवं खीर के नमूने जांच हेतु लिए। निरीक्षण की कार्यवाही हटा नगर में रनेह रोड स्थित वर्णिता महिला मंडल द्वारा संचालित मध्यान्ह भोजन केंद्रीय रसोई घर में की गई। वर्णिता महिला मंडल द्वारा हटा नगर में शहरी क्षेत्र में 16 विद्यालयों को मध्यान्ह भोजन वितरित किया जाता है। किचिन एरिया में पर्याप्त स्वच्छता रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान कार्यरत कर्मचारियों को एप्रन, हेड कवर का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर इस संबंध में नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### जिपं सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

**समय जगत, पन्ना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी द्वारा सोमवार को पवई क्षेत्र की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कई विकास कार्यों का निरीक्षण कर अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। ग्राम पंचायत उड़ला में मनरेगा अंतर्गत तालाब निर्माण कार्य का जायजा लिया एवं कार्य की गुणवत्ता परखी। सीईओ श्री मरावी ने ग्राम पंचायत कोनी एवं सिरसी के नवीन ग्राम पंचायत अटल सुशासन भवन का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर निर्धारित मानकों के तहत उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित उप यंत्रीए सरपंचए सचिव एवं रोजगार सहायक को जरूरी निर्देश दिए। जिपं सीईओ द्वारा विभिन्न सामाजिक योजनाओं की भी जानकारी ली गई तथा स्थानीयजनों से संवाद किया गया।

### एक अप्रैल से स्वयं के उपयोग वाली संपत्ति पर चुकानी होगी दोगुनी राशि

**समय जगत, कटनी।** कटनी नगर निगम सीमांतर्गत स्वयं के उपयोग वाली संपत्ति में 1 अप्रैल से राशि दो गुना हो जायेगी जिसमें आने वाली लोक अदालत में भी राहत नहीं मिलेगी, करदाता 31 मार्च के पूर्व राशि जमा कर दो गुना राशि चुकाने से बचें। नगर निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करने तथा लक्ष्य के अनुरूप राजस्व आय बढ़ाने के उद्देश्य से निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार वसूली अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसमें राजस्व की टीम लगातार मैदान में उतरकर करदाताओं से बकाया करों की राशि जमा करने हेतु अधिक से अधिक करदाताओं से सम्पर्क कर बकाया राशि जमा करायी जा रही है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

**समय जगत, कटनी ।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 159 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनी। कलेक्टर ने यहां दूरस्थ स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों से रू-ब-रू संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना और अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अधिकांश मामले भूमि, खसरा, नामांतरण-बंटवारा, आयुष्मान कार्ड, बिजली व्यवस्था, ट्रांसफॉर्मर बदलवाने, बिजली बिल अधिक आने, ई-केवायसी आदि के आवेदनों की सुनवाई कर निराकरण के कलेक्टर ने निर्देश दिए।



### अवैध निर्माण पर करें कार्यवाही

जनसुनवाई के दौरान तहसील रीठी निवासी आवेदक नारायण परमार ने कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के समक्ष आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम अमगवां तहसील रीठी में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 4325 रकबा 3.28 है मेरी पैतृक भूमि है। जिसका विवाद न्यायालय में लंबित होने के बावजूद भी धर्मेन्द्र अग्रवाल द्वारा अवैध अतिक्रमण व निर्माण किये जाने की जानकारी देने पर कलेक्टर श्री यादव ने रीठी तहसीलदार को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### पट्टा दिलायें

ग्राम पंचायत देवरी हटाई निवासी लक्ष्मी नामदेव, प्रेमलाल नामदेव एवं पंछी बाई नामदेव ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर कहा कि हमारा परिवार 4 पीढ़ियों से भटियां (छिपाही) में महुआ बीनता है एवं जमीन पर काबिज होने एवं पट्टा की मांग किये जाने पर कलेक्टर श्री यादव ने फॉरेस्ट विभाग को जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### धोखाधड़ी पर करें कार्यवाही

जनसुनवाई के दौरान ग्राम-बम्हौरी, थाना एवं तहसील बरही निवासी ममता तिवारी, रीता, ज्योति दुबे, ममता गुप्ता, प्रेमाबाई, विमला यादव एवं अहिल्या यादव ने कलेक्टर श्री यादव को बताया हम सभी महिलायें समूह से जुड़ी है और समूह से हमारे नाम पर सुमन लता तिवारी पति सुरेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम बम्हौरी के द्वारा हम सभी सात महिलाओं के नाम से समूह से गलत तरीके से बैंक खाते से पैसा आहरित कर लिया गया है एवं पैसा मांगने पर गाली-गलौज एवं आत्महत्या की धमकी दी जा रही है। आवेदिकाओं ने इस पर सुमन लता तिवारी एवं उनके पति सुरेन्द्र तिवारी पर कठोर कार्यवाही की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने अग्रणी जिला प्रबंधक को प्रकरण की जांच करते हुए समय सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए।

### भूमि को आबादी घोषित करें

ग्राम कछगवां से अशोक पटेल एवं अन्य आवेदकों ने बताया कि भूमि खसरा नंबर 462 रकवा 0.64 हेक्टेयर पर वे लगभग 50 वर्षो से निवास कर रहें हैं। परंतु विगत कुछ समय से शासकीय भूमियों का विक्रय एवं खुर्द- बुर्द करने वाले अराजक शक्तियों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे एवं आवागमन प्रभावित होने की भ्रामक शिकायतें की जा रही है। जबकि ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व मे भी आबादी घोषित करने की कार्यवाही कर प्रस्ताव आपके समक्ष भेजे जाने तथा आबादी घोषित करने की मांग पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार को समय-सीमा में जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

# व्यापारी के यहां मिला चोरी का चावल आरपीएफ ने की कार्रवाई

## निवार रैक पॉइंट से चोरी गया था चावल

**कटनी ।** निवार रैक पॉइंट से चावल चोरी के मामले में आरपीएफ ने चावल खरीदने वाले व्यापारी पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई आरपीएफ ने रेलवे की शिकायत पर की है। आरोपी के पास से चावल भी बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार निवार रैक पॉइंट में कई दिनों से चावल चोरी का मामला सामने आ रहा था। इसकी शिकायत रेलवे रैक पॉइंट के अधिकारी ने आरपीएफ से की। सूचना पर आरपीएफ ने जांच शुरू की। आरपीएफकी टीम ने रविवार देरशाम निवार में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर स्वप्निल जैन के यहां जांच की। जांच के दौरान रैक पॉइंट का सरकारी 10 क्विंटल चावल बोरियों में बरामद किया। व्यापारी ने आरपीएफ को बताया कि वह एक युवक से चावल खरीदा था। रेल संपत्ति चोरी करने पर आरपीएफ ने आरोपी के खिलाफ रेलवे संपत्ति धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया है। बताया जाता है कि व्यापारी चोरों से सस्ते दाम में चावल लेकर बाजार में महंगा बेचता था। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी अनिल दीक्षित ने बताया कि निवार रैक पॉइंट से चावल चोरी के मामले में रेलवे की शिकायत पर मामले की जांच की गई। स्वप्निल जैन के पास से 10 क्विंटल चावल जप्त करते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। चोरी करने वाले आरोपी की तलाश जारी है।

# श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह की अमृत कथा सुनकर भाव विभोर हुये श्रोता

**समय जगत, पन्ना।** पन्ना शहर के धाम मोहल्ला पुरानी तहसील के आगे सेन परिवार के घर में चल रह श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास श्री भरत जी महाराज ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच बीच में सुंदर.सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। श्रीमद् भागवत कथा का छठे दिन सर्वप्रथम कथा वाचक द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की गणेश वंदना विधि विधान से शुभारंभ कराया। छठे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। कथा वाचक श्री भरत जी महाराज ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद श्री कृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण रुकमणी जी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने विवाह का अंनद लिया। दिनांक 26 मार्च को श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### गुड़ी पड़वा पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में होगा कार्यक्रम

**समय जगत, पन्ना।** संस्कृति विभाग द्वारा रविवार 30 मार्च को चैत्र नवरात्र के प्रारंभ अवसर एवं गुड़ी पड़वा पर्व पर श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण पन्ना में विक्रमोत्सव 2025 का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर द्वारा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही अन्य विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा सूर्य उपासना पर केन्द्रित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विक्रम संवत् भारतीय कालगणना के बारे में जानकारी दी जाएगी।

बजरंग दल का विशाल त्रिशूल दीक्षा एवं संयोजक सम्मेलन संपन्न

# हिंदुओं के मान बिंदुओं की सुरक्षा के लिए हुई बजरंग दल की स्थापना : प्रांत संगठन मंत्री भार्गव

**आगर मालवा।** बजरंग दल की स्थापना हिंदुओं के मान बिंदुओं की सुरक्षा के लिए हुई जब राम जन्मभूमि के लिए यात्रा शुरू की गई तो विधर्मियों द्वारा चुनौती दी यात्रा कभी पूर्ण नहीं होगी तब बजरंग दल का जन्म हुआ बजरंग दल की स्थापना चुनौतियां से निपटने के लिए ही हुई है। बजरंग दल जन्म से लगातार संघर्ष करता आया है संघर्ष कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। संपूर्ण भारतवर्ष में राम जन्मभूमि के लिए यात्रा भी निकाली गई एवं अयोध्या में भव्य राम लला का मंदिर भी बनाया गया उक्त बात विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव ने सोमवार देर शाम सरस्वती शिशु मंदिर सभागार त्रिशूल दीक्षा एवं बजरंग दल संयोजक सम्मेलन कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मालवा प्रांत के संगठन मंत्री खगेंद्र भार्गव बजरंग दल जिला संयोजक राहुल माली आगर प्रखंड मंत्री शंकर सिंह तंवर मंचासीन थे। सर्वप्रथम श्री




राम दरबार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री श्री भार्गव ने आगे कहा कि तथाकथित लोगों के द्वारा समाज में बजरंग दल की छवि को धूमिल करते हुए गुंडो की उपाधि दी गई लेकिन बजरंग दल का धेय वाक्य सेवा सुरक्षा और संस्कार है फिर भी हिंदुओं की मान बिंदुओं की सुरक्षा की बात आई तो बजरंग दल निश्चित रूप से डटकर मुकाबला करेगा चाहे समाज या विधर्मी कुछ भी कहे बजरंग दल के कदम हमेशा आगे बढ़ते रहेंगे। हिंदू समाज पर उठने वाले हाथ को तोड़ने का दम बजरंग दल रखता है, इसीलिए कहा जाता है सभी समस्याओं का हल बजरंग दल बजरंग दल। बजरंग दल का जन्म हिंदू समाज के मान बिंदुओं की सुरक्षा के लिए हुआ हैं और बजरंग दल वह कार्य बखूबी कर भी रहा है। हमें गुलामी का इतिहास पढ़ाया गया जबकि भारत भूमि वीरों की भूमि हैं हमें वीरगाथाएं नहीं बताई गयी लेकिन सच छुप नहीं सकता है वीरता हमारे खून में है। हमारे हजारों मंदिरों को तोड़ा गया हमारी आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया फिर वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में सरकारों द्वारा उनके पक्ष में कानून भी बनाया गया।

## 'पोषण भी–पढ़ाई भी' अभियान के तहत 29 तक होगा आयोजन

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**समय जगत, दमोह।** जिले के दमोह परियोजना सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए मास्टर ट्रेनिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें पीपीटी, प्रोजेक्टर और स्पीकर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण विकासखंड स्तर पर आयोजित हो रहा है। 3 वर्ष की आयु तक बच्चे की मस्तिष्क का 80 प्रतिशत और 6 वर्ष तक 90 प्रतिशत मानसिक विकास हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नव चेतना व आधारशिला का पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को सिर्फ पोषण आहार तक सीमित न रखते हुए बच्चों की बुनियादी शिक्षा पर भी ध्यान देना है। सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत पोषण भी पढ़ाई भी के द्वितीय



दिवस में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें पोषण व जीवन चक्र की महत्वपूर्ण दिवसों पर चर्चा कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के सागर संभाग के महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक बी एल प्रजापति ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन किया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बच्चों के पोषण एवं पढ़ाई को लेकर जानकारी ली अभियान की महत्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी सराहा। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े टीकाकरण, एमसीपी कार्ड, नसबंदी प्रमाण पत्र, पोषण पुनर्वास केंद्र और पोषण हितग्राही की संख्या आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर प्रशिक्षण में ग्रामीण परियोजना अधिकारी कैलाश राय ने कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए अहम कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य बच्चों को समग्र एवं गुणवत्ता पूर्व प्रारंभिक शिक्षा देना एवं देखभाल करना है। स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने के साथ ही बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के लिए तैयार करना है। इस अवसर पर पर्यवेक्षक सुरेश शुक्ला मालती पटेल, छाया नागर, गोपाल सिंह राजकमल एवं रितेश गीत उपस्थित रहे।

# बांदरी में जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकली शोभा यात्रा

**बांदरी।** बांदरी में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ जी का जन्म कल्याणक व तप कल्याणक महोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुनि श्री प्रबोध सागर जी महाराजए श्री शैल सागर जी महाराजए श्री अचल सागर जी महाराज के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह से प्रमुख मार्गो से गाजे.बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। जो प्रमुख मार्गो से होते हुई जैन मंदिर पहुंची। इस दौरान श्रावक जयकारों के साथ पालकी लेकर चल रहे थे। जैन समाज के युवा जयकारों के घोष करते हुए आगे चल रहे थे। घर.घर रंगोली सजाकर आरती की गई। शोभा यात्रा बांदरी के प्रमुख मार्गो से होते हुए पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। इसके बाद शांतिधारा अभिषेक किया गया। मुनि श्री प्रबोध सागर जी महाराज की अमृतमयी वाणी को श्रवण करने का सौभाग्य श्रावकों को मिला। मुनि श्री ने कहा कि आज हम प्रभु का जन्म कल्याणक इसलिए मना रहे हैं ताकि उनके गुणों को आत्मसात् और मोक्ष मार्ग तक पहुँचें। सम्यक दर्शनए सम्यक ज्ञानए सम्यक् चरित्र ही मोक्ष के रास्ते हैं। इन्हीं पर चलकर हमें मोक्ष प्राप्त होगा। इस



अवसर पर प्रथम शांतिधारा प्रभा जैनए संदीप जैनए नीलेश जैन राजेंद्र जैन एगुलाबचंद्र जैन एअजय जैनए द्वितीय शांति धारा पुष्पा जैनए राजीव जैनए तृतीय शांति धारा सुधा जैनए नीलेशए नीरज को करने का सौभाग्य मिला। शाम को भक्ताम्बर पाठ एवं प्रभु की आरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने भाग लिया।

# नगर सरकार के बजट में आमजन को राहत, नहीं बढ़ाया कोई टैक्स



## ट्रांसपोर्ट नगर, सब्जी मंडी के विकास पर किया फोकस

**खरगोन।** शहर के लोगों के लिए इस बार राहत की खबर आई है। नगर सरकार के पारित हुए बजट में कोई टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। परिषद बैठक में सर्व सम्मति से 154 करोड़ का बजट पारित किया गया। नए बजट में राजस्व आय 84 करोड़ 70 लाख 30 हजार एवं पूंजीगत आय 70करोड 27लाख एवं राजस्व व्यय 80 करोड़ 69 लाख 70 हजार एवं पूंजीगत व्यय 74 करोड 27 लाख का प्रावधान करते हुए निकाय की कुल बचत 60 हजार रूपये बजट में शासन नियमानुसार संचित निधि 5 प्रतिशत का प्रावधान किया गया है। स्थापना व्यय 58.30 प्रतिशत प्रस्तावित की गई है। उक्त बजट लेखा नियम 2018 के अनुसार जीएल कोड़ पर अधारित तैयार किया गया। बजट में आम जनता पर किसी प्रकार का कोई टैक्स में वृद्धि नहीं की गई है एवं शहर की विकास योजनाओं हेतु बजट में प्रावधान किया जाकर विशेषकर ट्रांसपोर्ट नगर, सब्जी मण्डी विकास, कसरावद रोड़ चौडीकरण एवं डिवाईडर हेतु भी प्रावधान किया गया है। उक्त बैठक में अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एमआर निगवाल, परिषद के पार्षदगण, सभापति महोदय एवं अधिकारी/ कर्मचारीगण की उपस्थित रहे। बजट का वाचन निलेश शुक्ला लेखापाल द्वारा किया गया। सीएमओ ने कहा कि नगरपालिका का बजट शहर के विकास उन्मुखी होगा एवं आगामी वर्ष में विकास के अनेकों कार्यों को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण किया जावेगा।

### डॉ यादव ने कहा - चम्बल की धरती है वीरों की धरती

# शासन की एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सभी जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क : मुख्यमंत्री

**समय जगत, मुरैना।** मुख्यमंत्री द्वारा मुरैना जिले के एसएएफ ग्राउण्ड में आयोजित रोटरी राहत वृहद स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ रिबन काटकर किया गया। उसके पश्चात् मुख्यमंत्री द्वारा ओपीडी के सभी काउंटरों का भ्रमण कर चिकित्सकों एवं रोटेरियन के सदस्यों से मुलाकात की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एसएएफ ग्राउण्ड में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुये कहा कि इस तरह के बड़े आयोजनों की महत्ता इसलिये भी बढ़ जाती है, क्योंकि इन आयोजनों में मानवता का विचार निहित रहता है। कोई भी व्यक्ति अस्पताल में अपनी खुशी से नहीं आता है, परन्तु यदि उसे वहां व्यवस्थित रूप से इलाज मिल जाये तो डॉक्टर उसके लिये भगवान का रूप बन जाते है। उन्होंने कहा कि चम्बल की धरती वीरों की धरती है।यहां के ज्यादातर जवान देश के लिये लड़ते हुये वीर गति को प्राप्त हो गये एवं अपने जीवन को सार्थक कर गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव काया में कोई भी कष्ट हो जाये तो उसके लिये बड़ी चुनौती का विषय होता है।



उन्होंने कहा इस वृहद शिविर में चंबल की चुनौती भरी गर्मी एवं समय के अभाव के चलते देश के बड़े चिकित्सक यहां इस बड़े आयोजन में 8 दिवस के लिये आमजन की सेवा हेतु पधारे, इसके लिये मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में, चिकित्सक बनने के बाद मानव भाव एवं विश्वास बनाये रखना एवं जनसामान्य की सेवा करना बहुत गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस शिविर की विशेषता यह है कि यहां पर सभी प्रकार की बीमारियों को अलग से विभाजित कर उनके इलाज के लिये प्रबंधन, आकड़ा तैयार करना एवं इलाज के लिये मार्गदर्शन देना बड़ी बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 हजार में से 3 हजार 381 गंभीर मरीजों को स्क्रीनिंग कर अलग करना एवं उनकी बीमारी के हिसाब से उनका इलाज करवाना बड़ी प्रशंसा की बात है। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में हॉस्पीटल दो भागों में विभाजित होते थे, जिससे उनके प्रबंधन में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता था। परन्तु हमने सभी प्रकार के हॉस्पीटलों के लिये एक मंत्री को शपथ दिलवाई, जिससे इसका संचालन आसान हो गया है। हमारे सदैव कोशिश है कि अच्छे मेडीकल कॉलेज एवं हॉस्पीटल और अच्छे हों एवं प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में नाम अग्रणी रहे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख तक का इलाज जनता को मुफ्त मिलता है एवं 70 प्लस के लिये भी यह सुविधा उपलब्ध है। इसी के तहत प्रदेश की कठिन भौगोलिकता को देखते हुये आयुष्मान कार्ड के तहत गंभीर बीमारी के मरीज को त्वरित इलाज मिले, एवं उसकी जान बचाई जा सके, इसलिये हमने एयर एम्बूलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है।

# मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत फूड टेस्टिंग लैब पहुंची बोड़ा




**बोड़ा।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा संचालित मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत राजगढ़ कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा और वरिष्ठ अधिकारीयो के निर्देशन में बुधवार को मोबाइल फूड टेस्टिंग लेब बोड़ा पहुंची। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की और नागरिकों को मिलावट के प्रति जागरूक किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र खत्री ने बताया कि राज्य शासन द्वारा इस अभियान के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थों का परीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मोबाइल फूड टेस्टिंग वाहन बोड़ा न्यू बस स्टेंड आया, जहां दुकानदारों और नागरिकों को मिलावट से बचाव और शुद्ध खाद्य पदार्थों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

**अभियान का उद्देश्य:** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान÷ का मुख्य उद्देश्य खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकना, उपभोक्ताओं को जागरूक करना और दोषियों पर कार्रवाई करना है। राजगढ़ खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेन्द्र खत्री ने आमजन से अपील की है कि वे शुद्ध और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य सामग्री की सूचना तुरंत प्रशासन को दें । इस अवसर खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजगढ़ सुरेंद्र खत्री, वाहन चालक शिवाजी राव, केमिस्ट अभिषेक तिवारी, बोड़ा के वरिष्ठ व्यापारी अशोक कुमार गुप्ता, विशाल नेमा, दिनेश वर्मा,आशीष वर्मा, राधेश्याम गुप्ता भगत जी,अशोक वर्मा,हिमांशु नेमा, सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद थे।

मोबाइल फूड टेस्टिंग लेब की विशेषताएं

**खाद्य पदार्थों की ऑन-द-स्पॉट जांच:** खाद्य प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर तुरंत उनकी शुद्धता जांची गई।

**जनता के लिए सुविधा:** उपभोक्ता 10 रुपए शुल्क जमा कर अपने खाद्य पदार्थों की जांच करा सकते हैं।

**जागरूकता अभियान:** लोगों को मिलावट से होने वाले नुकसान और सही खान-पान की आदतों के प्रति जागरूक किया गया।

**कार्रवाई की तैयारी:** यदि किसी खाद्य पदार्थ में मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### बालक छात्रावास हरदा के छात्रों ने जिले का नाम किया रोशन

**समय जगत, हरदा ।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास संचालित है ।एक्सीलेंस स्कूल प्रवेश परीक्षा 2025 में नौ छात्रों का चयन हुआ, मॉडल स्कूल में दो छात्र चयनित हुए ।छात्र बीरेंद्र पिता गोकुल प्रसाद ने एसटी वर्ग में जिले में पहिले स्थान पर चयनित हुए ।छात्र अभिषेक पिता राजेश ने एसटी वर्ग की चयन सूची में आठवा स्थान प्राप्त किया व छात्र सौरभ पिता सुनील, अनुराग पिता गणेश व राजाराम पिता सीताराम छात्र एसटी वर्ग के थे,इनके द्वारा एक्सीलेंस स्कूल की चयन सूची में अनारक्षित वर्ग में पर चयन हुआ ।मॉडल स्कूल चयन परीक्षा में छात्र दुर्जन पिता अर्जुन व कन्हैया पिता जीवन लाल दोनों एसटी वर्ग छोड़कर प्रतिभा के दम पर अनारक्षित वर्ग में चयनित हुए ।अन्य छात्र अनिरुद्ध पिता प्रहलाद व दुर्गाप्रसाद पिता राधेश्याम,तनीष पिता सत्यनारायण,व मुकेश पिता मनोहर भी एसटी वर्ग में चयनित हुए ।बालक छात्रावास हरदा से एक्सीलेंस /मॉडल स्कूल प्रवेश सूची में 11 छात्रों का चयन हुआ । छात्रावास के वार्डन आर ए पूषाम ने बताया कि छात्रों की सफलता ने हमको गौरवान्वित किया है ।इसका श्रेय आर एल रावत को जाता है क्योंकि सहायक वार्डन रावत कर्मठ व कर्तव्यनिष्ट कर्मचारी हैं ।उनके प्रयास से प्रतिवर्ष परीक्षा परिणाम वेहतर आता हैं । इसके साथ छात्रावास के अंशकालीन शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बराबर मेहनत की है । छात्रों को इस मौके पर ढेरों शुभकामनायें देता हूँ ।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन




**समय जगत,हरदा ।** विभिन्न बैंक खाते डिजिटल बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड,एमएसएमई लोन तथा ऑनलाइन बैंकिंग जैसी वित्तीय जानकारी देने आर बी आई द्वारा जमाकर्ता शिक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया । ये आयोजन कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में किया गया ।पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य श्री सिकवार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । कार्यशाला का आयोजन पीएम कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस सभागार में किया में किया गया । रिसोर्स पर्सन नेशनल अवॉर्ड प्राप्त सारिका घारू ने बैंक की विभिन्न लोन योजनाओं एवं बचत खाते की जानकारी दी,इसके लिए उन्होंने लोककला माध्यम का भी उपयोग किया,रिसर्च पर्सन के एम दुबे,अनिल कुमार साहू एस पुरोहित ने शासकीय योजना जैसे गैस सब्सिडी,प्रधानमंत्री मुद्रा योजना,अटल पेंशन योजना जैसी जानकारियां दी । कार्यशाला में साइबर फ्रॉड से सचेत रहने के लिए जमाकर्ताओं को जागरूक किया,कार्यशाला में दर्जनों प्रतिभागियों के साथ महाविद्यालय के प्रोफेसर भी उपस्थित थे ।

### रोटरी कैम्प में 6216 के हुये पंजीयन, 32 लोगों के हुये ऑपरेशन

**समय जगत, मुरैना ।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 के तहत 26 मार्च को पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में 6 हजार 216 लोगों ने पंजीयन कराये । पंजीयन के दौरान चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर के डॉक्टरों ने लोगों का परीक्षण किया । 26 मार्च से 02 अप्रैल तक पुलिस परेड ग्राउंड मुरैना में संचालित किया जा रहा है । 26 मार्च को कैम्प में 6 हजार 216 लोगों ने पंजीयन कराये, जिनमें से जिला चिकित्सालय में 32 लोगों के नि :शुल्क ऑपरेशन किये गये । सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि ऑर्थो का 01, सर्जरी के 05, गायनिक 04, प्लास्टिक सर्जरी 03, इएनटी 02, डेंटल के 10 और कान के 07 लोगों के ऑपरेशन किये गये है ।

# केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को दिया ग्रामीणों ने आमंत्रण



**समय जगत, सारंगपुर।** गांव में श्री अखंड रामायण पारायण के चतुर्थ वार्षिक उत्सव एवं पंचकुंडी महायज के साथ श्री राम कथा का होगा आयोजन कलश यात्रा 7 अप्रैल को निकल जाएगी। श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा समीपस्थ ग्राम पाटड़िया धाकड़ में पिछले 4 साल से श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर अखंड रामायण पारायण चल रही है जिसको लेकर प्रतिवर्ष ग्रामीणों द्वारा श्री अखंड रामायण पारायण का उत्सव मनाया जाता है।

इसी उपलक्ष्य में चतुर्थ वार्षिक उत्सव एवं पंचकुंडी महायज एवं श्री राम कथा का आयोजन रखा गया है पंच कुंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा उज्जैन रामानुज कोट से श्री श्री 108 श्री स्वामी श्री रंगनताचार्य जी महाराज एवं यज्ञाचार्य युवराज स्वामी डॉ.माधव पन्नाचार्य जी द्वारा संपन्न करवाया जाएगा इसी के साथ श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा इसी कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों सहित पटाडियाधाकड़ के पूर्व सरपंच रामचंद्र नागर खोडीयाखेड़ी सरपंच केसरसिंह नागर होकम सिंह नागर केदार नागर आदि ने शिवराज सिंह चौहान केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री से सौजन्य भेंट कर कार्यक्रम में आने का आमंत्रण दिया साथ ही कार्यक्रम का टेंप्लेट भी दिखाया।

# पुत्र संस्कारवान होगा तो बुढ़ापे में बनेगा हमारा सहारा



**राकेश अजमेरा, खातेगाँव।** खातेगाँव के ग्राम ओमकारा में चल रही धर्म रक्षा समिति ओमकारा द्वारा श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है, जिस के पांचवे दिन राम सीता का विवाह संपन्न हुआ, कथा के दौरान जब भगवान राम ने धनुष को उठाया और जैसे ही धनुष तोड़ा तो फूलों की वर्षा होने लगी और पूरा कथा पंडाल भजनों के साथ झूम उठा, जय श्री राम के जयकारों से पूरा कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा श्रवण करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा भी भजनों के साथ भक्ति के रस में झूमकर नाचने लगे, श्री राम सीता के विवाह का मनोहर सुंदर दृश्य देख श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए, ज़ब राम सीता ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई तो श्रोता भक्तिमय रस मै झूम उठे। कथा वाचक पूज्य संत श्री 108 उद्धव दास ज़ी महाराज ने बताया हमे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे उन्हें संस्कारवान बनाये, माता पिता के सामने झुकना सिखाये। हमारी संतान को आज अगर हम ऊँगली पकडकर चलना सिखाएंगे तो कल हमारे बुढ़ापे में वो हमारा हाथ पकड़ेंगे। कथा श्रावण करने दूर दूर से श्रद्धालु कथा पंडाल में पहुंचे।

### प्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी की भजनसंध्या से हुआ सांस्कृतिक आयोजनों का शुभारंभ

# महामाई के दरबार में प्रारंभ हुआ पंद्रह दिवसीय चैत्र नवरात्रि उत्सव का मेला

**सिरोंज।** नगर की आराध्य देवी डांग वाली मां महामाई के दरबार में परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले पंद्रह दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले का शुभारंभ हुआ। नवसंवत्सर से प्रारंभ होने वाली नवरात्रि के पूर्व पांच दिवसीय आयोजित होने वाले लोकोत्सव सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला में पहले दिन प्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी के सुमधुर भजनों से सजी भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंगलवार की रात में करीब दस बजे अपने साथी कलाकारों के साथ प्रांगढ़ में बनाए गए विशाल मंच पर पहुंचे पवन तिवारी ने मां महामाई के दरबार में पूजा अर्चना कर भजन संध्या का शुभारंभ मातारानी के भजन शेरों वाली मातारानी करती मेहरबानी माँ गाकर करते हुए श्रीराम कहानी कहत सुनत आए अंखियों में पानी सुनाकर भजन संध्या का रंग जमाया। इसके बाद राम कृष्ण के साथ होरी के संगीतमय सुमधुर भजनों का जो सिलसिला शुरू हुआ वह रात करीब एक बजे तक चलता रहा। इस दौरान उन्होंने अपने प्रसिद्ध भजन एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए, तेरी लगन में खो जाऊं दुनिया से किनारा हो जाए, श्री राम जय राम श्री राम जय जय राम तथा मैया तेरे का थी रे मन में,रामसिया भेज दए रे वन में भजन गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा सहित श्रोताओं की होली सहित अन्य पसंद के भजनों की फरमाइशों को भी पवन तिवारी ने सुनाया। होली के भजनों पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी नाच गाकर सभी को फागोत्सव की बधाईयां दी। इसके पूर्व महामाई सेवा समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने बुंदेलखंड से भजन संध्या करने पहुंचे पवन तिवारी एवं साजबाज



कलाकारों की टीम का माता की चुनरी,पटका एवं पुष्पमाला से स्वागत भी किया।

**मैया के आंगन में आयोजित मेले में बिखेरेंगे लोक संस्कृति के रंग :** महामाई सेवा समिति द्वारा इस बार मेले के आयोजन को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसी श्रृंखला में बुधवार को राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गुरुवार को गाथा श्री राम मंदिर की संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन होगा। शुक्रवार को बुंदेली गीत लोकनृत्य बधाई एवं नौरता नृत्य की प्रस्तुति बुंदेलखंड के कलाकार देंगे। लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम पांचवे दिन सती लीला की नाट्य प्रस्तुति का आयोजन होगा। रविवार को चैत्र नवसंवत्सर के प्रारंभ होने के साथ ही मंदिर प्रांगण में बनी यज्ञशाला में श्री नवदुर्गा शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ होगा। इसके पूर्व प्रातःकाल में नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में भगवान सुर्यनारायणको अर्घ्य एवं ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद किया जाएगा। इसी दिन से दोपहर तीन बजे से प्रांगण में बने विशाल पांडाल में प्रतिदिन होने वाली रासलीला एवं रात्रि नौ बजे से रामलीला का मंचन प्रारंभ होगा। एक अप्रैल मंगलवार को प्रतिवर्ष होने वाले विशाल देवी जागरण का आयोजन होगा जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक चरणजीत सिंह सौंधी टीम द्वारा माता के भजन एवं भगवान के स्वरूपों की नृत्य नाटिकाओं एवं झांकियों की प्रस्तुति के साथ जगराता किया जाएगा।



7 APRIL

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

# आगामी त्योहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखें : डीएम

## आयोजन स्थलों पर रहेगा पुलिस का कड़ा पहरा, सड़कों को किया जाएगा गड्ढा मुक्त




**समय जगत, ललितपुर।** आगामी माहों में पड़ने वाले त्यौहारों ईद-उल-फित्र, चौत्र नवरात्रि, राम नवमी, श्रीमहावीर जंयती, श्रीहनुमान जंयती, बाबा साहब अम्बेडकर जंयती, गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में पड़ने वाले विभिन्न त्यौहारों के दौरान जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं तथा सभ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि जनपद में 28 मार्च 2025 को रमजान माह का अंतिम जुमा, 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फित्र, 06 अप्रैल 2025 को राम नवमी, 10 अप्रैल 2025 को श्रीमहावीर जंयती, 12 अप्रैल 2025 को श्रीहनुमान जंयती, 14 अप्रैल 2025 को बाबा साहब अम्बेडकर जयंती तथा 18 अप्रैल 2025 को गुड फ्राइडे तथा माह अप्रैल में विभिन्न त्यौहार मनाये जायेंगे। त्यौहारों के दौरान सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। ईद-उल-फित्र को रमजान माह का आखिरी जुमा व 31 मार्च 2025 को ईद-उल-फित्र का त्यौहार परम्परागत तरीके से जनपद में मनाया जायेगा। पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखे, शहरी क्षेत्र में मस्जिदों तथा ईदगाहों के आस-पास आवारा पशुओं का विचरण प्रतिबंधित रहेगा तथा उक्त त्यौहार के अवसर पर नगरीय क्षेत्र में विद्युत एवं जलापूर्ति अनवरत रूप से उपलब्ध कराने हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। चौत्र नवरात्रि व रामनवमी के अवसर पर मंदिरों के आस-पास, मंदिरों पर जाने वाले रास्तों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, चूना आदि डलवाया जाये एवं पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। आवारा पशुओं के विवरण पर रोक लगायी जाये। उक्त त्यौहार के दृष्टिगत शहर में अण्डा, मास की दुकानें पूर्णतया बन्द रखी जाये। नवरात्रि में जबारे तालाब पर विसर्जन किये जाते है, तालाब पर सफाई व्यवस्था व पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये कि त्यौहारों के दृष्टिगत मेडीकल व पैरा मेडीकल स्टाफ की ड्यूटी लगायी जाये व एम्बुलेंस भी तैनात की जाये, जल संस्थान व जल निगम के अधिकारियों को अनवरत पेयजल आपूर्ति व टैंकर आदि लगाये जाने के निर्देश दिये गए। आयोजन स्थलों व रास्तों में सफाई व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारियों व पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करेंगे, अवैध मदिरा की बिक्री पर प्रभावी कार्यवाही की जाए। सड़कों पर गड्ढे पाये जाने पर तत्काल भरवायें, अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाए, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखें, मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध छापामार अभियान चलाया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा सम्बंधित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शान्ति समितियों की बैठक कर त्यौहार रजिस्टर का परीक्षण करते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों यथा बस स्टैण्ड पर सघन चौकिंग अभियान चलायें।

त्यौहार शान्ति एवं भाई चारे के साथ सम्पन्न हो सके। बैठक के दौरान एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर अभयनारायण राय, ईओ नगर पालिका दिनेश विश्वकर्मा सहित परिवहन, विद्युत, आबकारी, जल निगम, जल संस्थान सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी, प्रमुख धर्मगुरु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड में फर्जी पिता का नाम दर्ज कराकर लाखों रुपये आहरित करने का आरोप

**समय जगत, ललितपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अब्दुल नासिर मंसूरी ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि आयुष्मान कार्ड पर पिता का नाम फर्जी दर्ज कराया गया है, जिसके निरस्तीकरण कराया जाकर एफआईआर दर्ज करायी गयी है। बताया कि मोहल्ला गोविन्दनगर रावतयाना में रहने वाले इरशाद मंसूरी पुत्र दोस्त मुहम्मद (दतिया वाले) ने भारत सरकार के आयुष्मान कार्ड में अपने पिता का नाम दोस्त मुहम्मद के स्थान पर रहमद अली गलत व फर्जी डलवाकर एवं आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल किया है। बताया कि इरशाद मंसूरी द्वारा फर्जी तरीके से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2.50 लाख रुपये प्राप्त किया, जिसकी जांच 5 अक्टूबर 2024 में प्रचलित है। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड पर प्राप्त किया, लेकिन इसमें पिता का नाम फर्जी दर्शाया गया है। इसके अलावा आयुष्मान कार्ड में जन्म तिथि 1974 के स्थान पर 1986 अंकित करायी गयी है। आयुष्मान कार्ड की फैमली आईडी संख्या के अंतिम चार अंक 0047 में हेड शकीला, जूही, मुबीना, राहीद सदस्य दिये गये हैं, जबकि यह सभी इरशाद मंसूरी के परिवार के नहीं हैं। इससे स्पष्ट किया कि किसी अन्य का आधार कार्ड पर एडिटिंग कर यह कार्य किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास में व आयुष्मान कार्ड में 253 सागर रोड रावतयाना एवं आधार कार्ड में वार्ड नं. 14 आजादपुरा दर्शाया गया है, जबकि वह आजादपुरा में कभी निवासरत नहीं रहा। संभावनाएं व्यक्त की कि इरशाद मंसूरी ने आयुष्मान कार्ड से कुछ रुपये भी आहरित किये हैं, जो कि जांच का विषय है। बताया कि इरशाद मंसूरी पूर्व में दो-तीन दिन जेल में रहा। न्यायालय से आरोप तय हो गया है, गवाही में वाद चल रहा है। इसके अलावा बड़ा आरोप है कि इरशाद मंसूरी का पुत्र भी सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणी करने पर जेल जा चुका है और मुचलके पर रिहा है। मांग उठायी कि इरशाद मंसूरी के खिलाफ आयुष्मान कार्ड को फर्जी तरीके से बनवाने पर एफआईआर दर्ज कराने, आयुष्मान कार्ड को तत्काल निरस्त करने और जो रुपये आहरित किये गये हैं, उनकी वसूली कराया जाये।

# बजरंग सेना का होली मिलन समारोह संपन्न

### नव नियुक्त पदाधिकारियों और महिला मोर्चा का हुआ पुनः गठन



**समय जगत, ललितपुर।** बजरंग सेना संगठन का होली मिलन समारोह और नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत सम्मान समारोह बजरंग सेना कार्यालय पर प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा और महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.दीपक पस्तोर ने व संचालन जिला महासचिव श्याम दीक्षित ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात श्रीहनुमान चालीसा के पाठ से हुई। सर्वप्रथम नव नियुक्त पदाधिकारियों का संगठन में स्वागत किया गया उन्हे भगवा पट्टी पहनाकर और माला पहनाकर प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने सदस्यता दिलाई। जिसमे रामाकांत दुबे को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। डा.अमित कौशिक को नगर सह प्रभारी बनाया गया। बहुत दिनों से भंग चल रही महिला मोर्चा की कार्यकारिणी को पुनरू घोषित करते हुए प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर ने प्रतिभा को जिलाध्यक्ष बनाया गया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकारणी विस्तार करते हुए ममता तिवारी को जिला प्रभारी, राजकुमारी दुबे नगर अध्यक्ष, गीता पटेल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, छाया गोश्वामी जिला मंत्री, उर्मिला राजा जिला महासचिव, नीतू राजा बुंदेला नगर प्रभारी, बबिता दुबे नगर महामंत्री, निशा तिवारी जिला महासचिव को घोषित किया गया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी पदाधिकारियों को संगठन में लगातार कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने के दिशा निर्देश दिए गए।

डा.दीपक पस्तोर ने आगामी आने वाले हिंदू धर्म संस्कृति के पर्व और त्यौहार पर संगठन के सभी पदाधिकारियों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की बात रखी। जिला संयोजक खुशाल समैया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा के साथ हिंदुत्व के लिए कार्य करने और सभी सामाजिक धार्मिक मुद्दो पर कार्य करने की बात रखी। मुख्य रूप से जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी, जिला संयोजक खुशाल समैया, दीपक नायक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सौम्यानंद तिवारी जिलाध्यक्ष धर्मरक्षा प्रकोष्ठ, श्याम दीक्षित जिला महासचिव, संजू सेन बुढ़वार जिला संगठन मंत्री,संजय सिंह लोधी जिला संगठन महामंत्री,दीपेश उपाध्याय जिला प्रचार प्रसार मंत्री,प्रथम रजक ग्राम पंचायत प्रभारी दावनी, छोटू नायक करमई बार ब्लॉक प्रभारी, ऋषि शुक्ला नगर प्रभारी,आदर्श दुबे पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा,राधे गोश्वामी नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा बीजेपी,रानू नामदेव, देवेंद्र कौशिक पत्रकार, शिवम अग्निहोत्री पत्रकार, अमित लखेरा पत्रकार, आशीष तिवारी पत्रकार, दिव्यांश शर्मा पत्रकार आदि सभी लोग मौजूद रहे। अंत में संजय सिंह लोधी ने आभार जताया।

# मुक्तिधाम में शराब की दुकान खोले जाने का विरोध

**ललितपुर।** एक अप्रैल से नगर पंचायत पाली में स्थित मुक्तिधाम में शराब की दुकान खोले जाने की सूचना मिलते ही लोगों ने विरोध दर्ज कराते हुये मुख्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय बजरंग दल ने आबकारी नीति 2017-18 के तहत शराब की दुकान सार्वजनिक पूजा स्थल, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मुक्तिधाम आदि से दूर खुलवाये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि मुक्तिधाम हिन्दुओं के लिए सबसे पवित्र स्थान है, ऐसे स्थान पर शराब की दुकान खोला जाना आस्था से खिलबाड़ करना होगा।

बताया कि आबकारी नीति के तहत कोई भी शराब ठेका मान्यता प्राप्त स्कूल व कॉलेज, बस स्टेण्ड, अस्पताल, पूजा स्थल आदि से डेढ़ सौ मीटर की परिधि में नहीं खोला जा सकता हैं। बताया कि मुक्तिधाम पर पार्थिव शरीरों को पंचतत्व में विलीन किया जाता है, जबकि मुण्डन संस्कार इत्यादि भी होते हैं, उसी स्थान पर शराब की दुकान खोला जाना गलत है। लोगों ने मुक्तिधाम में शराब की दुकान न खोले जाने की मांग उठायी है।

# रवि विपणन वर्ष 2025- 26 : किसानों के पंजीयन हेतु इ उपार्जन पोर्टल पर गेहूं पंजीयन की समयावधि 31 मार्च

**समय जगत, निवाड़ी।** जिले में 22 पंजीयन केन्द्र स्थापित शासन के आदेशानुसार रवि विपणन वर्ष 2025-26 हेतु किसानों के पंजीयन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर गेहूं पंजीयन की समयावधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई है। निवाड़ी जिले में 22 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है। किसान पंजीयन की समयावधि पूर्व पंजीयन केन्द्र पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

**निवाड़ी जिले के पंजीयन केन्द्र**

जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री सरिता अग्रवाल ने बताया कि निवाड़ी जिले में 22 पंजीयन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। तहसील निवाड़ी अतर्गत निवाड़ी मंडी में दो, बीजौर, कुडार, राजापुर, कैना, बासवान इसी प्रकार तहसील प्रथ्वीपुर अतर्गत चौक बाजार प्रथ्वीपुर, विरौराखेत, सकेरा भंडारन, जेरोन, सिमरा खास, प्रथ्वीपुर समिति, ढिल्ला, जेर, ककावनी, टेहरका, खिस्टोन तथा पश्चिमी सिनौनिया इसी प्रकार तहसील ओरछा में सीतापुर, चकरपुर तथा रेल्वे स्टेशन ओरछा में पंजीयन केन्द्र स्थापित किये गये है।

**आम आदमी बिजली कटौती से है परेशानः** निवाड़ी बिजली की अकस्मात कटौती से आम जन बहुत परेशान है कोई निश्चित निर्धारित समय नहीं है किसी भी समय कभी भी लाइट आंख मिचौली करती रहती है चौबीस घंटे में लगभग बारह बार तो कटती ही है हालांकि कभी जल्दी कभी देर में आ जाती है बोर्ड परीक्षाओं के अंतिम दौर में भी आज अंतिम पेपर बोर्ड का इंटर का था लेकिन बिजली ने तो होली के आस पास से ही आने जाने का खेल जारी रहा गर्मी अब शबाब पर आने लगी है पर बिजली विभाग के नखरे चरम गर्मी पर कुछ ज्यादा ही रहते हैं महिला हो चाहे पुरुष बच्चे हों चाहे कोई भी हो सब हैरान हैं बीमारियां भी आंखें दिखाने लगीं हैं व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री रुपेश दांगी का भी कहना है कि शाम के समय दुकान चलने का समय होता है और लाइट चली जाती है शाम को अधिक ही जाती है और जानकारी लेने हेतु अधिकारियों को सरकारी नंबर पर फोन लगाते है तो उनका फोन घनघनाता रहता है मोबाइल भी नहीं उठाया जाता है गर्मी में बिजली और पानी ही आम आदमी को सुलभ तरीके से उपलब्ध रहे यही अपेक्षा रहती है अपात्र व्यक्तियों को आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं। निवाड़ी निकटवर्ती ग्राम झिंगौरा में ग्राम पंचायत सचिव श्री अरविन्द तिवारी द्वारा अपात्र व्यक्तियों को आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं किसी दूसरे के कच्चे मकान के सामने खड़ा कर फोटो निकाल कर फर्जी तरीके से उस व्यक्ति को दिखा कर उसके नाम से आवास का पैसा आ जाता है इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए ग्राम के ही हरिजन गरीब किसान रामरतन प्रजापति तनय गोविन्दास प्रजापति ने जिला धिकारी महोदय जिला पंचायत सीईओ जनपद पंचायत सीईओ को दिये आवेदन के माध्यम से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है पंचायत सचिव जी अपने एजेंट फैलाये हुए हैं तथा अपनी आई डी दूसरे को दिये हैं जो फर्जी अपने चहेतों को आवास स्वीकृत करा देते है उच्च अधिकारियों से निष्पक्ष जांच हो जिनके पास पक्के मकान हैं ट्रैक्टर हैं उनके मकान स्वीकृत करा दिए गए हैं और जो पात्र हैं हमारे जैसे गरीब किसान जिनके पास वास्तव में कच्चा मकान हैं उसका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हो पाता है निवेदन करने पर कहते हैं जिससे शिकायत करना है जिसको बताना है बता दो तुम्हारा आवास स्वीकृत नहीं होगा अतः ग्राम झिंगौरा के स्वीकृत आवासों की पात्रता की निष्पक्ष जांच होना चाहिए।

# युवक ने खेत में बबूल के पेड़ से लगाई फांसी

**उरई।** कुदारी के जमुनापुरा में एक दुखद घटना सामने आई है। 36 वर्षीय किसान अजीत कुमार ने खेत में बबूल के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।अजीत खेती करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बीती रात वह शराब पीकर घर आया था। इस पर उनके पिता रमेश बाबू ने उन्हें डांट दिया। इसके बाद वह घर जाकर सो गया।सुबह पांच बजे उठकर उसने जानवरों को चारा-पानी दिया। फिर वह खेत चला गया। वहां उसने बबूल के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह करीब सात बजे कुछ किसानों ने उसे फंदे पर लटका देखा।

उन्होंने तुरंत परिजनों और पुलिस को सूचना दी।मृतक के परिवार में पत्नी लाली, दो पुत्रियां और एक पुत्र हैं। रेंढर थाना प्रभारी निरीक्षक नीलम सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ज्ञान ही छात्र जीवन की श्रेष्ठ पूंजी : कलेक्टर



**समय जगत, निवाड़ी।** कलेक्टर ने जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया । कलेक्टर श्री लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा ओलम्पियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र, प्रतीक चिन्ह, ट्रक शूट, बॉटल, टिफिन, बैग, ज्योमेटी बॉक्स और आवश्यक वस्तुएं देकर सम्मानित किया गया। जिला परियोजना समन्वयक श्री फूलसिंह दिनकर ने बताया कि जिला शिक्षा केन्द्र निवाड़ी के द्वारा मंगलवार को राज लक्ष्मी गार्डन निवाड़ी में जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 8 वीं तक के विषयवार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कलेक्टर द्वारा सभी 32 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र, प्रतीक चिन्ह, ट्रक शूट, बॉटल, टिफिन, बैग, ज्योमेटी बॉक्स और आवश्यक वस्तुएं देकर सम्मानित किया गया। समारोह स्थल पर उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, उनके मार्गदर्शी शिक्षक एवं अभिभावकों को लंच पॉकेट उपलब्ध कराये गये। कार्यक्रम का आयोजन राजलक्ष्मी गार्डन में किया गया। जिसमे विकासखण्ड निवाड़ी एवं पृथ्वीपुर के कुल 32 छात्र-छात्राएँ, उनके मार्गदर्शी शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में कलेक्टर महोदय ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया और कहा कि ज्ञान ही छात्र जीवन की श्रेष्ठ पूंजी है। सभी छात्रों को निरंतर अभ्यास करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एपीसी श्री सतीश अहिरवार, एपीसी जेन्डर श्रीमती कल्पना निगम एपीसी रामकुमार अहिरवार एवं बीएसी श्री मुकेश गुप्ता एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर लीकेज से हुआ बड़ा हादसा, मकान की दीवार और खिड़की टूटकर सड़क पर गिरी

**समय जगत, उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तिलक नगर में मंगलवार को एक घर में गैस सिलेंडर लीकेज से बड़ा हादसा हो गया। हुसैनी चौराहा स्थित एक मकान में किराएदार मोहम्मद नईम के घर में शाम करीब 4 बजे सिलेंडर से गैस लीक होने लगी।घटना के समय घर में नईम के अलावा उनका बेटा वसीम, पत्नी जुलेखा और दो बच्चे मौजूद थे। नईम और वसीम ने तत्परता दिखाते हुए परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद दोनों आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान दोनों झुलस गए।जैसे ही वे लोग बाहर निकले, सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट से मकान की सामने वाली दीवार और खिड़की टूटकर सड़क पर गिर गई। घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में हादसे से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। मोहम्मद नईम पेशे से टेलर मास्टर हैं और उनका बेटा वसीम सैलून चलाता है। वे मोहम्मद अहमद उर्फगुड्डू के मकान में किराए पर रहते हैं।

# विद्यालय प्रबंध समिति विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग : समर सिंह



**समय जगत, तालबेहट।** ब्लॉक तालबेहट में बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में गठित प्रबंध समिति के अध्यक्ष व सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण व संचारी रोगों की रोकथाम हेतु जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें बोलते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री समर सिंह ने कहा कि विद्यालय के सफल संचालन हेतु एस एम सी का होना बहुत जरूरी है इसके कारण विद्यालयों में पारदर्शिता से सभी कार्य होते हैं इस कारण समिति विद्यालय का अभिन्न अंग है और अभिभावकों की सीधी सहभागिता भी बनी रहती है इस अवसर पर संदर्भ दाता श्री सर्वोदय झा मनोज गुप्ता दीपक कुमार व विजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों को इसके महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया पंचायतों की भूमिका के बारे में विजय मिश्रा व देवेश शर्मा ने अवगत कराया पी एफएम एस व विद्यांजलि के बारे में अमरेश राय व जनार्दन पाल ने सभी को समझाया संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूकता के बारे में स्वास्थ्य विभाग की टीम व महेंद्र बिलगईयां व शैलेन्द्र रावत बताया इन प्रशिक्षणों में विजय मिश्रा देवेश शर्मा महेंद्र बिलगईयां शैलेन्द्र रावत ए आर पी आशुतोष बिलगईया अमित चतुर्वेदी अमरेश राय भीष्म नारायण मिश्रा जनार्दन पाल कैलाश कौशिक राकेश द्विवेदी मनोज बुंदेला अमित राठौर रोशनी परमार शोभा बिलगईया ऋचा श्रीवास्तव राकेश वर्मा कमलाकांत बुधोलिया नवीन मिश्रा गुरमीत कौर जितेंद्र वर्मा ज्ञानेंद्र पाठक फूलसिंह वर्षा तिवारी अनिता विनीता रामसेवक सहित कई अन्य शिक्षक व एस एम सी अध्यक्ष उपस्थित रहे अंत में संदर्भ दाता सर्वोदय झा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# छठवें दिन जारी रहा धरना प्रदर्शन

**समय जगत, ललितपुर।** भूमि संरक्षण विभाग विभाग द्वारा गरीब किसानों के हितों का शोषण कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसके विरोध में नागरिक विकास मोर्चा भारतीय हिंदू परिषद सहकार भारती द्वारा घंटाघर परिसर में धरना प्रदर्शन जारी है। कार्यकर्ताओं विभाग के जमकर नारेबाजी की धरना स्थल पर संबोधित करते हुए नागरिक मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने कहा किसान समृद्धि योजना ग्राम चुनगी धन गोल रामपुरा कठवर विकास खंड तालबेहट फसलों में किसानों को लाभ ना देकर दलालों के खाते में 3500 रुपए प्रति कृषक का अनुदान दलालों के खातों से निकाल कर लाखों रुपए का गबन किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जाने की मांग उठायी गयी। धरना स्थल पर पार्षद मनमोहन चौबे एड., हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे, पार्षद अमरदीप रजक, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सच्चिदानंद गोलवानी, सोनू ताम्रकार, पत्रकार सुरेंद सिंह परमार, अभिषेक पत्रकार, शिवप्रताप सिंह, इसराख खान, अरविंद सेन, अनुज ठाकुर, सीताराम पटेल, घनश्याम आदि उपस्थित थे।


# कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 3.15 एकड़ जमीन का कराया फर्जी रजिस्टर्ड बैनामा

**समय जगत, ललितपुर।** सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चौबयाना में नया कुआ के पास रहने वाले अमरचंद्र पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि धोखाधड़ी कर षडयंत्र करके बिना प्रतिफल दिये कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर रजिस्टर्ड बैनामा करा लिया गया है। बताया कि वह अपने पिता का इकलौता और चार बहनों में अकेला भाई है। पिता वृद्ध, मानसिक रूप से अर्द्धविक्षिप्त बीमार अशिक्षित हैं और घर पर रहते हैं। बताया कि उसके खानदान के रिश्ते में नाती शिवम कुशवाहा पुत्र सुन्दर का उसके पिता के पास विगत 7-8 माह से उठना बैठना हो गया। शिवम के साथ कभी कभार पठापुरा निवासी सचिन राजवंशी व रामनगर निवासी जितेन्द्र रजक प्रधान भी आते थे। आगे बताया कि उक्त लोग उसके पिता को चाय पिलाने के बहाने, सम्मान निधि की केवाईसी करवाने बैंक ले जाते थे और उक्त लोगों ने उसके पिता की अवस्था का लाभ उठाते हुये बहला-फुसलाकर षडयंत्र कर रजिस्ट्रार ऑफिस में लाकर भू-माफियाओं से मिलकर कुल 4 रजिस्टर्ड बैनामा विभिन्न तिथियों में बिना प्रतिफल दिये फर्जी तरीके से विभिन्न बैंकों में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैंक खाते खुलवाये, चौकबुक, एटीएम, फर्जी पेनकार्ड बनवाकर उसके पिता के साथ धोखाधड़ी की है। पिता रामस्वरूप पुत्र किशोरे कुशवाहा से उक्त शिवम, सचिन व जितेन्द्र रजक ने सम्मान निधि का पैसा उसके पिता के खाते बैंक ऑफबड़ौदा में चौक कराने के लिए साथ ले गये और आराजी संख्या 5821/1 विक्रीत रकवा 0.397 दिनांक 28 दिसम्बर 2023 को वही सं. 1 जिल्द संख्या 8555 के पृष्ठ सं. 37 से 56 तक क्रमांक 12740 पर क्रेता आजादपुरा वर्णी कॉलेज के पीछे निवासी चन्द्रपाल सिंह पुत्र शीतल सिंह, मैलवाराकलां निवासी मेजर राजा पुत्र भगवान सिंह, पाचौनी निवासी हरपाल सिंह पुत्र निर्भाल सिंह एवं गवाह रजवारा निवासी अरविन्द राठौर पुत्र धनीराम राठौर, पाचौनी निवासी प्यारे राजा पुत्र निर्भाल सिंह का नाम रजिस्टर्ड बैनामा में दर्ज है।

# जिला जज ने कानपुर जेल का किया निरीक्षण

**समय जगत, कानपुर।** बुधवार को जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह और डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। अस्पताल, कैंटीन, पुरुष व महिला बैरक और कैदियों के पुनर्वास से जुड़े कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से कैदियों द्वारा जॉब वर्क के तहत बनाई जा रही चुनरी को भी देखा। अस्पताल में भर्ती मरीजों की जानकारी ली। जिला जज ने कुछ कैदियों की जमानत की धनराशि कम करने के अनुरोध पर भी विचार करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान जिला जज ने कैदियों से बातचीत की और उनके मुकदमों की वर्तमान स्थिति, अपील, फ्री विधिक सहायता और लोक अदालत के बारे में पूछताछ की। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि कैंटीन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि महिला कैदियों के साथ रह रहे बच्चों की पढ़ाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए गए कि कैदियों के स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए उन्हें कौशल योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस उपायुक्त (पूर्वी), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जेल अधीक्षक, उपायुक्त उद्योग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कारागार चिकित्साधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)




BHARAT ATTA Rs. 30/Kg (Net Wt. 10Kg. Pack)
BHARAT RICE Rs. 34/Kg (Net Wt. 10Kg. Pack)
BHARAT DAL Rs. 70/Kg (1Kg. Pack)

**NAFED** is undertaking sale of Bharat Brand Products as per directives of Department of Consumer Affairs, Govt. of India.
Interested buyers may visit near by Reliance Stores, City Mall (Online) & Dealshare (Online) for purchase of Bharat Brand Products at following locations:
**JHANSI-** Ranimahal, Elite Chauraha, Sipri Bazar, Ganesh Chauraha, Awas Vikas, Medical, Mauranipur, Gursarai, Chirgaon, Moth, Babina
**KANPUR-** Panki, Barra, Swaroopnagar, Yasodanagar, Kidwainagar, Chakarpur Mandi, Ramadevi, Galla Mandi Road

**State Head: NAFED Uttar Pradesh**
**Address: Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chauraha, Sitapur Road, Lucknow-226021 (U.P.)**

# सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष हुए पूर्ण होने पर चौरा देवी ग्राउंड में हुए भव्य कार्यक्रम

**समय जगत हमीरपुर।** सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के ऐतिहासिक 8 वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में, जनपद में त्रिदिवसीय जनपदीय विकास महोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन भी चौरा देवी ग्राउंड में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। दूसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश सरकार अजीत सिंह पाल रहे।



यह आयोजन प्रदेश सरकार की ÷सेवा, सुरक्षा और सुशासन÷ नीति को समर्पित था, जिसका थीम ÷उत्तर प्रदेश- देश का ग्रोथ इंजन÷ रखा गया। इस गौरवशाली महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल लगाए गए। इन सभी स्टॉलों का मा मंत्री जी व अन्य अतिथियों ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मंत्री, विधायक सदर, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने देवी प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।।

इस दौरान उपस्थित अतिथियों व अन्य लोगों ने महाकुंभ पर आधारित एवं प्रदेश की 8 वर्ष की उपलब्धियो पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन किया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए एवं लखनलाल सांस्कृतिक दल द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियो पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत किया गया।

इस मौके पर मंत्री व अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र / उपकरण वितरण किया गया। जिसके अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग विभाग के अंतर्गत 05 पॉपकॉर्न मशीन का वितरण, एनआरएलएम के अंतर्गत ई रिक्शा के लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को घर की चाभी वितरण, सर्वाधिक जीएसटी जमा करने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। जनपद में निवेश करने वाले निवेशकों का सम्मान किया गया। एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह को पांच करोड़ से अधिक के क्रेडिट कार्ड लिंकेज से संबंधित डेमो चेक का वितरण, निराश्रित महिला पेंशन के तहत स्वीकृति पत्र वितरण, कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत स्वीकृत पत्र ,वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति पत्र, बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को ट्रैकसूट एवं अन्य उपहार, क्रीडा प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम में आकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर विभिन्न योजनाओं के तहत हुए कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी अवश्य लें। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के 08 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब चारों तरफ विकास हो रहा है पूरे प्रदेश में कानून का राज स्थापित है जिसके कारण उत्तर प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं देश के सर्वाधिक निवेशक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं।

# महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का हुआ आयोजन

**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविधालय के प्रांगण में प्रो. दीपाली गुप्ता के निर्देशन में दो दिवसीय 47वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। 47 वें क्रीड़ा का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रकाश द्विवेदी सदर विधायक द्वारा ज्ञानदायिनी मां सरश्वती को मल्यार्णप और दीप-प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू भी उपस्थित रही। प्राचार्य प्रो दीपाली गुप्ता ने समस्त प्रतिभागियों को पूर्ण शालीनता एवं अनुशासन की शपथ दिलायी। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सबीहा रहमानी द्वारा सभी सम्मानित मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में तकनीकी सहयोग के लिए राजकीय महाविधालय, चरखारी, महोबा से डॉ संजीव गुप्ता और गोश्वमी तुलसीदास राजकीय महाविधालय, कर्वि, चित्रकूट से



डॉ राकेश कुमार शर्मा को बुलाया गया। क्रीड़ा की शुरुआत 100,200,400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के साथ किया गया। 100 मीटर दौड़ के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः गुड़िया देवी, कृत्यंजलि साहू, खुशी तिवारी। 400 मीटर दौड़ के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः- कृत्यंजलि साहू, गुडिया देवी, श्रुति गुप्ता। बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता प्रथम, द्वितीय स्थान पर क्रमशः- खुशी द्रिवेदी, प्रतिभा। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता के विजेता प्रथम, द्वितीय स्थान पर क्रमशः गुडिया देवी,श्रुति गुप्ता,सुधा देवी। क्रिकेट बाल थ्रो प्रतियोगिता के विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः गुड़िया देवी, सत्य स्वरूपा, श्रुति सिंह। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता के विजेता प्रथम, द्वितीय स्थान पर क्रमशः गुड़िया देवी, सत्य स्वारूपा, कृत्यंजलि साहू। क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रो जितेंद्र कुमार, डॉ माया वर्मा, डॉ जय प्रकाश सिंह, डॉ जय कुमार चौरसिया, डॉ अंकिता तिवारी, डॉ सपना सिंह, डॉ ज्योति मिश्रा, डॉ आलोक भारद्वाज, डॉ विनय कुमार पटेल, डॉ मोहम्मद् अफज़ल, डॉ वीरेंद्र प्रताप चौरसिया, डॉ नीतू सिंह, डॉ राम नरेश पाल, डॉ सचिन मिश्रा, डॉ आदित्य प्रताप सिंह और पत्रकारों के सहयोग और समर्थन से संपादित किया गया। इस अवसर समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों के प्रयास से तुर्री नाला सेतु के लिए बजट मंजूर

**समय जगत, बांदा।** जसपुरा ब्लाक के सिंधनकला के ग्रामीणों का जल सत्याग्रह आंदोलन सफल रहा। ग्रामीणों के लगातार प्रयास से प्रदेश सरकार ने तुर्री नाला सेतु के लिए 158 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। किसान पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने बताया कि तिंदवारी विधायक/राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने संघर्ष और प्रयास करके क्षेत्रीय पुल के निर्माण के लिए यह बजट स्वीकृत कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार तुर्री नाला पुल के लिए बजट स्वीकृत कर सकती है तो हमारे तिरहार क्षेत्र में यमुना नदी में पुल के लिए भी बजट दिया जा सकता है। किसान अभी खेत, अनाज में लगे हुए हैं इसके बाद तिरहार क्षेत्र यमुना नदी के पुल की मांग करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम पंचायत दुलारा गौशाला में हुआ फर्जी भुगतान, ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**पनवाड़ी/महोबा।** ग्राम पंचायत दुलारा में स्थित गौशाला में फर्जी भुगतान का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गौशाला के लिए किए गए भुगतान में गड़बड़ी की गई है। उनके मुताबिक, जिम्मेदारों ने फर्जी तरीके से भुगतान किए हैं, जबकि गौशाला में कोई वास्तविक गतिविधि नहीं चल रही थी। ग्रामीणों का कहना है कि इस घोटाले में कई उच्च अधिकारियों की संलिप्तता हो सकती है, और उन्होंने उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर पंचायत स्तर पर जांच की प्रक्रिया शुरू हो गई है, और अधिकारियों ने मामले की गंभीरता से जांच करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की। यह मामला अब सुर्खियों में है और आने वाले दिनों में इससे जुड़े नए खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

### यूपी सरकार के सफलतापूर्ण 8 वर्ष होने पर पेंशनरों ने मुख्यमंत्री को भेजा बधाई पत्र

**समय जगत, महोबा।** प्रदेश सरकार ने सेवा सुरक्षा एवं सुशासन की नीति पर चलते 8 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस 8 वर्ष के सफर के लिए वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के माध्यम से प्रदेश के लाखों पेंशनरों ने मुख्यमंत्री को बधाई दी है। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के महामंत्री बी0के0 तिवारी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन से ऑनलाइन वार्ता कर दिशा निर्देश दिए तथा ईमेल के माध्यम से मुख्यमंत्री को बधाई संदेश भेजा। श्री तिवारी ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजना चलाई जा रही हैं। लोकहित एवं कल्याणकारी योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सबसे अधिक सफल एवं लोकप्रिय हो रहा है जिसके अंतर्गत युवाओं को 5 लाख तक ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। श्रमिकों के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला विधवा पेंशन, पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल योजना, समग्र विकास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना, टूलकिट योजना, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि प्रमुख हैं।

इन सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने में जनपद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहने के साथ क्रियान्वयन की भी जिम्मेदारी होती है यदि अधिकारी एवं कर्मचारी वास्तव में मुख्यमंत्री की संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचने में पहल करते तो जनपद की दिशा बदल जाती। श्री तिवारी ने प्रदेश के पेंशनरों से अपील की है कि वह मुख्यमंत्री की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने हेतु आगे आएं तथा अवरोधों को दूर कर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करें।

### धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन



**विजय शर्मा- समय जगत, धौलपुर।** राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन भव्य आयोजन नगर परिषद ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सम्मेलन के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों के लिए 137 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) किया और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पॉलीहाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन सहित 12 योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैल से खेती को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष योजना की घोषणा की गई। साथ ही, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपये की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी करने, पशुधन स्वास्थ्य हेतु मुफ्त औषधियों एवं टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 करने तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिले के किसान दुर्गसिंह की माननीय मुख्यमंत्री से हुई बात किसान सम्मेलन के दौरान माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के प्रगतिशील किसान दुर्गसिंह से संवाद किया। इस दौरान किसान दुर्गसिंह ने बताया कि उन्हें सोलर पंप सेट की स्थापना हेतु राज्य सरकार से 88 हजार 50 रूपये तो वहीं केंद्र सरकार से 58 हजार 700 रूपये तथा अनुसूचित जनजाति के लिए अतिरिक्त सब्सिडी के रूप में 45 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। सोलर पंप सेट की स्थापना से वे अपने खेत पर बिजली हेतु आश्रित नहीं है और न ही बिजली बिल का कोई खर्च है, उन्हें तारबंदी योजना के तहत भी अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने सोलर पंप स्थापना हेतु सरकार की अनुदान योजनाओं के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। जिले के किसानों को योजनाओं का लाभ, आर्थिक संबल की दिशा में अहम कदम इस दौरान धौलपुर के 41 किसानों को मुख्यमंत्री बीज गांव योजना के तहत 2 लाख 28 हजार रुपये, जैविक खेती हेतु 9 किसानों को 2 लाख 71 हजार रूपये, 3 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई के लिए प्रति कृषक 50 हजार रुपये की सहायता दी गई। इन योजनाओं से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल सिंह, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ तनोज चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, भाजपा नेता डॉ शिवचरण कुशवाह सहित अधिकारीगण एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# पीस कमेटी की बैठक में उठा बिजली पानी और सफाई का मुद्दा

**समय जगत मौदहा हमीरपुर।** आगामी त्योहार ईद और रामनवमी के साथ रमजान के आखिरी शुक्रवार को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने की,इस दौरान बिजली, पानी और सफाई का मुद्दा छाया रहा।




मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार ईद और रमजान का आखिरी शुक्रवार के साथ ही महत्वपूर्ण त्योहार रामनवमी को लेकर कस्बे की कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता और क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने की।

शांति समिति की बैठक में रामनवमी पर निकलने वाले बाईक जुलूस और शोभायात्रा और ईद पर साफ सफाई और बिजली पानी के साथ ही आवारा पशुओं का मुद्दा भी उठाया गया।वहीं रामनवमी पर सड़क के किनारे बिकने वाले मांस की दूकानों पर विशेष रूप से साफ सफाई रखने की बात कही।इस दौरान कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, जेई नगरपालिका तोताराम, व्यापार मण्डल से डा.मुबीन खान, शहर इमाम करामत उल्लाह, कारी अताउर्रहमान, कारी सना उल्लाह,हाजी इफ्तिखार उर्फ राजा बाबू, चौधरी नसीम आलम, उत्तम सिंह, आशीष सिंह सहित कस्बे और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें: अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री मीना



**धौलपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फॉर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस् के मामले में उदासीनता न बरतें, यह लागों के जीवन का मामला है। सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें।

# यूपी के श्रममंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी पहुंचे महोबा

## कहा 2027 में रिकॉर्ड जीत दर्ज कर बनाएंगे दोबारा सरकार, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी की चिंता करती है बीजेपी सरकार

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के सफल 8 वर्ष पूरे होने पर महोबा में चल रहे तीन दिवसीय सेवा, सुरक्षा व सुशासन कार्यक्रम में आज सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी महोबा पहुंचे। यहां प्रशासनिक अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने मंत्री का जोरदार स्वागत किया। जहां सरकार के मंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और छात्र छात्राओं को मोबाइल और टैबलेट वितरित किए है। इस दौरान उन्होंने मंच से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही सरकार की योजनाओं का बखान किया और कहां की उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के कारण ही विकास भी डबल हो रहा है। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए 2027 में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा किया है, साथ उन्होंने विपक्ष पर भी हमला बोला।



आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन विभाग के राज्यमंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर आयोजित सेवा, सुरक्षा, सुशासन कार्यक्रम में शामिल होने शहर के कम्युनिटी गार्डन पहुंचे। जहां सरकार की जनहित की योजनाओं के लगे स्टाल प्रदर्शनी आदि को देखा और साथ ही संबंधित अधिकारियों से योजनाओं के फीडबैक भी लिए गए। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय आयोजित इस कार्यक्रम में दूसरे दिन सरकार के मंत्री मनोहर लाल मन्नू कोरी ने सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में मंच से अपने विचार भी साझा किए और कहा कि उत्तर प्रदेश में सीएम योगी के नेतृत्व में तेजी से विकास हो रहा है। वही इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं से गरीबों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार ने इन आठ वर्षो में 6 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया, प्रदेश में 15 करोड़ निर्धनों को निशुल्क अनाज देने का भी काम उत्तर प्रदेश सरकार ने किया है। एक करोड़ 86 लाख परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर भी बांटे गए भाई 2 करोड़ 86 लाख से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि सरकार ने दी है। 9 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख रुपए तक की चिकित्सा सुरक्षा दी गई है। विपक्ष द्वारा सरकार के 8 साल पर सवाल खड़े किए जाने पर उन्होंने कहा कि हमें अपने कर्मों से मतलब है। हम सबका साथ सबका विकास पर काम कर रहे है। सबके सम्मान के साथ विकास करना है इसमें कोई कुछ भी कहता रहे उसका हम बुरा नहीं मानते। उन्होंने कहा कि 2027 में हम विकास के मुद्दे पर दोबारा चुनाव लड़ेंगे और जीत हासिल करेंगे। हमारी सरकार ने गरीब कन्याओं की शादियां कराई वह परिवार जिन्हें अपनी पुत्रियों की शादी करने के लिए अपनी संपत्ति, खेत, खलियान बेचने पड़ते थे अब इस सरकार में उन्हें अपनी बेटियों की शादी की चिंता नहीं है। सरकार खुद शादियां कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष कुछ भी कहता रहे अब आने वाले 2027 में पूर्ण बहुमत के साथ रिकॉर्ड जीत जीतकर दोबारा बीजेपी सरकार बनाएगी।

# प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निकाली गयी जागरुकता रैली

**समय जगत चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश सरकार के *सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष* में होने वाले महत्वपूर्ण कार्यो एवं कल्याणकारी परियोजनाओं के सम्बन्ध में आज दिनांक 26.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की उपस्थिति में मिशन शक्ति,यूपी 112,महिला पीआरवी,अग्निशमन की टीम को हरी झण्डी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया गया। जागरुकता रैली में सर्वप्रथम मिशन शक्ति अभियान के क्रम में कार/स्कूटी पर महिला आरक्षियों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराध के सम्बन्ध में जागरुकता का संदेश दिया गया, द्वितीय और तृतीय स्थान पर डायल 112 की पुलिस टीम रही जिसके माध्यम से आमजनमानस को आपातकालीन समय पर पुलिस मदद हेतु डायल 112 का प्रयोग करने का संदेश दिया, साथ ही साथ रैली के माध्यम से जनता के बीच जाकर पुलिस द्वारा किस प्रकार उनका सहयोग हेतु चलाये जा रहे विभिन्न ऑपरेशन जैसे *ऑपरेशन कन्विक्शन* जिसके माध्यम से पुलिस मुख्यालय से चिन्हित अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में बताया गया, *ऑपरेशन दृष्टि* के माध्यम से जनपद के समस्त थानों के चौराहों,बाजारों एवं मिश्रित आबादी क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरें लगाये गये है,जिससे अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद तथा बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु साइबर पुलिस टीम द्वारा बचाव हेतु निरन्तर कार्यशालायें व जागरुकता अभियान व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नं0 1930 के सम्बन्ध जानकारी दी गयी। रैली के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल,क्षेत्राधिकारी फहद अली,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह,पीआरओ प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।







## सेवा सुरक्षा और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 21 को विधानसभा का घेराव करेंगे शिक्षक : डॉ हरिप्रकाश यादव



**समय जगत, चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ( एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डॉक्टर हरि प्रकाश यादव आज बुद्धवार को मूल्यांकन केंद्र चित्रकूट इंटर कॉलेज में सभी शिक्षक साथियों से मुलाकात की और 21 अप्रैल 2025 को 21000 की संख्या के साथ सेवा सुरक्षा और पुरानी पेंशन के मुद्दे को लेकर विधानसभा का घेराव करने का आह्वान किया। कहा कि सभी दालों से ऊपर उठकर प्रदेश भर के शिक्षक एकजुट होकर भारी संख्या में आगामी 21 अप्रैल को विधानसभा घेराव एवं धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का काम करें। ताकि वह घेराव सफल हो सके और सरकार हमारी मांगों को संज्ञान में लेकर पूरी कर सके। दलों से ऊपर उठकर सभी शिक्षकों को संघर्ष करने के लिए जागरूक किया जा रहा है जब तक हम सब एक बैनरतले संगठित नहीं होंगे तब तक सरकार हमारी उपेक्षा करती रहेगी, उन्होंने कहा कि संघे शक्ति कलयुगे। अटेवा के राजेश कुमार यादव ने कहा कि बुढ़ापे की लाठी है पुरानी पेंशन हम सब एकजुट होकर अपने जीवन निर्वाह के लिए पुरानी पेंशन ले सकते हैं अन्यथा सरकार सेवानिवृत्ति के बाद हमें भीख मांगने लायक बना देगी पुरानी पेंशन हमारा हक है हम लेकर ही दम लेंगे इसके लिए हम आंदोलन अंतिम सांस तक करेंगे। वित्तविहीन शिक्षक संघ की नेता कल्पना राजपूत ने कहा कि मौजूदा प्रदेश सरकार वित्तविहीन शिक्षकों के भविष्य के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बना रही प्रदेश भर के शिक्षक मानसिक रूप से परेशान हैं उनका मानसिक शोषण करके सरकार अपना उल्लू सीधा कर रही है लेकिन शिक्षक भूखा रहकर शिक्षण कार्य करने को मजबूर हैं। जब शिक्षक राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी निष्ठा से काम कर रहे हैं तो सरकार को भी उनकी सेवा सुरक्षा नियमावली बनाकर सम्मानजनक मानदेय देने का काम करना चाहिए। दयाशंकर सिंह ने कहा कि वित्तविहीन शिक्षक सरकार की उपेक्षा से दुखी हैं उनके समक्ष परिवार के भरण पोषण का वित्तीय संकट खड़ा है। इस मौके पर डॉ हरि प्रकाश यादव प्रदेश संरक्षक, प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट चित्रकूट सरोज यादव, शंकर यादव,जिला संगठन मंत्री सेतुबंधु शुक्ला, रामेश्वर प्रजापति धर्मेंद्र शुक्ला फूलचंद चंद्रवंशी अवधेश कुमार सिंह अटेवा के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह रामेश्वर प्रसाद प्रजापति दयाशंकर सिंह कल्पना राजपूत डॉक्टर रमेश सिंह चंदेल ज्ञानेंद्र चौधरी रामेश्वर प्रजापति प्रदीप शुक्ला सुरेश पटेल बृजलाल वर्मा आदि सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

# बिजौली ग्रोथ सेंटर में बनाए थे ठिकाना, पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को दबोचा, एक फरार

## 9 मोटरसाइकिल, एक ट्रैक्टर और एक आटो बरामद , स्वाट टीम और थाना प्रेम नगर पुलिस को मिली सफलता



– शेख आजाद –

**समय जगत , झांसी ।** थाना प्रेम नगर क्षेत्र अन्तर्गत बिजौली के ग्रोथ सेंटर में स्वाट टीम और थाना प्रेम नगर पुलिस के संयुक्त चैकिंग अभियान में संदिग्ध लोगों की पूंछताछ में दो शातिर चोर पुलिस के हत्थे चढ़ गये वहीं एक चोर फरार हो गया पकड़े गए चोरो से आधा दर्जन से ज्यादा मोटरसाइकिल,एक ट्रेक्टर,एक आटो, तमंचा कारतूस बरामद किए गए।

थाना प्रेम नगर क्षेत्र अन्तर्गत बिजौली क्षेत्र में पिछले कई माह से लगातार चोरीयों का सिलसिला जारी है बीते रोज थाना प्रेम नगर पुलिस के साथ साथ स्वाट टीम बिजौली के ग्रोथ सेंटर क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की चौकिंग कर रही थी इसी बीच पुलिस को तीन लोग आते दिखे तो पुलिस ने उन्हें रोक कर पूंछताछ शुरू की तो एक व्यक्ति मौका पाकर भाग निकला पकड़े गए लोगों से जब पुलिस ने शक्ति से पूंछताछ की तो उन्होंने की चोरीयां करने की बात कबूल की जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए लोगों के कब्जे से 9 मोटरसाइकिल 1 ट्रेक्टर 1 आटो और नगदी समेत तमंचा कारतूस बरामद किए

एसपी सिटी ज्ञानेंद्र सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि एस एस पी सुधा सिंह के निर्देशन एवं सिटी एसपी ज्ञानेंद्र सिंह व सदर क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकांत गौतम के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सघन चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बीते रोज थाना प्रेम नगर क्षेत्र अन्तर्गत बिजौली के ग्रोथ सेंटर में स्वाट टीम के साथ थानाध्यक्ष प्रेमनगर सरिता मिश्रा पुलिस बल के साथ चौकिंग कर रही थी उसी दौरान संदिग्ध हालात में घूम रहे तीन लोगों को पुलिस ने रोका तो एक व्यक्ति मौके से फरार हो गया दो लोगों ने अपने नाम राकेश लोधी पुत्र महम्मर लोधी एवं हरिपत पुत्र हुकम सिंह करैरा जिला शिवपुरी बताया दोनो अभियुक्तों के निशान देही पर पुलिस ने एक ट्रेक्टर, एक आटो,नौ मोटरसाइकिल समेत एवं अभियुक्तों के पास से दो देशी तमंचा 315 वोर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

**चोरों को पकड़ने में ये टीम रही शामिल :** बिजौली ग्रोथ सेंटर क्षेत्र में पकड़े गए चोरो को दबोचने एंव माल बरामद करने मे थाना प्रेम नगर एस ओ सरिता मिश्रा,स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह तक्खर, दिलीप पाण्डेय, दिलीप कुमार मिश्रा, वीरेंद्र सिंह,अनुपम यादव, अंकुश चौहान एंव उप निरीक्षक रामप्रकाश एंव सर्विलांस की टीम शामिल रही।

# व्यापारी नेता संदीप दीक्षित बने बंगरा नगर अध्यक्ष



**समय जगत, झांसी।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल झाँसी के द्वार आज मंडल अध्यक्ष श्री अशोक जैन जी,झाँसी जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता जी की संस्तुति एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष श्री जितेंद्र सोनी ( जीतू सोनी ) जी की पूर्ण सहमति पर जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी के द्वारा 'संदीप दीक्षित पुत्र श्री दीनदयाल दीक्षित' को 'बंगरा नगर अध्यक्ष' पद पर मनोनीत किया गया आज एक कार्यक्रम में संगठन के प्रमुख पदाधिकारिगणों एवं सम्मानित व्यापरीयों की उपस्थित में उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया । जीतू सोनी ने अपने उद्बबोधन में कहा कि व्यापारी समाज देश की रीढ की हड्डी है वह सदैव ही किसी भी विषम परस्थितियों में आगे आकर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करता है एवं साथ ही देश की उन्नती में भी अपना पूर्ण सहयोग करता है ।

इस अवसर पर संगठन के जिला महामंत्री उमर सिद्की,धीरेंद्र सोनी,अरविंद सिंह दांगी,प्रदीप सिंह गौर,जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, ताज मुहम्मद खान,मानवेंद्र सिंह चौहान, मयंक चौहान, हर्ष सिंह, मयंक सिंह, राम नरेश गौतम,प्रिंस दीक्षित, अनिल कुमार, रामजी दीक्षित सहित अनेक व्यापारी बंधु उपस्थित रहें ।

# पूर्व शिक्षक विधायक ने राजेन्द्र पटसारिया के आवास पर जाकर किये श्रद्धासुमन अर्पित



**समय जगत, झांसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने जिला मंत्री राजेंद्र पटसारिया के पूज्य पिताजी के निधन के बाद उनके घर आकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए उनके साथ संगठन के पूर्व जिला मंत्री शिशुपाल पाल सिंह यादव प्रधानाचार्य धन प्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य राजीव श्रीवास्तव। जिला मंत्री जितेंद्र सैनी जिला कोषाध्यक्ष अर्चना नामदेव उपस्थित रही ।

# बीकेडी के स्वयंसेवकों ने किया साफ - सफाई का कार्य

**समय जगत, झांसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के चारों इकाइयों के चतुर्थ एकदिवसीय शिविर का प्रारंभ स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, झांसी में साफ -सफाई का कार्य करके हुआ। तत्पश्चात बुंदेलखंड कॉलेज, झांसी में ''सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं महत्व'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र गुप्ता ने सोशल मीडिया को लोगों द्वारा स्वतंत्र रूप से अपने विचारों को व्यक्त करने का प्लेटफार्म बताया जिसका व्यक्तियों के सामाजिक समावेशन में महत्वपूर्ण योगदान है। डॉ. संजीव शेखर सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि सोशल मीडिया व्यक्तिगत संवादों को सरल बनाने के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देने का उपयुक्त माध्यम है। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के मध्य भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने विचारों के माध्यम से सोशल मीडिया की उपयोगिता एवं उसके दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में पंकज बौद्ध ने प्रथम स्थान, पलक यादव ने द्वितीय स्थान एवं साहित्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में अभिनय नायक, बालकृष्ण और रागिनी श्रीवास क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। डॉ0 उमेश चंद्र यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ. चंचल कुमारी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# मेले में आयुर्वेदिक चिकित्सा की दी जानकारी



**समय जगत, बामौर ।** विकासखंड बामौर मुख्यालय पर लगे मेले में आज राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय ग्राम इस्किल के प्रभारी डॉक्टर आशीष कुमार पटेल एवं फार्मासिस्ट संतोष कुमार मिश्रा एवं ककरवई आयुर्वेदिक चिकित्सालय के प्रभारी द्वारा मरीजों की जांच कर उनको निशुल्क आयुर्वेदिक दवा वितरण की तथा तमाम रोगियों को संबंधित व्यायाम बताया उनके साथ दो वार्ड बॉय भी सेवा में उपस्थित रहे लोगों ने शासन की इस योजना से आयुर्वेदिक का इलाज घर बैठे लिया और उसका लाभ उठाया भविष्य में ऐसे आयोजनों से लोगों की मानसिकता आयुर्वेदिक चिकित्सा पुनः वापस आएगी और अंग्रेजी दवाइयां के तमाम दुष्प्रभावों से बच सकेंगे ।

## झांसी मीडिया क्लब का होली मिलन समारोह आज

झांसी। झांसी मीडिया क्बल के अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि मीडिया क्लब का 11 वॉ होली मिलन समारोह होटल बुन्देलखंड प्राइड जीवनशाह तिराहा के पास में 27 मार्च को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जा रहा है।

# एक्शनटेसा ने टेसा सलाम के साथ मनाया कारपेंटर्स मेगा मीट

## मेगा मीट में उमड़ी कारपेंटर्स की भीड़





**समय जगत, झांसी ।** एक्शन-टेसा, जो भारत में एनडीएफ, एचडीएचएमआर, बायलो, पार्टिकल बोर्ड, लैमिनेटेड वुडेन फ्लोरिंग जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादी का सबसे बड़ा निर्माता और लकड़ी पैनल उद्योग में अग्रणी है । ने देशव्यापी उत्सवों की एक श्रृंखला के साथ गर्व से मेगा कारपेटर्स मीटिंग का आयोजन झांसी के प्रसिद्ध होटल एमबीयेंस जीवनशाह तिराहा झांसी में किया।

मीटिंग में श्री अमिताभ घोशाल-सीनियर रीजनल मैनेजर, मनोज उपाध्याय डीजीएम, ईस्टयूपी मार्केटिंग टीम एवम डिस्ट्रीब्यूटर हर्ष मंगवानी, लोकेश तोलानी जयअम्बे प्लाईवुड झोकन बाग झांसी ने अपने सभी कारपेंटर्स भाईयों का स्वागत किया। श्री अमिताभ घोशाल ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि यह आयोजन उन कारपेंटर्स के अमूल्य योगदान को मान्यता देने के लिए समर्पित है, जिनकी कारीगरी देश भर के अनगिनत घरों और व्यवसायों में सुंदरता और कार्यक्षमता लाती है।

इस कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से, एक्शन-टेसा ने कारपेंटर्स की कारीगरी को मान्यता देने के साथ - साथ उन्हें उभरती तकनीकों और नवाचारी डिजाइन तकनीकों के बारे में जानने का एक मंच प्रदान किया। यह पहल एक्शन टेसा के ब्रांड दर्शन कोई नहीं ऐसा के अनुरूप है, जो अतुलनीय गुणवत्ता और उत्कृष्टता पर जोर देता है। पिछले एक दशक से, कंपनी इन मीटिंग के माध्यम से कारपेंटर्स को मूल्यवान जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिससे बॉड और लकड़ी के कामकाज उद्योग के साथ उनका संबंध और भी मजबूत हो रहा है।

एक्शन टेसा के प्रबंध निदेशक, अजय अग्रवाल ने इस अवसर पर वीडियो मैसेज के द्वारा संबोधित किया कि कारपेंटर्स इंजीनियर्ड लकड़ी उद्द्योग की रीढ़ हैं, और उनकी कुशलता और रचनात्मकता के प्रति आभार प्रकट किया।

टेसा-सलाम का अर्थ सम्मान की अभिव्यक्ति है, टेसा सलाम पहल का उद्देश्य कारपेंटर्स की स्थिति को ऊंचा उठाना और उनके कठिन परिश्रम और कारीगरी को पहचान दिलाना है, जिससे उद्योग में उनकी भूमिका और अधिक स्पष्ट और मूल्यवान हो सके। इस मौके पर अनुज श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशअध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी ने किया मूल्यांकन केन्द्रों का भ्रमण



**समय जगत, झांसी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं निवर्तमान विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी ने झांसी जनपद के मूल्यांकन केंद्रों का भ्रमण किया एवं अपने शिक्षकों एवं शिक्षिका बहनों का हाल-चाल जाना अपने नेता को देखकर शिक्षक शिक्षिकाएं मूल्यांकन छोड़कर उनसे मिलने को आतुर दिखें शिक्षकों ने अपने नेता के समक्ष समस्याओं को रखा जिसको लेकर मा सुरेश कुमार त्रिपाठी जिला विद्यालय निरीक्षक से मिले एवं उनकी समस्याएं निस्तारित करने के लिए कहा जिला विद्या निरीक्षक ने समस्याओं को निस्तारित करने का आश्वासन दिया भ्रमण के दौरान मंडली मंत्री मिलन गुप्ता राजेंद्र पटसारिया शीशुपाल सिंह यादव प्रवीण चंद तिवारी जिला अध्यक्ष जगमोहन भोडेले जिला मंत्री जितेंद्र सैनी जिला कोषाध्यक्ष अर्चना नामदेव प्रधानाचार्य धन प्रकाश तिवारी गोपाल यादव शिवदत्त मिश्र जगत मिश्रा राम सेवक गौतम राजेश चंद्र दिनकर सक्सेना राजीव श्रीवास्तव पुष्पेंद्र यादव राजीव शुक्ला रुबीना खान सीमा चौहान सृष्टि रत्नाकर मिथिलेश सोनी लक्ष्मीकांत आर्य राममिलन त्रिपाठी विनय सिंह अरुण छारोलिया कुलदीप वर्मा रामकुमार वर्मा विनोद अहिरवार शिवराम वर्मा राजीव पाठक सहित सैकड़ो अध्यापक अपने नेता के साथ भ्रमण के दौरान उपस्थित रहे ।

# जल सहेलियों को मिला श्री अन्न उत्पादों पर प्रशिक्षण

## बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और परमार्थ समाज सेवी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन





**समय जगत, झांसी ।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय और परमार्थ समाज सेवी संस्था ने संयुक्त रूप से खाद्य और तकनीकी विभाग के माध्यम से जल सहेलियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम माननीय प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय, कुलपति बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में हुआ, जिसका उद्देश्य ष्श्री अन्न उत्पादोंष् के महत्व और उनके उत्पादन, प्रसंस्करण और मार्केटिंग पर जल सहेलियों को जागरूक करना था।

कार्यक्रम में प्रोफेसर मुकेश पाण्डेय ने जल सहेलियों को संबोधित करते हुए कहा, ष्श्री अन्न उत्पादों का हमारे देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण स्थान है। जल सहेलियों को इस क्षेत्र में काम करने के लिए प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है।इस प्रशिक्षण में जल सहेलियों को श्री अन्न से कुकीज और रागी लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. नूपुर गौतम ने कुकीज बनाने का प्रशिक्षण दिया, जबकि डॉ. प्रतिभा आर्या और शोधार्थी पूजा ने रागी लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया।परमार्थ समाज सेवी संस्था के प्रतिनिधि शंकर सिंह ने कहा, ष्हम जल सहेलियों को श्री अन्न उत्पादों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इस प्रशिक्षण से जल सहेलियां अपने क्षेत्र में श्री अन्न उत्पादों को बढ़ावा देंगी।

इस अवसर पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अन्य सदस्य जैसे डॉ. सुनील काव्या, डॉ. सीबी सिंह, डॉ. कटियार, डॉ. ज्योति मिश्रा, डॉ. ममता सिंह और परमार्थ संस्था से सीनियर मैनेजर संध्या शर्मा, संगीता, पंकज, अर्पित, सुजाता, प्रभात आदि उपस्थित रहे।

# अशोक राजपूत ने बताई भाजपा सरकार की 8 साल की उपलब्धियां



**समय जगत, मोंठ।** कन्या सुमंगल योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को साकार कर रही है यह बात अशोक सिंह राजपूत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा कानपुर बुंदेलखंड ने प्रदेश सरकार की आठ साल की उपलब्धियो के उत्सव अभियान के समारोह मे मोठ ब्लाक मे मुख्य अतिथि के रूप मे कहे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने स्पष्ट करते हुए कहा कि कन्या सुमंगल योजना से परिवार नियोजन को बढावा,कन्या भ्रूण हत्या से निजात तथा ड्राप आउट रेट घटेगा

समारोह मे मौजूद देवेंद्र सिंह कंसाना अध्यक्ष नगर पालिका समथर ने योगी शासन की आठ साल की उपलब्धिया बताते हुए कहा कि जनधन खाते के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की 132 योजनाओ का लाभ लाभार्थियो को मिल रहा है

मोठ विकास खंड मे तीन दिवसीय उत्सव अभियान के द्वितीय दिवस मे आज दिनेश सिंह राजपूत सी डी पी डी ओ,राजकुमार शास्त्री ए डी ओ एग्रीकल्चर,मनोज राजपूत पंचायत विकास सहित एक दर्जन विभागीय अधिकारियो ने योजनाये वतायी इस मोके पर किसान नेता सुरजीत राजपूत,प्रहलाद दागी,राजेश राजपूत पवन बुलकिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे समारोह मे गर्भवती महिलाओ की गोद भराई,बच्चो का अन्नप्रासन तथा परिवार कार्डो का वितरण किया गया उत्सव अभियान की अध्यक्षता करते हुए खंड विकास अधिकारी मोठ राकेश त्रिपाठी ने सभी का आभार प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना की विस्तृत जानकरी दी ।

# प्राचार्या डॉ. अलका नायक की अध्यक्षता में हुआ सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन



**समय जगत, झांसी ।** आज आर्यकन्या महाविद्यालय झांसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्राचार्या डॉक्टर अलका नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी डॉक्टर कपिल शर्मा जी रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके हुआ जिसके उपरांत मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ देखकर किया गया इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम द्वितीय व तृतीय इकाई की समस्त छात्राओं द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि अवस्थी द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई है इस अवसर पर कुछ छात्राओं ने नृत्य ,सोशल मीडिया पर आधारित लघु नाटिका ,बुंदेली लोकगीत आदि प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर कपिल शर्मा ने सभी स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि आगामी वर्षो में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में प्रतिभागिता करने वाली छात्रों को अतिरिक्त क्रेडिट प्राप्त होंगे और एन एस एस से कई फायदे होंगे प्राचार्य डॉक्टर अलका नायक द्वारा सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गई है इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त परिवार उपस्थित रहा कार्यक्रम का संयुक्त संचालन डॉक्टर निधि अवस्थी और डॉक्टर सपना अरोड़ा द्वारा तथा आभार डॉक्टर मोनिका त्रिपाठी ने व्यक्त किया।

# लाइन्स क्लब झाँसी किंग्स-झाँसी ने किया विशिष्ट समाजसेवा के लिए 51 मातृशक्ति का वीरांगना रत्न से सम्मान



**समय जगत, झाँसी ।** विगत दिवस सुंदरकांड महिला धर्म समिति अयोध्यापुरी कॉलोनी झांसी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुंदरकांड पाठ,भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें अयोध्यापुरी की जो मातृशक्ति समाजसेवा,धार्मिक सेवा कर रही है उनको सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह पं.मैथिलीशरण मुदगिल वरिष्ठ समाजसेवी के मुख्य आतिथ्य में एवं धर्मगुरु आचार्य पं.हरिओम थापक की अध्यक्षता में सम्पन हुआ साथ ही विशिष्ट अतिथि में श्रीमती सुनीता शर्मा एवं डॉ. प्रदीप पांडेय रहे।

कार्यक्रम में मातृशक्ति को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य रूप से जिन्हें सम्मानित किया वह है जिसमे श्रीमती शांति थापक,सुनीता शर्मा,निशा चतुर्वेदी,शिल्पी अग्रवाल,रजनी तिवारी,संगीता गुप्ता,सीमा गुप्ता,राखी श्रीवास्तव,सीमा श्रीवास्तव,स्नेह राजावत,सीमा मलिक,ज्योति मलिक,स्याली भार्गव,सुमन पाठक,प्रीति राय सहित अन्य मातृशक्ति भी उपस्थित रही व कार्यक्रम का संचालन पं.सियारामशरण चतुर्वेदी प्रधानाचार्य-एम.एस.राजपूत इंटर कॉलेज प्रेमनगर झाँसी ने किया। अंत मे आभार आनंद कुमार सक्सेना चार्टर अध्यक्ष ने किया ।

## आम सूचना

मैं अनिता देवी माता टिंकू सिंह निवासी ग्राम - रोनिजा, पोस्ट- रोनिजा, तहसील- जेवर, जिला - गौतम बुद्ध नगर , पिन- 203209, राज्य - उ.प्र. । मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम अनिता देवी दर्ज है। सही नाम अनिता है। समान दर्ज हो।

# साबरमती की तर्ज पर संवरेगी यमुना

## 1500 करोड़ से नदी का होगा विकास, रेखा सरकार ने सफाई के लिए बनाया प्लान



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में भाजपा सरकार ने 26 साल के बाद बजट पेश किया है। मुख्यमंत्री ने यमुना की सफाई और पुनरुद्धार, उसमें नालों के गंदे पानी को गिरने से रोकने और नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने समेत एक व्यापक योजना पेश की है। दिल्ली में यमुना का विकास अहमदाबाद में साबरमती रिवर-फ्रंट की तर्ज पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें यमुना की सफाई, महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा विकास सहित 10 क्षेत्रों पर जोर देते हुए राष्ट्रीय राजधानी को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने का खाका पेश किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्रीय राजधानी के इतिहास का यह सबसे बड़ा बजट है। पिछले वित्त वर्ष के बजट से 31.5 प्रतिशत ज्यादा है। बजट में छात्रों को लैपटॉप और अटल कैंटीन से गरीबों को 5 रुपये में खाना देने का भी प्रावधान किया है। चुनाव में सबसे बड़ा मुद्दा यमुना की सफाई का था। सरकार साबरमती की तर्ज पर यमुना को संवारेगी। वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाल रहीं सीएम ने 138 मिनट के बजट भाषण में कहा कि भ्रष्टाचार व अक्षमता का दौर अब समाप्त हो गया है। भाजपा सरकार ने दिल्ली में 26 वर्ष के बाद बजट पेश किया है। बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए सरकार ने 2025-26 के बजट में पूंजीगत व्यय को दोगुना करके 28,000 करोड़ रुपये कर दिया है। बजट परिव्यय पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 31.5 फीसदी अधिक है। दिल्ली में यमुना का विकास अहमदाबाद में साबरमती रिवर-फ्रंट की तर्ज पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यमुना की सफाई और पुनरुद्धार, उसमें नालों के गंदे पानी को गिरने से रोकने और नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने समेत एक व्यापक योजना पेश की है और इसके लिए 1,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। जल और सीवेज के बुनियादी ढांचे को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लाने के लिए केंद्र से 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद की मांग की है। इस योजना में 500 करोड़ रुपये की लागत से 40 विकेंद्रीकृत सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) बनेंगे। ये संयंत्र प्रमुख नालों में जाने से पहले ही स्रोत पर गंदे पानी का उपचार करेंगे, जिससे नदी में प्रदूषण का स्तर कम होगा। रेखा ने कहा, यमुना सिर्फ नदी नहीं है, यह हमारी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक विरासत है। सरकार ने मौजूदा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की मरम्मत व विकास के लिए 500 करोड़ रुपये, पुरानी सीवर लाइनों को बदलने के लिए 250 करोड़ रुपये और जल उपचार संयंत्रों में सुधार के लिए 250 करोड़ रुपये तय किए हैं।

# अस्पताल में आशा वर्करों ने किया प्रदर्शन

## 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के बीके अस्पताल में लगभग सौ आशा वर्करों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। आशा वर्करों ने अपनी मांगों के लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान ने आशा वर्करों को समर्थन दिया। बीके अस्पताल में लगभग सौ आशा वर्करों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमसे कई वादे किए थे, जिन्हें अभी तक पूरा नहीं किया गया है। इसको लेकर आशा वर्करों ने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सीएमओ डॉक्टर जयंत आहूजा को ज्ञापन सौंपा। आशा वर्करों ने अपनी मांगों के लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सर्वकर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान ने आशा वर्करों को समर्थन दिया। उन्होंने सरकार से अपील की है कि वह राज्य और राष्ट्रीय स्तर की मांगों को जल्द पूरा करें। आशा वर्कर की प्रधान हेमलता ने कहा कि हमारी मांगे काफी समय से बकाया हैं, जिनको सरकार की ओर से पूरा नहीं किया गया है। हमारी मांगों में वेतन बढ़ोतरी और 73 दिन के रुपये बकाया हैं, जो आशा वर्करों को अभी तक नहीं मिले हैं। हमने अपनी मांगों को लेकर 73 दिन तक हड़ताल की थी। इसके बाद हमारी मान बढ़ोतरी भी हुई थी। 73 दिन के रुपये काटे गए थे, लेकिन सरकार की ओर से उन्हें देने का वादा किया गया था, जोकि पूरा नहीं किया गया। जब भी हमारी मीटिंग होती है तो केवल हमें आश्वासन दिया जाता है। प्रधान हेमलता ने कहा कि हम सरकार से मांग कर रहे हैं कि हमें स्थायी कर्मचारी घोषित किया जाए। जब तक स्थायी कर्मचारी घोषित नहीं करते हैं, तब तक हमें न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये दिए जाएं। इसके अलावा आशा वर्कर को स्वास्थ्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। आशा वर्करों को स्वास्थ्य सुरक्षा का भी लाभ दिया जाए। इसके साथ ही उनको पीएफ और ईएसआईसी की सुविधा भी मिलनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की है कि इस पर ठोस कार्रवाई की जाए न कि हमें आश्वासन दिया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा ने आशा वर्करों को कहा कि उनका ज्ञापन प्रधानमंत्री तक पहुंचा दिया जाएगा और जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-समाचार

### बैंक मैनेजर बनकर फ्लैट मालिक के साथ 4.45 लाख रुपये की ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर अपराध थाना मानेसर क्षेत्र में जालसाज ने एसबीआई का चीफ मैनेजर बताकर एक फ्लैट मालिक से 4.45 लाख रुपये की ठगी कर ली। खाते में रुपये नहीं आने की बात कहकर आरोपी फ्लैट मालिक से बार-बार रुपयों की ट्रांजेक्शन कराता रहा। पीड़ित फ्लैट मालिक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जालसाज के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-89 की टयूलिप सोसाइटी निवासी विकास कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पिरामिड सोसाइटी में एक फ्लैट है। फ्लैट को किराये पर देने के लिए उसने ओएलएक्स पर विज्ञापन दिया था। विकास कुमार नाम के एक व्यक्ति ने फ्लैट मालिक को कॉल करके बताया कि वह एसबीआई का चीफ मैनेजर है और बिहार का रहने वाला है। उसका ट्रांसफर गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर स्थित शाखा में हुआ है। उसको फ्लैट की आवश्यकता है। कॉल करने वाले ने अपना आधार कार्ड व बैंक का आईकार्ड फ्लैट मालिक विकास कुमार को व्हाट्सएप किया। इसके बाद उनके बीच 19 हजार रुपये मासिक किराया तय हो गया। वहीं, आरोपी ने फ्लैट मालिक को बताया कि उसको बैंक कि तरफ से छह माह का किराया एक साथ मिलता है। वह खाते में छह माह का किराया इकट्ठा डाल देगा। इसके बाद कॉल करने वाले ने फ्लैट मालिक के बैंक खाते में एक रुपये डाला, जोकि उनके खाते में आ गया। इसके बाद फ्लैट मालिक के पास आरोपी की कॉल आई, उसने कहा कि छह माह का 95 हजार रुपये किराया उसके खाते में डाल दिया है। इसमें एक माह का किराया व एक माह की सिक्योरिटी के तौर पर रखकर बाकी राशि वापस खाते में भेज दें। फ्लैट मालिक ने विश्वास करके 23 जनवरी को 38 हजार रुपये भेज दिए। उसने बाद भी आरोपी झूठ बोलकर रुपये मंगवाता रहा। कई बार रुपये भिजवाने के बाद यह भी कहा गया कि रुपये नहीं मिले, तो फ्लैट मालिक ने 19 हजार रुपये भेज दिए। इसके बाद 24 जनवरी को फ्लैट मालिक ने आरोपी विकास कुमार को 19000 रुपये, 57000 रुपये से दो ट्रांजेक्शन किए। वहीं, 25 जनवरी को आरोपी ने फ्लैट मालिक को 10 रुपये डालने को बोला, तो उन्होंने 10 रुपये भेज दिए। इसके बाद 27 जनवरी को 50,000 रुपये, 20,000 रुपये, 15,000 रुपये, 80,000 रुपये, 30,000 रुपये, 60,000 रुपये ट्रांसफर किए। ऐसे में आरोपी विकास कुमार ने फ्लैट मालिक विकास कुमार के साथ धोखाधड़ी करके 4.45 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर कराकर ठगी की है। जांच अधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि शिकायतकर्ता और आरोपी दोनों के नाम विकास कुमार हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करके आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से नाले में गिरी कार, चार हुए घायल

**मुरादनगर।** दिल्ली-मेरठ मार्ग पर मिल्क दुहाई गांव के पास ट्रक की टक्कर से अनियंत्रित होकर कार नाले में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। दिल्ली के थाना ज्योतिनगर अमर कॉलोनी निवासी संजीव कुमार परिवार के साथ दिल्ली-मेरठ मार्ग स होकर जा रहे थे। वह मिल्क दुहाई गांव के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। हादसे में कार सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### आगामी गणगौर पर्व व राम नवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**समय जगत, बिस्टान।** आगामी गणगौर पर्व राम नवमी पर्व पर शांति समिति की बैठक माननीय तहसीलदार रामकृष्ण अहिरवार, नगर परिषद सी एम ओ सन्तोष परासर थाना प्रभारी ईलाफ़ सिंह मुजाल्दे ओर बिजली विभाग से अनिल महाजन की सयुक्त उपस्थिति में शांति समिति की बैठक रखी गई बैठक में उपस्थित जनों से पर्व को कैसे मनाए ओर पर्व में व्यवस्थाओं को लेकर विचार विमर्श कर सुझाव मांगे गए।

## बेस्ट ब्रिगेड एजुकेशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने दी नाटक की प्रस्तुति



**समय जगत, भोपाल।** बेस्ट ब्रिगेड एजुकेशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्री मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित नाटक कफन की प्रस्तुति दी गई। नाटक की कहानी कफन एक ऐसी कहानी है, जो समाज के बड़े सवालों को सामने रखती है, ऐसे मानचित्र करने का मतलब केवल एक नाटक प्रस्तुत करना नहीं है एक विचारधारा को जगाना, यह नाटक दर्शकों को यह महसूस कराएगा की गरीबी सिर्फ पेट की लड़ाई नहीं होती। यह एक व्यंग्यात्मक चेतावनी भी हैअगर आप समाज में गरीबों की सही मदद नहीं करोगे तो नैतिकता धीरे-धीरे मारती जाएगी कफन सिर्फ एक कहानी नहीं बल्कि हमारे समाज का वह सच है, जिससे हम अक्सर मुंह मोड़ लिया करते हैं। मुख्य कलाकारों के रूप मोहम्मद शहाब मोहम्मद जुनैद खान उर्फ जुनैद हिंदुस्तानी दानिश अली, विशाल सिंह मधोक, सोनिया खूबचंदानी दिव्या कुशवाहा, कामिल कलाम, सहयोग तोमर, सीमा जैन, नरेंद्र साहू, फरहान बैग आदि शामिल रहे।

# दिल्ली में अब महिलाओं के खाते में आएंगे रुपये

## वृद्धा पेंशन बढ़ाने की भी हुई घोषणा



**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की सबसे चर्चित योजना महिला समृद्धि योजना को बजट में जगह मिली है। इसके लिए दिल्ली सरकार ने 5,100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इसके तहत पात्र महिलाओं को 2,500 रुपये की मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार का यह कदम महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए लिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने बजट में महिलाओं को कई सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए 210 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ऐसे में इस योजना के तहत कुल लाभ राशि बढ़कर 21,000 रुपये हो जाएगी। साथ ही, गर्भवती व स्तनपान कराने वाली महिलाओं को 6 पोषण किट मिलेंगी। पालना-राष्ट्रीय क्रेच योजना के लिए सरकार ने 50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा है। इसके अंतर्गत 500 पालना-आंगनबाड़ी-सह-क्रेच केंद्रों को शुरू किया जाएगा, ताकि महिलाएं अपने बच्चों के जन्म के बाद भी कार्य करती रहें। इसके अलावा दिल्ली में चल रहे 14 कामकाजी महिला छात्रावासों के अतिरिक्त दो नए सखी निवास शुरू किए जाएंगे। यही नहीं, सामाजिक सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देने के लिए 10,047 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिसमें से 9,780 करोड़ रुपये सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। बजट में वरिष्ठ नागरिकों का भी खास ख्याल रखा गया है। 60-69 साल के वरिष्ठ नागरिकों के लिए मासिक सहायता बढ़ाकर 2,500 रुपये की गई है। 70 वर्ष से अधिक आयु वालों को 3,000 रुपये की मासिक सहायता सरकार देगी। साथ ही, 60-69 साल के बीच अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अल्पसंख्यक समुदायों के वरिष्ठ नागरिकों को 500 रुपये की अतिरिक्त मासिक सहायता मिलेगी। वहीं, बेसहारा महिलाओं और दिव्यांगजनों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 2,500 से बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रति माह कर दी गई है। इसके अलावा, वरिष्ठ नागरिकों को विश्राम और सामाजिक गतिविधियों के लिए विशेष सुविधाएं प्रदान करने के लिए 'वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन केंद्रों की जीआईए' योजना को हरी झंडी दी गई है। इसके तहत 20 करोड़ रुपये रखे गए हैं। आईटीआई, कौशल केंद्रों और पॉलिटेक्निक में तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को 1,000 रुपये का मासिक वजीफा मिलेगा। इससे वे सशक्त बनेंगे। ऐसे में दिल्ली सरकार डॉ. बीआर आंबेडकर वजीफा योजना लाई है। इसके तहत 5 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। माइनॉरिटी एंड हैंडीकैप फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसएफडीसी) में सुधार के लिए 'डीएसएफडीसी के पुनरुद्धार के लिए जीआईए' योजना के तहत 2 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा प्रत्येक गांव और किसान को सशक्त बनाने के लिए विकास विभाग को 1,157 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। सरकार ने 'पीएम किसान सम्मान निधि-राज्य टॉप-अप योजना' के तहत 4.85 करोड़ रुपये का बजट पेश किया है। इसके अंतर्गत किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना के तहत 6,000 रुपये वार्षिक सहायता के अतिरिक्त 3,000 रुपये तीन किस्तों में दिए जाएंगे। वहीं, घुमनहेड़ा गांव में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मॉडल गौशाला स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा, बेघर लोगों के पुनर्वास के लिए 5 करोड़ रुपये का बजट पेश होगा। दिल्ली के ग्रामीण एवं शहरी गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइटों, सामुदायिक भवनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## परिषदीय स्कूलों के 10 से अधिक छात्रों का नवोदय में हुआ चयन





**ग्रेटर नोएडा।** जनपद के चारों ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले 10 से अधिक छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। प्राथमिक स्कूल रोजा जलालपुर, शाहबेरी, कचेडा, चिटहेरा, लतीफपुर सहित कई स्कूलों के छात्रों का चयन हुआ है। छात्रों को स्कूल में शिक्षकों की ओर से विशेष तैयारियां कराई गई थीं। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आदेशित किया गया था कि हर स्कूल में छात्रों को नवोदय की तैयारी के लिए एक घंटे कराई जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार ने बताया कि कई स्कूलों का परिणाम अभी पता नहीं चला है। जानकारी के अनुसार 10 से अधिक छात्रों का चयन हो गया है। उन्होंने बताया कि परिषदीय स्कूलों में सुविधाएं बेहतर होने से परिणाम भी बढ़ रहा है। हाल ही में जारी राष्ट्रीय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में 96 छात्रों का चयन हुआ था। इसके साथ ही कई छात्रों का चयन प्रोजेक्ट बनाने के लिए हुआ है। इसमें भारत सरकार की ओर से उन्हें 10-10 हजार रुपये दिए गए हैं।

## कलेक्टर श्री सोमवंशी के निर्देशन में संपन्न हुईं परीक्षाएं



**धर्मेन्द्र सिंह बघेल- समय जगत, सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से प्रारंभ हुई और 25 मार्च को कक्षा 12 वी के गणित विषय के साथ समाप्त हुई। कक्षा 12वीं के गणित विषय में दर्ज 982 परीक्षार्थियों में से 977 विद्यार्थी उपस्थित रहे 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा परीक्षा की सुचिता बनाये रखने के लिए 16 पैनल दल गठित किया गया था। 20 संवेदनशील केंद्र में जिला अधिकारियों की ड्यूटी अलग से लगाई गई थी। पैनल दल द्वारा समस्त 66 परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया गया। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण करते रहे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री पवन सिंह ने बताया कि कलेक्टर महोदय के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन में बोर्ड परीक्षा सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी 66 केंद्रों में सुरक्षा प्रदान की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और सीईओ जिला पंचायत के प्रति आभार व्यक्त किया है। परीक्षा कार्य से जुड़े समस्त केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष, कलेक्टर प्रतिनिधि, शिक्षकों को भी बोर्ड के निर्देशानुसार परीक्षा संचालित कराए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। कंट्रोल रूम प्रभारी रामकृष्ण तिवारी, एमआईएस प्रशासक विजय सिंह परीक्षा प्रभारी लाल बहादुर सिंह, परीक्षा कंट्रोल रूम में जुड़े समस्त शिक्षकों के सहयोग के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने बहुत-बहुत आभार एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। बोर्ड परीक्षा से जुड़े प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष समस्त कर्मचारियों, अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रापर्टी के विवाद में हुई फायरिंग में 50 के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा




**गाजियाबाद।** मधुबन बापूधाम क्षेत्र के दुहाई में 22 मार्च की रात दो पक्षों में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस की ओर से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में उपनिरीक्षक वीर सिंह ने दोनों पक्ष के 24 नामजद समेत 50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत में उपनिरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि 22 मार्च को उन्हें सूचना मिली ग्राम दुहाई में दो पक्ष अंकित त्यागी व सोहित त्यागी के बीच अन्धाधुन्ध फायरिंग हो रही है।

क्षेत्र में अफरा तफरी और भय का माहौल है। मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची जहां एक पक्ष के मोहित त्यागी, सोहित त्यागी, चिन्टू त्यागी, सैकी त्यागी, अंकित मेहरा, टीटू, अखिल, शुभम, रोहित पंडित व रामजी शुक्ला व अन्य लोग थे और दूसरे पक्ष के अंकित त्यागी, नीरज त्यागी, पिन्टू त्यागी, आशीष त्यागी, सन्नी त्यागी, रितिक, मोनू होण्डा, करणपाल, अजय त्यागी, हिमांशू त्यागी, मनोज, उमेश, अतुल, बबलू व अन्य लोगों के बीच एक-दूसरे को जान से मारने के लिए अन्धाधुन्ध फायरिंग की गई। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी भाग गए। आसपास के लोगों ने डर से घरों को बंद कर लिया। पास में ही करीब 100 मीटर पर जागरण का प्रोग्राम था। उसे भी लोगों ने डर के कारण से बन्द कर दिया। जानकारी करने पर पता चला कि अंकित त्यागी व सोहित त्यागी दोनों पक्ष प्रोपर्टी का काम करते हैं। वर्ष 2023 में दोनों पक्षों में फायरिंग की घटना हुई थी, जिसमें मुकदमा मोहित त्यागी ने अंकित त्यागी के पक्ष के सन्नी त्यागी उर्फ राहुल आदि के खिलाफ दर्ज कराया था। ऐसे में दोनो पक्षो में रंजिश है। 22 मार्च की शाम को अंकित त्यागी के पक्ष के सनी त्यागी ने सोहित त्यागी पक्ष के रामजी को मन्दिर पर बुलाया था। रामजी के आने पर सनी त्यागी व ऋतिक त्यागी और अन्य साथियों ने रामजी को बात करने के लिए कार में बैठा लिया और एचआरआईटी कॉलेज के पास सोसायटी में अंकित त्यागी के ऑफिस पर ले गए। वहां उन्हें धमकाया कि बीच में मत आ नहीं तो मारा जाएगा। सोहित त्यागी के साथ कार्य करना बंद कर दे। इसके बाद रामजी को दुहाई में छोड़ दिया। रामजी ने वापस आकर ये बात सोहित त्यागी को बताई तो सोहित त्यागी ने अपने साथियों को लेकर अंकित त्यागी के घेर पर गाली गलौच करते हुए धमकी दी। अंकित त्यागी इसकी जानकारी मिली तो वो अपने साथ चार पांच बाउंसर व अन्य लोगों को लेकर आ गया और दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। दोनों तरफ से एक दूसरे को जान से मारने के लिए अन्धाधुन्ध फायरिंग की गई। मामले में बाद में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दे दी लेकिन जांच के आधार पर पुलिस ने अपनी ओर से दोनों पक्षों पर बीएनएस के अंतर्गत समूह बना दंगा करने की धारा 191(2), भूमि के विवाद में दंगा करने की धारा 191(3), समूह के सभी सदस्य जिम्मेदार की धारा 190, हत्या के प्रयास की धारा 109, शांति भंग करने की धारा 352, धमकी देने की धारा 351(2) में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## जय बाबा वेयर हाउस में गेहूं खरीदी केंद्र हुआ प्रारंभ



**समय जगत, तलेन।** तलेन नगर मे तलेन सोसायटी अधिकृत गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारम्भ पूजन अर्चन करते हुए विधि विधान से शुरू किया गया, जय बाबा वेयर हाउस तलेन पर किसानो के लिए उत्तम छायादार बैठने की व्यवस्था शुद्ध पेयजल की व्यवस्था का विशेष प्रबंध किया गया है, आज भाजपा मंडल अध्यक्ष तलेन विजय सिंह रुहेला और नगर परिषद अध्यक्ष तलेन नारायण सिंह यादव की मौजूदगी मे किसानो का सम्मान करते हुए पुष्प माला साफा पहनाकर उनका स्वागत किया गया, कार्यक्रम के सुरुवात मे सरस्वती पूजन, तोल कांटे की पूजन की गयी, इस मोके पर भाजपा मंडल तलेन अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव सहित सामाजिक जन वरिष्ठ जन, नागरिकगण, भाजपा कार्यकर्तागण, किसान बन्धुगण अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।